वर्ष-31, अंक- 350, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
09 अक्तूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### चंदवा पुलिस ने ट्रक से 300 किलो डोडा किया जब्त

**चंदवा।** वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित देवनद पुल के समीप खड़ी ट्रक पीबी 10 एचएस 9083 से 15 बोरा अवैध डोडा बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर चंदवा के देवनद के समीप खड़ी ट्रक की जांच कि तो पता चला कि उसमे पाइप लोड है। पाइप के बीच छिपा कर 15 बोरा अवैध डोडा रखा हुआ है। उक्त स्थान से चालक व उपचालक फरार थे। उन्होंने बताया कि जब्त डोडा का वजन करीब 300 किलोग्राम है जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। इस संदर्भ में चंदवा थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### गुवा पोस्ट ऑफिस के पूर्व उप डाकपाल गिरफ्तार

**रांची/चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा पोस्टऑफिस से करीब 50 लाख रुपए की फर्जी निकासी के मामले में पूर्व उप डाकपाल विकास चंद्र कुलिला को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने डाकघर की बचत योजनाओं में जमा खाताधारकों के अकाउंट से गलत तरीके से रकम निकाली और पूरी राशि ऑनलाइन और स्थानीय जुए में गंवा दी। पुलिस के अनुसार, यह मामला 1 फरवरी 2023 से 19 जून 2025 के बीच का है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**मुख्यमंत्री ने पलामू में शहीद आरक्षी सुनील और संतन के परिजनों से की मुलाकात**

# शहीदों के आश्रितों के दुख-दर्द में सदैव साथ खड़े रहेंगे : सीएम

**दोनों के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में 1.10-1.10 करोड़ रुपए दिए गए**





**बोले सीएम सोरेन**

- शहीद के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन नि:शुल्क प्रदान करेगी राज्य सरकार
- शहीद पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए रांची में जल्द बनेगा आवासीय विद्यालय
- शहीद जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता, ऋणी रहेगा झारखंड
- पुलिस विभाग के जवानों एवं कर्मियों के लिए अस्पताल बनाने पर भी हो रहा विचार

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पलामू जिला बल के शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। शहीद हुए दोनों आरक्षी जवानों के परिजनों के बैंक अकाउंट में 1.10 करोड़-1.10 करोड़ की सम्मान राशि क्रेडिट किए गए। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवान के परिजनों से सहानुभूति पूर्वक एवं आत्मीयता के साथ बात की तथा उनकी पारिवारिक स्थिति की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शहीद परिजनों के दर्द को बांटा। सीएम सोरेन ने शहीद के परिजनों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दोनों शहीद आरक्षी जवान के माता-पिता, पत्नी, बच्चे, भाई सहित अन्य परिजनों से बात की तथा पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

सीएम सोरेन ने कहा कि शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम एवं संतन कुमार मेहता ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनकी शहादत को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के बेहतर समन्वय और प्रयास से आपको आज यह सम्मान राशि दी जा रही है। इस सम्मान राशि का बेहतर उपयोग करते हुए आप अपने बच्चों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का कार्य करें, ताकि उनके बेहतर भविष्य का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार शहीद जवानों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए अलग से एक आवासीय विद्यालय रांची में बनाएगी। यह विद्यालय निजी विद्यालयों के तर्ज पर संचालित किए जाएंगे, जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय निर्माण के लिए झारखंड जगुआर में चार एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है। यह विद्यालय पुलिस विभाग द्वारा चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमारे पुलिस विभाग के जवानों एवं कर्मियों के लिए एक अस्पताल भी बनाने पर विचार कर रही है। जल्द एक बेहतर कार्य योजना बनाते अस्पताल निर्माण कार्य को मूर्त रूप दिया जाएगा। राज्य सरकार पुलिस परिवार के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद के परिजनों से कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि आप शहीद परिवार के सदस्यों का मनोबल बढ़ा रहे। हमारी सरकार आपलोगों के दुःख-दर्द को गहराई से महसूस करती है। हमारी सरकार शहीदों के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें तथा हिम्मत और धैर्य के साथ मजबूत होकर परिवार को आगे बढ़ाते रहें। चुनौतियों से घबराएं नहीं। जब आपको जरूरत हो, आप पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारियों से निसंकोच भेंट करें। आपकी पीड़ा को कम करने का प्रयास पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रांची अंचल मनोज कुमार, एजीएम रीना कुमारी, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक विकास कुमार पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दोनों शहीदों की पत्नी को मिलेगी क्लर्क की नौकरी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किए जाए। मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि दोनों शहीदों की पत्नी स्नातक पास हैं। पुलिस विभाग के नियम के अनुसार दोनों को क्लर्क की नौकरी दी जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि राज्य सरकार एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए समझौते के आधार पर आज दोनों परिवारों को 1.10 करोड़-1.10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की गई है। पुलिस विभाग द्वारा उग्रवादी कांड में शहीद हुए पुलिस कर्मियों के लिए तय की गई राशि को मिलाकर अनुमानित राशि 2 करोड़ रुपए दोनों शहीद परिवारों को उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिजनों को पेंशन सहित अन्य सेवांत लाभों से जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि पेंशन राशि सहित अन्य लाभ दिए जाने संबंधित सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

# गिरिडीह में नक्सली दंपती शिवलाल और सरिता ने किया आत्मसमर्पण

- आत्मसमर्पण के बाद दोनों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मिलेगा लाभ





नवीन मेल डेस्क

**रांची/गिरिडीह।** राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 'नई दिशा, नई पहल' से प्रभावित होकर भाकपा (माओवादी) के एरिया कमेटी सदस्य शिवलाल हेंब्रम उर्फ शिवा (25 वर्ष) और उनकी पत्नी दस्ता सदस्य सरिता हांसदा उर्फ उर्मिला (19 वर्ष) ने बुधवार को गिरिडीह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शिवलाल टेसाफुली, मधुबन थाना क्षेत्र और सरिता चतरो, खुखरा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। इन दोनों माओवादियों का सरेंडर नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने बताया कि संगठन के शीर्ष कमांडरों द्वारा शोषण, ग्रामीणों पर अत्याचार और पुलिस की सख्त कार्रवाई से दोनों भयभीत थे। गिरिडीह पुलिस ने उनके परिजनों के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा और आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया। शेष पेज 11 पर...

## आज / कल





# पांच घंटे तक नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम

- परिजनों ने कहा, समय पर मिलती मदद तो बच सकती थी जान

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला में बुधवार की सुबह हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया। 108 एंबुलेंस सेवा के इंतजार में एक महिला की सड़क पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चैनपुर थाना क्षेत्र के टिन टांगर निवासी विनय रौतिया अपनी पत्नी कलावती देवी और डेढ़ वर्षीय बेटी वर्षा कुमारी के साथ मंगलवार की रात इंद मेला देखने केमटे गांव गया था। बुधवार की अहले सुबह करीब 4 बजे तीनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कांसीर के पास एक तेज रफ्तार मारुति वैन ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विनय और कलावती गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बच्ची को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सुबह करीब 5:00 बजे गुमला सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों पति-पत्नी को उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। परिजनों ने उसी समय 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल कर तत्काल वाहन भेजने की गुहार लगाई। लेकिन, 108 कंट्रोल रूम से लगातार '15 मिनट में पहुंच रही है', 'थोड़ा इंतजार करें' जैसे जवाब मिलते रहे।

शेष पेज 11 पर...

**बेड़ो और लापुंग में जेसोवा की मदद से बनी है पब्लिक लाइब्रेरी**

# सीएम पुस्तकालय का आज करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

- सारी तैयारियां पूरी, ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम का रिहर्सल संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो और लापुंग प्रखंड मुख्यालय के पुराने कार्यालय को झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की मदद से पब्लिक लाइब्रेरी के रूप में परिणत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को इसका ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। बुधवार की शाम जेसोवा के पदाधिकारियों ने इसके होने वाले ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम का रिहर्सल किया। इस मौके पर लापुंग में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उषा मिंज और रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) बादल राज मौजूद थे। वहीं, रिहर्सल के दौरान बेड़ो में अंचलाधिकारी (सीओ) राज कुंवर सिंह एवं बीपीओ विकास भूषण मौजूद थे।

लापुंग में डीएसई बादल राज ने कहा कि पब्लिक लाइब्रेरी के खुलने से लापुंग प्रखंड के पढ़ने वाले दूर दराज के गांवों के बच्चों सहित युवा वर्ग को अध्ययन -अध्यापन करने के अवसर मिलेंगे। लाइब्रेरी में उच्च स्तरीय किताबों की सुविधाएं मिलेंगी और यहां जरूरतमंदों युवाओं खासकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन की सुविधा मिलेगी।

वहीं, बीडीओ उषा मिंज ने बताया कि इसके संचालन के लिए जेसोवा के मार्गदर्शन में संचालन समिति का गठन होगा। इसमें प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मी और महिलाओं के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी शामिल किया जा सकता है।

बेड़ो के अंचलधिकारी राज कुंवर सिंह ने बताया कि बेड़ो के ग्रामीण बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों को भी यह सौगात मिलेगी। गरीब बच्चे जो महंगी पुस्तकें खरीद कर नहीं पढ़ सकते हैं, वे इस पुस्तकालय में पढ़ाई कर लाभ उठाएंगे। साथ ही, निरक्षर और मुख्य धारा से भटक चुके लोगों को ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलेगा। यह पुस्तकालय झारखंड के सीनियर आईएएस ऑफिसर्स वाइफस एसोशिएशन (जेसोवा) द्वारा चलाया जाएगा। बेड़ो जैसे आदिवासी बहुल पिछड़े इलाके में यह लाइब्रेरी वरदान साबित होगी। बेड़ो जैसे ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार इतनी बड़ी पुस्तकालय की सौगात मिलेगी।

लापुंग में बताया गया कि लापुंग प्रखंड मुख्यालय में लोग पुस्तकालय के माध्यम से सभी तरह के ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। दूसरी ओर, लापुंग में विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली एवं जयंत बरला ने भी लाइब्रेरी का जायजा लिया। उन्होंने भी लापुंग में सरकार द्वारा बनाए गए लाइब्रेरी के लिए हेमंत सोरेन एवं जेसोवा के प्रति आभार जताया।

लापुंग में बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, लालकेश्वर यादव, सीआरपी चंद्रमोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन अंजु मुंडा, रिसोर्स टीचर लाल मिथिलेश कुमार सिंह सहित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं मौके पर मौजूद थीं।



## इंडिया

# नार्को नेटवर्क से भारत और झारखंड की तबाही का मास्टर प्लान

झारखंड पुलिस ने अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध अभियान चलाकर नशे के नेटवर्क को तोड़ने का जोरदार प्रयास किया है पर अरबों की कमाई सालों में बिना स्थानीय पुलिस के संरक्षण के संभव नहीं यह भी एक कटु सत्य है और राजधानी रांची रांची से सटे नामकुम से लेकर पडोसी खूंटी के ग्रामीण बताते हैं कि अभी भी नेटवर्क टूटा नहीं है बल्कि कमजोर हुआ है । अनेक लोग पकडे भी गए हैं पर इस संगठित अपराध के विरुद्ध गवाही कौन देगा और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा यह भविष्य बताएगा ? राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2020 के अंतरराष्ट्रीय नार्को-आतंकवादी नेटवर्क मामले में आठ और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। यह मामला पाकिस्तान से समुद्री रास्ते के द्वारा गुजरात में और उसके बाद पंजाब में पांच सौ किलो ड्रग्स पहुंचाने से जुड़ा है। इस ड्रग्स की तस्करी का मकसद, लश्कर-ए-तोयबा आतंकी संगठन को वित्तीय मदद पहुंचाना था। सलाया ड्रग्स मामले में दायर 8वें पूरक आरोपपत्र में, एनआईए ने इटली निवासी सिमरनजीत सिंह संधू, ऑस्ट्रेलिया निवासी तनवीर बेदी और भारत निवासी अंकुश कपूर द्वारा रची गई नार्को-आतंकवादी साजिश को निर्णायक रूप से स्थापित कर दिया है ।यह आरोपपत्र व्यापक डिजिटल, तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अहमदाबाद स्थित एनआईए की विशेष अदालत में एनडीपीएस अधिनियम और यूए (पी) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दायर किया गया है। सिमरनजीत सिंह, ऑस्ट्रेलिया निवासी तनवीर सिंह बेदी और अंकुश कपूर के अलावा आरोपपत्र में नामित अन्य आरोपी व्यक्ति पाकिस्तानी नागरिक तारिक उर्फ भाईजान, गगनदीप सिंह अरोड़ा और तीन अन्य आरोपी व्यक्ति- तमन्ना गुप्ता, सुखबीर सिंह उर्फ हैप्पी और अनवर मसीह हैं। यह मामला पाकिस्तान से समुद्री मार्ग से गुजरात में 500 किलोग्राम हेरोइन की तस्करी और फिर उसे पंजाब पहुंचाने से संबंधित है। एनआईए की जांच से पता चला है कि मादक पदार्थ आतंकवाद की यह साजिश गुजरात, दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ सहित कई भारतीय राज्यों में फैली हुई थी। इसकी जड़ें इटली, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, ईरान और थाईलैंड सहित कई देशों तक मिली हैं। जांच के अनुसार, अंकुश कपूर भारत में एक प्रमुख मास्टरमाइंड था ।वह पंजाब में नार्को-टेरर सिंडिकेट की जमीनी गतिविधियों के प्रबंधन के लिए ज़िम्मेदार था। साथ ही वह प्रतिबंधित पदार्थों की रसद, भंडारण और स्थानीय वितरण का समन्वय करता था। भारत और विदेश में स्थित अभियुक्तों को सक्रिय रूप से धन मुहैया कराता था। सिमरनजीत, नार्को टेरर सिंडिकेट का मास्टरमाइंड था। वहां अवैध नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन, भंडारण, प्रसंस्करण और आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए ज़िम्मेदार था ।जांच में यह भी पता चला कि तारिक उर्फ भाईजान ने समुद्री मार्ग से पाकिस्तान से भारत में हेरोइन की तस्करी के समन्वय और इसके परिवहन की निगरानी का काम देखता था ।उसने पंजाब में इसके वितरण में सहायता तथा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को वित्तपोषित करने के लिए आय को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।ऑस्ट्रेलिया स्थित वांछित अभियुक्त तनवीर बेदी, भारत में लश्कर-ए- तोयबा की आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाला चैनलों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी और उससे होने वाली आय के हस्तांतरण में सक्रिय रूप से शामिल था। झारखंड में भी खूंटी, चतरा, पलामू, धनबाद,पश्चिमी सिंहभूम से लेकर रांची तक लाल कॉरिडोर बनाकर खनिज बहुल क्षेत्रों को माओवादी गतिविधियों से ध्वस्त करने में नाकाम शक्तियां अब अफीम की खेती के बहाने ड्रग्स की अंधाधुंध कमाई और नशे की चपेट में युवाओं को लाकर उसी मुहिम में जुटी हैं जिसके लिए झारखंड पुलिस आक्रामक प्रयास कर रही है पर बिना केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को तोड़ना संभव नहीं है। इस नेटवर्क से जुड़े ग्रामीणों को समझाना चाहिए कि तुरंत कमाई से पीढियां नष्ट हो जाती हैं ।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक





# भंडरा में सड़क हादसा तीन की मौत, दो घायल



- कुंदो मैदान के समीप दो बाइक में हुई आमने-सामने टक्कर

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत कुंदो मैदान के समीप बुधवार की देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही भंडरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भंडरा भेजा। भंडरा थाने के थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य ने सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया।

शेष पेज 11 पर...

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में 5 आरोपी ने किया सरेंडर



छत्तरपुर। अनुमंडल क्षेत्र के इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की घटना में आरोपियों ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सभी आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस के दबाव में पांच आरोपियों ने मंगलवार को पलामू कोर्ट में सरेंडर कर दिया। नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि पांच आरोपियों ने सरेंडर किया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई व छानबीन कर रही है।

# हुसैनाबाद में जल संकट गहराया : एक सप्ताह से ठप है जलापूर्ति, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप रहने के कारण लोगों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। देवरी सोन नदी से होने वाली जलापूर्ति हैदरनगर रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप मुख्य पाइपलाइन टूटने के बाद से बाधित है। बताया जा रहा है कि शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए गड्ढे खोदने के दौरान यह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण पूरे नगर क्षेत्र में जल आपूर्ति रुक गई है। इस बरसात के मौसम में पेयजल की समस्या ने लोगों को परेशान कर रखा है। नलों से पानी की सप्लाई बंद होने के कारण नागरिकों



को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में चापानल ही एकमात्र सहारा बन गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि नगर क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित होना आम बात हो गई है। कभी मोटर जलने तो कभी वाटर फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित होती रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइट लगाने के कार्य के दौरान नगर पंचायत के कर्मियों की उपस्थिति होनी चाहिए थी, ताकि पाइपलाइन क्षति से बचाई जा सके। परंतु एनओसी मिलने के बाद भी निगरानी नहीं की गई, जिससे शहर की जल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर पंचायत के कर्मियों का कहना है कि संवेदक को पाइपलाइन की मरम्मत के निर्देश दे दिए गए हैं और सुधार कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। गौरतलब है कि हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न गांवों में सोन नदी से जलापूर्ति योजना पर 56 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है। परंतु कार्य की धीमी गति से लोगों में असंतोष है।

## बिजली चोरी मामले में 9 पर केस 90 हजार रुपए लगा जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान में 9 ग्रामीणों को ऐसा करते पाया गया। जिनके विरूद्ध स्थानीय थाना में केस दर्ज कराया गया है। साथ ही कुल मिलाकर 90 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है। यह अभियान विद्युत अवर प्रमंडल, जपला के सहायक अभियंता के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने बताया के उच्चाधिकारियों के निर्देश के आलोक में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए। इस अभियान के दौरान महेंद्र शर्मा, लटपौरी, सच्चिदानंद ठाकुर, गीता देवी, माली, जुम्मन अंसारी, रसूलपूर, शेख शमशाद अहमद, मो.सद्दाम, मो.कैसर, शेख फारूक सिद्दीकी और सहाना बीवी करारिया निवासी को ऐसा करते पाया गया। उन्होंने इससे बचने के लिए वैध कनेक्शन लेकर ही विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि अवैध तरीके से ऐसा करने के मामले में आगे भी छापामारी अभियान चलाया जाता रहेगा। जिसमें पकड़े जाने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में उनके साथ मानव दिवस विद्युतकर्मी ललितेश्वर मेहता, रंजय मेहता, मंटू मुंडा और दशरथ कुमार शामिल थे। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने इस संबंध में बताया कि दर्ज केस के आलोक में अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खेलो झारखंड 2025: लेस्लीगंज विद्यालय के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड में आयोजित खेलो झारखंड 2025 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 कबड्डी (बालक एवं बालिका वर्ग) में रा. कन्या मध्य विद्यालय, लेस्लीगंज के चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके चयन के उपलक्ष्य में दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को बालक वर्ग एवं 8 अक्टूबर को बालिका वर्ग की टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विद्यालय परिसर से रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया रेखा देवी, समाजसेवी सह चैंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र नाथ मिश्र, प्रखंड संसाधन कर्मी राजवल्लभ एवं अमित सिंह की उपस्थिति में टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर मुखिया रेखा देवी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित किया कि वे खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिला एवं राज्य का नाम रोशन करें। यह आयोजन बच्चों के मनोबल को बढ़ाने एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अजाप्टा ने शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बुके देकर किया सम्मानित

**हुसैनाबाद।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की हुसैनाबाद इकाई के अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार के अगुवाई में संघ की नीति में गहरी आस्था रखने वाले शिक्षकों ने नव पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हुसैनाबाद (उतरी) परमेश्वर साव को बुके देकर सम्मानित किया। प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्रफल और जनसंख्या के मामले में अव्वल है। तद्नुरुप कमोवेश विद्यालयों की संख्या भी अच्छी खासी है।सीमित संसाधनों और शिक्षकों की अपर्याप्त संख्या के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति परीक्षा व मेधाछात्रवृत्ति परीक्षा के साथ नवोदय विद्यालय में नामांकन हेतु बड़ी संख्या में छात्रों का चयन होता है। इसमें स्थानीय शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की सकरात्मक भूमिका रहती है और विद्यालय निरीक्षण में सहयोगात्मक रवैया अपनाते हैं। कमियों को अपने स्तर से हल करतें हैं। सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि शिक्षक और पदाधिकारी एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं, दोनों में तादात्म्य संबंध होनी चाहिये तभी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना की जा सकती है अन्यथा बेमानी मानी जायेगी। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि क्वालिटी बेस्ड एजुकेशन के लिये महत्वपूर्ण घटक शिक्षक ही हैं,राष्ट्र निमार्ता हैं। हर विपरीत परिस्थितियों में शिक्षक ही खरे उतरते हैं, अतःहरसंभव कोशिश होगी आपसबों को साथ लेकर चलने की। प्रखंड स्तरीय नीतिगत मामलों में संघ का सहयोग अपेक्षित है। इस कार्यक्रम में निकासी व्ययन पदाधिकारी सुनील कुमार, शिक्षकों में राजेश कुमार गुप्ता, गिरिवर राम,अवधेश पासवान, कामेश्वर पासवान, दिवाकर पटेल, योगेंद्र पासवान, प्रमोद पासवान, सुनील पासवान, धुरेंद्र पटेल, मनोज कुमार चौधरी, अनिल कुमार सहित दर्जनों शिक्षक शामिल थे।

## थोड़ी देर की बारिश से रेल अंडरपास में जलजमाव

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग कॉलनी के समीप गेट नंबर 55 पर बना रेल अंडरपास ब्रिज बड़े वाहनों के आवागमन को लेकर कारगर साबित नहीं हुआ। थोड़ी देर बारिश में ही इसमें घंटों तक जलजमाव सामान्य तौर पर खासकर, पैदल और दोपहिया से आवागमन में जोखिम और परेशानी का सबब बन गया है। गौरतलब है कि सिंचाई विभाग परिसर में ही विभागीय के साथ ही दो स्कूल के अलावा थाना, अस्पताल, प्रखंड और अंचल कार्यालय के अलावा खाद्यान्न गोदाम स्थापित हैं। इसके बावजूद कम चौड़ाई और ऊंचाई के इस अंडरपास ब्रिज ही पैदल और वाहनों से आवागमन का एकमात्र माध्यम है। इसी माध्यम से मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ के कई पठारी गांव तक वाया रामनगर-राजनडीह कच्ची सड़क से आवागमन होता है। ऐसे में बड़े वाहनों से आवागमन के योग्य वैकल्पिक मार्ग के रूप में अंडरपास अथवा ओवरब्रिज की जरूरत पूरी करने की मांग तेज हो गई है। जैसा कि लोगों को इस गेट से सामान्य तौर पर आवागमन बंद करने दौरान आश्वस्त किया था। साथ ही, मौजूदा अंडरपास ब्रिज में जलजमाव की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने की मांग की जाने लगी है। हालांकि पूर्व में जलजमाव की समस्या के सूर्खियों में आने पर जब खबर को ट्वीट कर इससे अवगत कराया गया था, तब संबंधित अधिकारी ने मोटर पंप के माध्यम से नियमित इस समस्या का निराकरण करने की बात बताई थी।

## पलामू में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने से मिलेगी मजबूती: धनंजय

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बिमला कुमारी से कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर हार्दिक बधाई और हर्ष व्यक्त किया है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने इन्हें इनकी काबिलियत व उनके पार्टी के प्रति समर्पण भाव के कारण जिला अध्यक्ष बनाया है। इनके इस महत्वपूर्ण पद पर आने से पार्टी में एक नए उर्जा का संचार होगा। पार्टी माइक्रो लेबल पर मजबूत होगी। पलामू जिला कांग्रेस के इतिहास में प्रथम महिला अध्यक्ष के रूप मे पलामू को मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इनके नेतृत्व में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी सक्रिय और सशक्त होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले दिनों में काफी मजबूत होगी। इस मौके पर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रदेश प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, नवल किशोर पाठक, प्रखंड अध्यक्ष लालू सिंह, शंभू कुमार सिंह, यासिर अराफात, रामसुंदर राम, रघुराई यादव, विजय सिंह, अंबिका सिंह, शैलेश सिंह, प्रवीण तिवारी, गुप्तेश्वर तिवारी, गुप्तेश्वर पांडेय, जगदीश राम, रिजवान अहमद सहित कई कांग्रेसी नेताओं का नाम शामिल है।

## प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कैंप आज

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय परस्पर सहयोग अभियान के तहत बैंकों के माध्यम से कृषि और सामाजिक सुरक्षा योजना संबंधित कैंप आयोजित की जाएगी। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं। जिसमें पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित इस बैठक मे सभी जनसेवक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषक सलाहकार समिति, किसान मित्र और अन्य की उपस्थिति को अनिवार्य बताया गया है।

## पौधा देकर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम ने नव-नियुक्त पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बिमला कुमारी से भेंट की। इस दौरान अरविंद कुमार और उनकी टीम ने बिमला कुमारी को पौधा भेंट कर हार्दिक स्वागत किया और पर्यावरण संरक्षण व संगठन सशक्तिकरण पर सार्थक चर्चा की। अरविंद कुमार ने कहा कि बिमला कुमारी जैसी जुझारू, ईमानदार और धरातल से जुड़ी नेत्री के नेतृत्व में पलामू कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। पलामू की जनता आज बदलाव चाहती है और यह बदलाव कांग्रेस के माध्यम से ही संभव है। हम सब मिलकर संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। बिमला कुमारी ने कहा कि मैं कांग्रेस परिवार की इस आत्मीयता से अभिभूत हूं। यह पौधा मेरे लिए सम्मान का प्रतीक ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नामित को मिला दो लाख का चेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत साल में महज 436 रुपए जमा करने वाली बबिता देवी की मृत्यु हो जाने के बाद हैदरनगर के पतरिया गांव निवासी उनके पति अनिल कुमार को भारतीय स्टेट बैंक की हैदरनगर शाखा से दो लाख रुपए का चेक हैदरनगर शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने एक सादे समारोह में दिया। शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि हैदरनगर के पतरिया गांव निवासी महिला बबिता देवी ने भारतीय स्टेट बैंक के जनधन खाता के माध्यम से पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ी थी। उनका प्रत्येक वर्ष सिर्फ 436 रुपया उनके खाते से कटता था। प्रथम वर्ष की राशि का भुगतान उन्होंने किया था। उनकी मृत्यु होने के बाद उनके द्वारा नामित उनके पति अनिल कुमार ने पत्नी बबिता देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से



एसबीआई की हैदरनगर शाखा में जमा किया था। बिना भाग दौड़ के उन्हें पांच दिनों के अंदर ही शाखा कार्यालय में बुला कर बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। नामित अनिल कुमार ने बताया कि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना कम आमदनी वाले सभी लोगों को इस तरह की योजनाओ से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस राशि से वह बहुत जरूरी कार्य कर पाएंगे। मौके पर फील्ड ऑफिसर अनुज कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के सभी खाता धारकों के लिए बीमा योजना से जुड़ने के अवसर है। उन्होंने सभी खाता धारकों को बीमा से जुड़ने की सलाह दी। मौके पर सुमिर कुमार, राकिब हुसैन, पवन कुमार, गीता देवी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## पंसा के छात्रों ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता के खो-खो स्पर्धा में लहराया परचम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के 14 आयु वर्ग की खो-खो स्पर्धा में प्रखंड क्षेत्र के पंसा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते जीत का परचम लहराया है। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर पुर स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय की टीम को हराकर इस प्रखंड और गांव के विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस पर खुशी जाहिर करते हुए जिला पार्षद अंजू देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह और युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने इस विद्यालय में खेलकूद के साथ ही बेहतर शैक्षणिक विकास की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने हुए की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने शैक्षणिक मामले में प्रशासनिक उदासीनता पर चिंता जाहिर करते हुए बताया कि ध्यान आकृष्ट कराए



जाने के बाद भी शिक्षकों की कमी दूर नहीं की गई है। इस विद्यालय में पूर्व से ही शिक्षकों की कमी के कारण नियमतः पठन-पाठन नहीं हो पाता है। इसके बावजूद लगातार 10 वर्षों से बुनियादी विद्यालय, पोलपोल में प्रतिनियोजित यहां के शिक्षक का प्रतोनियोजन रद्द कर मूल विद्यालय में वापस नहीं लौटाया गया है। जबकि इस संबंध में जिले के आला अधिकारियों को काफी पहले ही इस संबंध में अवगत कराया गया था। अभिभावकों की कहना है कि कई बार शिक्षकों की कमी और अन्यत्र प्रतिनियोजित शिक्षक के मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलकर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सदस्य चंदन मेहता और समाज सेवी अश्विनी कुमार सिंह ने इससे अवगत कराया है। जिसमें उन्होंने प्रतिनियोजित शिक्षक का प्रतोनियोजन रद्द करते हुए मूल विद्यालय में योगदान कराने तथा दो अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थान को अति आवश्यक बताते कारगर कदम उठाने की मांग की है।

### हुसैनाबाद में चार दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ

## निरोग रहने के लिए मनुष्य को योग करना जरूरी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को गईता पोखरा स्थित पंच सरोवर मंदिर परिसर में पतंजलि योग समिति हुसैनाबाद पलामू इकाई के द्वारा चार दिवसीय निःशुल्क योगशिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव एवं पतंजलि जिला प्रमुख राजीव शरण के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने योग शब्द पर विशेष रुप से प्रकाश डाला और कहा कि योग शब्द ह्ययुज धातु से बना है, जिसका अर्थ है ह्यजुड़ना ,जोड़ना या एकजुट होना है। अर्थात व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ एकीकृत करना है, जो मन और शरीर तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य स्थापित करता है, यह केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन जीने का व्यवस्थित तरीका भी है। धार्मिक पद्धति से इसे नहीं जोड़ा जाना चाहिए। यह



तो जीवन को व्याधिमुक्त होकर सरलता से जीवन जीने की पद्धति है है। मंच संचालन कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. अंगद प्रसाद ने कहा कि आज भागदौड़ की जिन्दगी में शारीरिक मुद्रायें मसलन आसन, प्राणायाम के यथार्थता से अवगत होना अपरिहार्य है,इससे तन मन का शुद्धिकरण होता है और कालांतर में पूर्ण रुपांतरण हो जाता है, रोग व्यथा तो स्वतः उन्मूलित हो जाते हैं। जिला से आये योगाचार्य राजीव रंजन ने कहा कि योग भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसमें अस्थिर चित्त की वृतियों पर अंकुश किया जाता है। किरण गुप्ता ने भी योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता राम जनम यादव ने निराले अंदाज में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। समाजसेवी भोला विश्वकर्मा ने कहा कि नियमित योग -प्राणायाम से अस्थिर चित्त पर नियंत्रण होता है, आज समय की मांग है कि तनाव मुक्त जीवन के लिये योग जरुरी है। योग आचार्या ममता कुमारी ने सर्वप्रथम ध्यान, भस्त्रिका प्राणायाम,कपालभाति, अनुलोम विलोम ,उज्जायी के सार्वभौमिकता पर प्रकाश डाला और सूक्ष्म विश्लेषण के साथ करने की विधि पर भी बताईं, होनेवाले लाभ पर भी चर्चा की। सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों में पश्चिमोत्तानासन, मंडुकासन,वक्रासन, उष्टासन भुजंगासन, हलासन, सर्वांगासन भी कराया। साथ ही भिन्न भिन्न रोगों यथा मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप में कौन सा आसन प्राणायाम करना चाहिए, इसपर विशेष प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम के अग्रणी व महती भूमिका निभाने वालों में समाजसेवी भोला विश्वकर्मा, सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता (विद्युत) राम जनम सिंह यादव, विनोद प्रसाद, डॉ.अंगद प्रसाद ,योग शिक्षक अखिलेश सिंह, सुरेश ठाकुर, दीप नारायण सिंह के अलावा सेवानिवृत्त डीएसपी राम किंकर सिन्हा,भाजपा के वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद अखिलेश यादव,उदय विश्वकर्मा, प्रेमतोष सिंह, राजद नेता विनय सिंह यादव, अजाप्टा के शिक्षक संघ नेता राजेश कुमार गुप्ता, प्रखंड सचिव निर्मल कुमार, धुरेंद्र पटेल ,प्रमोद पासवान, शैलेन्द्र सिंह ,राहुल सिंह, डॉ.जितेंद्र प्रसाद, विजय यादव , दधिवल प्रसाद, लोहा सिंह,डॉ. शिव प्रसाद मेहता, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, डॉ. मलय कुमार, राजेश सिंहा, डॉ. निरंजन प्रसाद, रेशमा सिंह,बिन्दू सिंह के अलावे काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थित थी।

## ईंट भट्ठों से पर्यावरण में फैला रहा प्रदूषण, खेतों को हो रहा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज भी पारंपरिक लाल ईंट भट्ठों का संचालन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जबकि केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने इन्हें चरणवद्ध बंद करने और फ्लाई ऐश आधारित सीमेंट ईंट को बढ़ावा देने का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जा चुका है। इससे निकलने वाला धुंआ स्थानीय वायु गुणवत्ता को अत्यंत हानि व प्रदूषित कर रहा है। इन भट्ठों से उत्पन्न राख एवं कण आसपास के खेतों की मिट्टी और भूमिगत जलस्त्रोतों को दूषित भी कर रहा है। साथ ही कृषि योग्य भूमि से मिट्टी की खुदाई से उपजाऊ परतें नष्ट और दीर्घकालिक कृषि कार्य पर हानि हो रही है। हालांकि केंद्र सरकार की फ्लाई ऐश नोटिफिकेशन 2922 के तहत थर्मल पावर प्लांट से 300 किमी के दायरे में पारंपरिक लाल ईंट निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। इसे बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों में ऐसे भट्ठों पर पहले से ही रोक लगाई जा चुकी है। इस पर नियंत्रण के लिए कानून भी बने है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 14 एवं 15 के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को त्वरित कार्रवाई का अधिकार है। वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 एवं 22 के अनुसार बिना वैध अनुमति किसी भी प्रदूषक इकाई का संचालन दंडनीय अपराध है। वहीं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत राज्य सरकार को तत्काल इस पर रोक लगाने का अधिकार भी दिया गया है। इस गंभीर समस्या पर विभिन्न संगठनों ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव को पत्र देकर इस प्रदेश में संचालित लाल ईंट भट्ठों की सर्वे व जांच कर उन्हें तत्काल बंद करने, अवैध संचालकों पर पर्यावरण के क्षति की भरपाई वसूलने और जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उद्योग विभाग की संयुक्त जांच टीम गठित करने की मांग की है। उन्होंने यह भी ध्यान दिलाया है कि फ्लाई ऐश आधारित ईंट निर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन एवं अनुदान योजनाओं के तहत बढ़ावा दिया जाए।

**कार्यक्रम**

### हुसैनाबाद में पूर्व सैनिकों ने मनाई वायु सेना दिवस

## भारतीय वायु सेना ने अपनी अलग पहचान विश्व में बनाई है : लेफ्टिनेंट प्रेमतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद हुसैनाबाद इकाई के पूर्व सैनिकों ने बुधवार को कार्यालय में वायु सेना दिवस मनाई एवं एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर भारतीय वायु सेना के उपलब्धि एवं कार्य क्षमताओं से एक दूसरे को रुबरु कराए। मौके पर उपस्थित संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि 8 अक्टूबर 1932 में इंडियन एयर फोर्स की अधिकारिक रूप से स्थापना हुई थी। इसलिए 8 अक्टूबर को ही प्रतिवर्ष वायु सेना दिवस के रूप में मनाई जाती है। आज पूरे भारत देश में वायु सेना की उपलब्धियों को परेड एवं झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। भारतीय वायु सेना अपनी पहचान विश्व में बनाई है। जिसमें मुख्य रूप से ऑपरेशन बालाकोट से लेकर हाल मे हुए ऑपरेशन सिंदुर शामिल है। एयर



फोर्स के आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक से एवं एयर डिफेंस सिस्टम ने पूरे विश्व को अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। उन्होंने कहा कि काफी संख्या में उपस्थित एनसीसी कैडेटों को वायु सेना के उपलब्धियों के अलावा सभी सेनाओं के बारे में जानकारी दी गई जो कि सभी नौजवान कैडेट देश के भविष्य हैं। इसलिए सभी को सेनाओं के क्षमता एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। सभी कैडेट्स अपने देश के सेनाओं की उपलब्धियों से काफी उत्साहित एवं गौरव महसूस किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेदिनीनगर कार्यालय के लिपिक दीपक कुमार भी उपस्थित हुए। उन्होंने सभी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलामू के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं के बारे में जानकारी दी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से दि जाने वाली सेवाओं की सुची भी सभी को दी। आगे उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिला के विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी के द्वारा पूर्व सैनिक सेवा परिषद हुसैनाबाद के तत्वावधान में अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना के अधिकारीयों के साथ सामुहिक बैठक आयोजन की जाएगी एवं क्षेत्र के सभी जरुरतमंदों को इस की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी असहाय इस विधीक सेवा के लाभ लेने से वंचित न रह जाए। वायुसेना दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार सत्येन्द्र ठाकुर, अक्षय सिंह, अशरफी पाल, रामटहल मेहता, प्रसाद सिंह, गौरी शंकर ठाकुर, यदुनंदन ठाकुर, वीर नारी मनोरमा कुंवर, संगठन के संरक्षक लोकनाथ केसरी, वायु सेना के पूर्व सैनिक फिलहाल डीएसपी सुनील कुमार सिंह के पिता एवं पूर्व शिक्षक जनेश्वर सिंह, बक्शी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट्स के अलावा भी कई अन्य लोग शामिल हुए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई रामबिलास पासवान की 5वीं पुण्यतिथि

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामबिलास पासवान की 5वीं पुण्यतिथि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया। अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला मंत्री संतोष सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि रामबिलास पासवान अपने आप में एक विचार का नाम है। रामबिलास पासवान ने अपना पूरा जीवन समाज और देश को समर्पित रहा। वक्ताओं ने कहा कि हुसैनाबाद से उनका काफी लगाव था। वह कई बार हुसैनाबाद आए थे। हुसैनाबाद के गांव-गांव में उनकी पकड़ काफी मजबूत रही है। उनके विचारों को अपना कर एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन में गरीबों के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए, जिसमें गरीबों को सम्मान और जन जन तक दूरभाष की व्यवस्था शामिल है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया।

# तेज धूप में सर्टिफिकेट के लिए परेशान छात्र, विश्वविद्यालय काउंटर पर भारी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बीच विद्यार्थियों को डिग्री सर्टिफिकेट प्राप्त करने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यक प्रमाणपत्र लेने के लिए छात्र-छात्राएं सुबह से ही विश्वविद्यालय परिसर के काउंटर पर कतारों में खड़े देखे गए। तेज धूप में घंटों इंतज़ार के दौरान न छाया की व्यवस्था है, न ही पीने के पानी की सुविधा। कई छात्रों ने शिकायत की कि सीमित काउंटर और भीड़ नियंत्रण के अभाव में स्थिति और बिगड़ रही है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने इस पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि डिग्री प्रमाणपत्र वितरण प्रक्रिया को छात्र हित में सरल बनाया जाए।

## गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में नामांकन शुरू, झाड़ियों व अव्यवस्था से छात्र परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में स्नातक सत्र 2023-27 के तीसरे सेमेस्टर एवं 2022-26 सत्र से छूटे हुए छात्रों का नामांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। लेकिन नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने पहुंचे छात्र-छात्राओं को परिसर की अव्यवस्था भारी पड़ रही है।नामांकन काउंटर तक पहुंचने के लिए विद्यार्थियों को झाड़ियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। रास्ते पर उगी बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियों में सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों के मिलने की आशंका बनी रहती है। छात्राओं ने बताया कि सुबह-सुबह झाड़ियों के बीच से होकर नामांकन केंद्र तक पहुंचना बेहद कठिन और असुरक्षित रहा।सैकड़ों विद्यार्थियों की भीड़ के बीच अव्यवस्थित माहौल और झाड़ियों से भरे रास्ते महाविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। नामांकन स्थल और शौचालय तक जाने के मार्ग भी पूरी तरह झाड़ियों से ढके पड़े हैं। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य आई. जे. खलको ने बताया कि अगले एक से दो दिनों में नामांकन स्थल और शौचालय तक जाने वाले रास्तों की सफाई कराई जाएगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को सौंपा सात सूत्री मांग पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ल के नेतृत्व में बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात की और सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने 6 अक्टूबर 2025 को आयोजित दीक्षांत समारोह में हुई अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। साथ ही मांग पत्र में कई अन्य प्रमुख मुद्दों को शामिल किया गया। इनमें स्नातकोत्तर सत्र 2025-27 में सीट वृद्धि, पीएचडी परीक्षा संबंधी जांच कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन परिसर में मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करना, अंगीभूत महाविद्यालयों के जर्जर भवनों का उपयोग रोकना, मॉडल कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना और परीक्षा विभाग में फीस वृद्धि पर गठित समिति में छात्र संगठनों के सुझाव लेना शामिल हैं। राज्य विश्वविद्यालय सह संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की अव्यवस्था और नामांकन में सीट वृद्धि जैसे मुद्दों पर कुलपति से विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति ने सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह संवाद विश्वविद्यालय और छात्र समुदाय के बीच सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक होगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला संयोजक नीतीश दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिपिन यादव, नगर मंत्री उत्कर्ष, किसलय, नीतीश, हर्ष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवपदस्थापित चैनपुर अंचलाधिकारी से हम पार्टी जिला अध्यक्ष की शिष्टाचार भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हम पार्टी सेक्युलर के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बुधवार को नवपदस्थापित चैनपुर अंचलाधिकारी जागो महतो से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और नए प्रभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के क्रम में आशुतोष तिवारी ने कहा कि उपायुक्त महोदया द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाया गया कदम सराहनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व अंचलाधिकारी अमरदीप बल्होत्रा के कार्यकाल में चैनपुर अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। जमीन संबंधी कार्यों में खुलेआम रिश्वतखोरी होती थी, जाली एलपीसी बनाकर जमीन माफियाओं को फायदा पहुँचाया जा रहा था और आम गरीब नागरिकों की समस्याओं की अनदेखी की जाती थी।

उन्होंने बताया कि हम पार्टी सेक्युलर की ओर से इन जनसमस्याओं को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसके बाद उपायुक्त ने भ्रष्ट अधिकारी को हटाकर सामान्य शाखा में भेजने का निर्णय लिया। इसे उन्होंने आम जनता की जीत और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम करार दिया। जिला अध्यक्ष तिवारी ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि जनता को न्याय और सम्मान मिल सके। इस मौके पर जिला सचिव वारीस आलम, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार भुईयां, चंद्रधन सिंह, अबू फैजल, राकेश कुमार शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी समस्याएं 15 दिन में कार्रवाई का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं।

उपायुक्त ने सभी आवेदनों को सुनते हुए मौके पर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रति अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पांकी के शशिकांत यादव ने मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय की प्राचार्या पर योगदान नहीं कराने और वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 का अनुदान राशि नहीं देने की शिकायत की। पिंकी देवी ने बताया कि उनकी जमीन पर पिछले 14 महीनों से अवैध कब्जे की कोशिश हो रही है, सीमांकन में भी कब्जा अवैध पाया गया, पर नोटिस जारी नहीं किया गया।

गाड़ी खास के अशोक साव ने एनएच 75/39 में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं मिलने का मुद्दा उठाया, जबकि हुस्सैनाबाद की प्रतिमा देवी ने गांव के कुछ लोगों पर सरकारी जमीन हड़पने का आरोप लगाया। रिटायर्ड पंचायत सचिव ने एमएसीपी लाभ दिलाने का अनुरोध किया।

विभिन्न अंचलों से 10 से अधिक महिलाओं ने मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इन आवेदनों को जांच हेतु सामाजिक सुरक्षा विभाग को भेजा गया।

जनता दरबार में भूमि विवाद, रास्ता अवरोध, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

## खबरें चतरा की

### अवैध बालू उत्खनन जोरों पर, दूसरे जिले तक होता है आपूर्ति

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले के गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बलबल द्वारी नदी से इन दिनों अवैध बालू का उत्खनन कर दूसरे जिलों में ऊंचे दामों में बेचे जा रहे हैं। हर रोज सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर चतरा सीमा पर स्थित बलबल नदी से बालू उत्खनन कर हजारीबाग तक जाते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं की जाती है। ग्रामीणों द्वारा इस अवैध उत्खनन की सूचना प्रखंड प्रशासन को कई बर दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अवैध बालू खनन एक गंभीर समस्या है, जहां नदियों से गैरकानूनी तरीके से बालू निकाला जाता है। जिसका असर न केवल स्थानीय राजस्व पर पड़ता है बल्कि यह दूसरे जिलों में भी सप्लाई होता है। इससे नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। इससे बाढ़ का खतरा बढ़ता है और भू.अपरदन व भूमि कटाव जैसी पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस कारण जलीय पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट होता है। जल स्तर गिरता है और नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सरकार द्वारा एनजीटी लागू किया गया है। फिर भी इसे लागु करने में प्रशासन विफल रहा है। ग्रामीणों ने बताते हैं कि रात के अंधेरे में बालू माफिया बालू आपूर्ति करते हैं। यही नहीं पुलिस से ज्यादा पेट्रोलिंग क्षेत्र में रात को बालू माफिया करते हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से बालू अवैध बालू खनन व परिवाहन के विरुद्ध कारवाई करने की मांग की है। सूत्रों की माने तो नदी से बालू का खनन कर रेलवे निर्माण कार्य में भी आपूर्ति किया जाता है।

### लोक सेतु पोर्टल को लेकर विशेष शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मझंगावा पंचायत भवन में बुधवार को लोक सेतु पोर्टल को लेकर विशेष शिविर का आयोजन मुखिया सरिता देवी के नेतृत्व में किया किया। जिसका शुभारंभ बीडीओ व उप प्रमुख प्रीतम यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बताया गया कि शिविर का योजना लोक सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑन द स्पॉट आवेदनों को ऑनलाइन कर लाभुकों को इसका लाभ सुनिश्चित करवाना है। शिविर में कुल 168 आवेदन आए। जिसामें कृषि एवं अनुसंगी विभाग पशुपालन से गाय पालन के लिए 8, बैल 2, शुकर पालन के लिए सात, मुर्गी पालन के लिए सात, बकरा पालन के लिए 15 आवेदन प्राप्त हुए। जबकी प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लिए 18, जन्म प्रमाणपत्र के लिए 71, कृषि से संबंधित डीप बोरिंग के लिए 1 एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत एनएनसी जांच के लिए पांच, जेएसएलपीएस में जुड़ने के लिए तीन व हेल्थ से संबंधित 31 आवेदन जमा किया गया। इसकी जानकारी पंचायत सचिव उज्जवल कुमार ने दी। मौके पर पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उप मुखिया, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार एवं दर्जनों सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, स्वास्थ्य कर्मी व अन्य शामिल थे।

### जेसीबी मशीन से बैट्री सहित जीपीएस की चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के लुब्धिया गांव निवासी हरिनाथ यादव पिता स्व. बैजनाथ यादव के जेसीबी मशीन से अज्ञात चोरों ने बैट्री सहित जीपीएस तार की चोरी कर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने बुधवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है कि घर के समीप जेसीबी मशीन लगा हुआ था और चोरों ने घर के दोनों तरफ का दरवाजा बाहर से बंद कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अहले सुबह उठे तो दरवाजा बंद रहने पर हो हल्ला किया। उसके बाद आस पास के लोगों ने दरवाजा खोला, तो देखा कि जेसीबी मशीन से बैट्री समेत अन्य समान की चोरी कर हो गई है। मालूम हो कि इन दिनों गिद्धौर प्रखंड में चोरों का आतंक काफी बढ़ा हुआ है। बीते शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा गिद्धौर से एक महिला के पर्स काटकर चोरी कर लिया गया। जबकि ब्रह्मपुर गांव निवासी आदित्य प्रसाद सोनी के घर से अज्ञात चोरों ने 5 केजी चांदी एवं 100 ग्राम सोना और डेढ़ लाख नगद चोरी कर लिया। लगभग दो सप्ताह में छोटे से बड़े कई घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। परंतु पुलिस अबतक चोरी के घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के जिला प्रतिनिधि बने राजेंद्र प्रसाद

**चतरा।** सांसद कालीचरण सिंह ने राजेंद्र प्रसाद को ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल का जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उपरोक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी सुभाष सिंह ने देते हुए बताया कि मनोनय से संबधित पत्र संबंधित विभाग को प्रेषित कर दी गई है। साथ मनोनयन का पत्र राजेंद्र प्रसाद को भी दी गई।

## धार्मिक व शैक्षणिक स्थलों के पास स्टेडियम निर्माण पर ग्रामीणों का आक्रोश फूटा



- महिलाओं ने रोक दिया काम प्रशासन पर मिलीभगत व मनमानी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** गढ़वाटांड़ में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण को लेकर मचा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के इस इलाके में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण, खासकर महिलाएं, निर्माण स्थल पर पहुंचीं और कार्य को रुकवा दिया। महिलाओं ने संवेदक और अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि यह निर्माण जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

ग्रामीणों के अनुसार, जिस स्थान पर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, वह पूरी तरह अनुपयुक्त है। एक ओर सरकारी विद्यालय संचालित है, वहीं दूसरी ओर दुर्गा मंडप स्थित है जहां हर वर्ष मेला आयोजित होता है। इसके अलावा, पास ही मुस्लिम समुदाय का इमामबाड़ा भी है, जहां धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मिश्रित क्षेत्र में स्टेडियम बनने से धार्मिक और सामाजिक सौहार्द पर असर पड़ेगा।

प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संवेदक और संबंधित अधिकारी आपसी मिलीभगत से खानापूर्ति के तहत कार्य शुरू करवा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि प्रशासन सच में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना चाहता है, तो उसे ऐसा स्थान चुनना चाहिए जो विवादमुक्त और विस्तृत हो। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि वर्तमान स्थल पर कार्य जारी रखा गया, तो वे सामूहिक विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि आस्था और शिक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। अगर सरकार सचमुच विकास चाहती है तो सही जगह चुने, ताकि सौहार्द और प्रगति दोनों कायम रहें।

## शिवाजी मैदान में दिवाली पर पटाखा दुकानों की अनुमति, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** आगामी दिवाली पर्व को देखते हुए नगर निगम ने शहर में पटाखा दुकानों के निर्धारण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस बार निगम ने शिवाजी मैदान को पटाखा बिक्री के लिए अधिकृत स्थल के रूप में चिन्हित किया है। निगम की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि शिवाजी मैदान को सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। यहां अग्निशमन विभाग की टीम और बिजली व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। नगर निगम सहायक आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि मैदान में करीब 30 स्टॉल लगाए जाएंगे, ताकि लोग सुरक्षित वातावरण में पटाखे खरीद सकें।उन्होंने स्पष्ट किया कि मैदान के बाहर या अन्य असुरक्षित स्थलों पर पटाखा दुकान लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिक मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखने और बिना अनुमति दुकान लगाने पर भी कानून के तहत कार्रवाई होगी। नगर निगम ने सभी दुकानदारों को पटाखों के भंडारण और बिक्री के लिए निर्धारित मानक नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया है।

## शिविर के दूसरे दिन बरवाडीह अंचल के वनाधिकार पट्टे की हुई जांच



- 25 सामुदायिक व 70 से अधिक दावा अभिलेखों की गयी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में बीते दिनों वनाधिकार कानून में पट्टे निर्गत करने की मांगों को लेकर करीब 10 हजार से अधिक आंदोलनकारी जुटे थे। वे अविलंब लंबित वनाधिकार दावों की मांग कर रहे थे। प्रशासनिक वायदे के मुताबिक अंचलवार दावा अभिलेखों की बारीकी से जांच एवं सुधार के लिए बुधवार को अनुमंडल कार्यालय लातेहार के सभागार में शिविर का दूसरे दिन बरवाडीह अंचल के दावों की जांच की गई। जिसमें करीब 25 सामुदायिक और 70 से अधिक दावा अभिलेखों की जांच राजस्व कर्मचारी एवं वनपालों ने की। अभिलेखों में आंशिक तौर पर ग्राम सभा का कोरम पूर्ण न होना, दावा प्रपत्रों में खाता सं., प्लाट सं. एवं रकबा अंकित न होना, भौतिक सत्यापन हेतु दूसरी सूचना की पावती संलग्न न होने जैसी त्रुटियां परिलक्षित हुई हैं।

मुख्य तौर से व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों तरह के दावा अभिलेखों में जहां वन विभाग के कर्मियों ने अपने मंतब्य दर्ज कर हस्ताक्षर किए हैं। उसमें लिखा है कि यह क्षेत्र पलामू ब्याघ्र परियोजना में आता है। ग्राम सभाओं को पूरे जंगल क्षेत्र में अधिकार हस्तगत कर देने से उक्त जंगल में मानवीय ब्यधान बढेगा और वन्य जीव आश्रयणी में जंगली जानवरों के अस्तित्व पर खतरा हो सकता है।

## फरार अभियुक्त के घर शहर थाना पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया।जानकारी के अनुसार, शहर थाना के एसआई चंद्रशेखर यादव ने अदालत के आदेश पर अभियुक्त पिंटू कुमार पिता अर्पण राम निवासी झोपड़पट्टी रेलवे स्टेशन थाना शहर जिला पलामू के घर पर धारा 82 के तहत इश्तेहार चिपकाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त पिंटू कुमार लंबे समय से फरार है और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहा है। पुलिस द्वारा कई बार नोटिस और समन भेजे जाने के बावजूद वह न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अभियुक्त के बारे में कोई सूचना मिले तो तुरंत शहर थाना को अवगत कराएं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अभियुक्त को छिपाने या सहयोग करने वालों पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एमएमसीएच में शुरू हुआ पलाश दीदी कैफे मरीजों को मिलेगा सस्ता और पौष्टिक भोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में बुधवार को पलाश दीदी कैफे की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन पलामू उपायुक्त समीरा एस तथा अस्पताल अधीक्षक अजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस कैफे का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को कम कीमत पर स्वच्छ, पौष्टिक और गर्म भोजन उपलब्ध कराना है। कैफे का संचालन स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपा गया है। झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (जे एस एल पी एस) से जुड़ी महिलाएं यहां भोजन तैयार करेंगी। इन्हें स्वच्छता और पोषण मानकों के तहत विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।

कैफे में सुबह का नाश्ता मात्र 30 रुपये में और दोपहर का खाना 50 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें चावल, दाल, सब्जी और अचार शामिल रहेगा। साथ ही चाय, इडली, कचौड़ी और बिस्कुट जैसी हल्की खाद्य सामग्री भी परोसी जाएगी। उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि पलाश दीदी कैफे मरीजों व उनके परिजनों के लिए कारगर साबित होगी। इससे न केवल अस्पताल आने वालों को राहत मिलेगी बल्कि ग्रामीण महिला समूहों को भी आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिलेगा। अस्पताल अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज और उनके परिजन आते हैं जिन्हें भोजन की समस्या से जूझना पड़ता है। अब उन्हें महंगे और अस्वच्छ भोजन के बजाय सस्ता व स्वच्छ खाना अस्पताल परिसर में ही मिल सकेगा।

## समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

**चतरा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (जेएसएफएसएस) के तहत पात्र लाभुकों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाने को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का शत-प्रतिशत उठाव और वितरण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाय, ताकि कोई भी पात्र लाभुक वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में भवन प्रमंडल, चतरा के कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंड स्तरीय गोदामों की मरम्मति का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## डीसी ने किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने मंडल कारा गढ़वा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जेल के प्रत्येक वार्ड का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, पेयजल, कंबल एवं सोने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने मंडल कारा के अस्पताल वार्ड का भी निरीक्षण किया और वहां भर्ती कैदी मरीजों से उनका हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल वार्ड में उपलब्ध दवाइयों, उपचार की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर एवं सेल की साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई। कैदियों ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें जेल प्रशासन द्वारा भोजन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं संतोषजनक रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके उपरांत उपायुक्त ने मंडल कारा के वीसी रूम, मुलाकाती कक्ष, लाइब्रेरी सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कैदियों की रुचि के अनुरूप लाइब्रेरी में और अधिक प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद पुस्तकों को जोड़ा जाए, ताकि वे अपने सुधार एवं आत्म-विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जेल सुरक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत जानकारी ली और सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-अधीक्षक मंडल कारा गढ़वा संजय कुमार, जेलर मेहसाद आलम सहित जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## वाद्य यंत्र का छात्रों ने किया प्रदर्शन

**मेराल।** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री श्री आनंद मूर्ति जी की प्रदत अष्टाक्षरी सिद्ध महा मंत्र बाबा नाम केवलम ने संगीत के साथ वाद्य यंत्र का प्रदर्शन बच्चों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बच्चों को सम्मानित किया गया। निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक,मानसिक एवं आध्यात्मिक प्रगति के लिए संगीत से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कर्म ही पूजा है। विद्वान मानते है कि ज्ञान ही संपूर्ण मानव जीवन के मार्ग तक पहुंचता है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक प्रगति के लिए संतुलन हेतु शास्त्र सम्मत निदेर्शों आत्म मोक्षार्थम जगत हिताय च का अनुकरण करना चाहिए। जो हताश,असहाय होने से बचाता है। 1970 में भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी द्वारा सिद्ध अष्टाक्षरी महामंत्र बाबा नाम केवलम प्रदत है। इसका अर्थ है विश्व ब्रह्मांड में एक मात्र परमप्रिय एवं परम आराध्य परमपिता परमेश्वर ही सब कुछ है। इस सिद्ध मंत्र का संकीर्तन परमानंद दायक, मुक्ति मोक्ष दायक, सुख शांति दायक, चिंता शोक विनाशक, पाप ताप नाशक, मनोवांछित फल दायक, बाधा विपत्ति विदुरक, पर्यावरण परिष्कृत कारक, शत्रुता विनाशक, रोग नाशक आदि विशेषताओं से परिपूर्ण है। संकीर्तन का नृत्य (ललित मार्मिक) आध्यात्मिक भाव तरंगों से संपन्न मानसध्यात्मिक व्यायाम है।

## क्षतिग्रस्त सड़क व पुलिया ठीक करने की मांग

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी के ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ नंदजी राम को लिखित आवेदन सौंप कर बीते दिनों भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़क और पुलिया को आने वाली छठ महापर्व को देखते हुए आवागमन हेतु अविलंब इसे दुरुस्त कराने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीण अभिषेक कुमार, अभिमन्यु कुमार, सतीश पासवान, मंटू कुमार, सूरज, चंदन विश्वकर्मा आदि ने जिक्र किया है कि आजादी के 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमारे टोले में न तो पक्की सड़क का निर्माण हुआ और ना ही स्वास्थ्य सुविधा बहाल हो सकी है, जबकि इस टोले की आबादी करीब 600 है। सरकारी उदासीनता के चलते आज भी यहां के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कहा कि बीते तीन अक्टूबर की रात हुई बारिश से अरसली उतरी छठ घाट से गड़ले टोला होते हुए बाईसाना पहाड़ तक मुख्य कच्ची सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, साथ ही नदी पर बने पुलिया के दोनों किनारो का मिट्टी बह जाने से सड़क टूट गई है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि पुल और सड़क क्षतिग्रस्त होने से मरीजों को अस्पताल ले जाने तथा छात्र-छात्राओं को स्कूल आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ से उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क और पुलिया की मरम्मती कराकर आवागमन बहाल करने की मांग की है।

## सीडीपीओ कार्यालय में वसूली से जुड़ी खबर पर महिला पर्यवेक्षिकाओं ने दी प्रतिक्रिया

**नावाबाजार, पलामू।** सीडीपीओ कार्यालय से जुड़ी हालिया खबर पर विश्रामपुर परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। परियोजना में पदस्थापित शिमला कुमारी एवं एकता नाथ ने बताया कि समाचार प्रकाशित होने से पूर्व न तो उनसे और न ही उनके उच्च पदाधिकारियों से कोई आधिकारिक जानकारी या पक्ष लिया गया था। उनका कहना है कि समाचार में यह उल्लेख किया गया कि उनका मोबाइल ऑफ मिला, जबकि उनका एवं कार्यालय का फोन हमेशा चालू रहता है।महिला पर्यवेक्षिकाओं ने बताया कि वे अगस्त 2024 से विश्रामपुर परियोजना कार्यालय में कार्यरत हैं, ऐसे में वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के मामलों से उनका कोई संबंध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि समाचार में वर्णित बातें तथ्यों से मेल नहीं खातीं। इस प्रकार के समाचारों से उनके तथा उनके कार्यालय की कार्यप्रणाली पर अनावश्यक प्रश्नचिह्न लगना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आग्रह किया है कि भविष्य में किसी भी समाचार प्रकाशन से पूर्व संबंधित पदाधिकारियों से उनका पक्ष अवश्य जाना जाए, जिससे तथ्यों का सही और संतुलित रूप पाठकों तक पहुंच सके।

## यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के तलशबरिया गांव निवासी राणा उर्फ बबलू पासवान पिता रामजन्म पासवान को पुलिस ने 122/25, यौन शोषण मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध की टांगी से काटकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**बड़गड़।** थाना अंतर्गत मदगढ़ी गांव में डायन बिसाही के मामले में उत्पन्न विवाद में एक पक्ष द्वारा टांगी से गर्दन पर वार कर एक 60 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा प्रतिशोध में मृतका के पुत्र अमर लोहार ने अपनी मां के हत्यारे दो लोगों में से एक बाघा किसान को टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर बड़गड़ थाना पुलिस देर शाम को घटनास्थल पर पहुंची व मृतका के शव को कब्जे में ले कर थाने ले आई। थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डायन विषय के मामले को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुई। इसी बीच एक पक्ष मृतक फूलकिरिया देवी उम्र करीब 60 वर्ष पति मीटकू लोहार पर उसके पड़ोसी बाघा किसान एवं सावन किसान ने टांगी से गर्दन पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। इसके प्रतिशोध में मृतका के पुत्र ने भी अपनी मां के एक हत्यारे को टांगी से ही वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे इलाज के लिए रांची रिम्स अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की प्राथमिकी बड़गड़ थाना कांड संख्या 28/2025 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी गई है। मृतक महिला का शव अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया गया है।

## झगड़ाखांड़ की छात्राओं ने भंडरिया टीम को हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** जिला मुख्यालय स्थित राम साहू +2 उच्च विद्यालय के क्रीडा मैदान में आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता -2025, अन्तर्गत बालिका वर्ग अंडर-19 कबड्डी में भवनाथपुर प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय झगड़ाखांड़ की छात्राओं ने भंडरिया की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । उनके विजयी होने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित करते हुए छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और साथ ही खेल प्रशिक्षक श्री घनश्याम गुप्ता की भी हृदय से सराहना की। प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अब बेटियां किसी से कम नहीं है, वे प्रत्येक क्षेत्र में अपना स्थान स्थापित करने में सक्षम है। उन्होंने छात्राओं को राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का नेतृत्व करने के लिए अग्रिम शुभकामना देते हुए कहा कि यह टीम निश्चय ही विजयी होकर रांची में भी अपना परचम स्थापित करेंगी। छात्राओं के इस सम्मान समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमाशंकर पाठक, खेल प्रशिक्षक घनश्याम गुप्ता, अमित कुमार सिंह, विजय कुमार रवि, राम आसरे पाल,मिथिलेश दुबे, रवि गुप्ता, रमाशंकर प्रजापति सहित सभी शिक्षक एवं लिपिक विभूति कुमार सिंह उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर भारत पर कार्यशाला का आयोजन

**मेराल।** भारतीय जनता पार्टी के निदेर्शानुसार बुधवार को हाई स्कूल के मैदान में आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में प्रधानमंत्री का भारत विकसित को पूरा करने पर चर्चा की गई। बैठक में राजकुमार मद्धेशिया ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी कटिबद्ध है। जिससे वैश्विक स्तर पर देश मजबूत तथा प्रभावशाली बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज जायसवाल ने किया। बैठक में हरेंद्र द्विवेदी रुपू महतो अमित कुमार, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, चंद्रमणि पाठक, नरेश सिंह, उपेंद्र गुप्ता, राजेश यादव, भोला पासवान, अनीश अंसारी, रविशंकर सिंह, वीरेंद्र चौधरी, आनंद चंद्रवंशी, सिकंदर पासवान, सुरेश शर्मा, शंभू महतो शामिल थे।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक

- बाइक बेचने के नाम पर की 34 हजार की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव निवासी मनोज उरांव का पुत्र अजीत उरांव साइबर ठगी का शिकार हो गया है। युवक ने बताया कि 2 अक्टूबर को फेसबुक चलाते समय उसे एक अपाची बाइक की आकर्षक तस्वीर दिखाई दी। फोटो पर क्लिक करते ही एक व्यक्ति ने संपर्क किया, जो खुद को फौजी बताकर बेहद कम दाम में बाइक देने का झांसा देने लगा। ठग ने विश्वास जीतने के बाद किश्तों में दो-दो हजार रुपये लेकर बाद में 12 हजार 500 रुपये और मांगे। इस तरह कुल करीब 34 हजार रुपये ठग लिए गए। अजीत ने बताया कि पैसे भेजे एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद न बाइक मिली और न ही रकम लौटी, उल्टे ठग अब भी फोन कर और पैसे की मांग कर रहा है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत श्री बंशीधर नगर थाना में दर्ज कराई है। वहीं थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर सस्ते ऑफर या अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं। साइबर ठग अब नई-नई तरकीबों से भोले-भाले लोगों को निशाना बना रहे हैं।

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान

- छात्र-छात्राओं को दिए साईबर से बचाव का दिए जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**धुरकी।** थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने टेन प्लस टू हाई स्कूल धुरकी के विद्यालय में एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नव एवं दश वर्ग के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों और अपराधों के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी ने बच्चों को विशेष रूप से साइबर अपराध, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए सोशल मीडिया या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी साझा न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। दहेज प्रथा और नशे की बुराई पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों सामाजिक बुराइयां हैं जो परिवार और समाज को अंदर से कमजोर करती हैं। युवाओं को इनसे दूर रहना चाहिए और समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट या सीट बेल्ट का प्रयोग करें और यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। जनार्दन राउत ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपने जीवन में अनुशासन और ईमानदारी को अपनाएं ताकि समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पहचान बना सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के छात्र भविष्य के राष्ट्र निमार्ता हैं, इसलिए उन्हें अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे जिन्होंने थाना प्रभारी के विचारों को बड़े ध्यान से सुना और समाज में सुधार लाने का संकल्प लिया।

## यूनियन बैंक का आइएफएससी कोड काम नहीं करने से खाताधारक परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**




**केतार।** प्रखंड के परती- कूशवानी पंचायत भवन में संचालित यूनियन बैंक शाखा का आईएफएससी कोड काम नहीं कर रहा है। जिस कारण बैंक से जुड़े 800 खाताधारकों को डिजिटल पेमेंट करने में काफी परेशानी हो रही है। गूगल पे, फोन पे ,और पेटीएम जैसे ऐप काम नहीं कर पा रहा है। खाताधारक संतोष कुमार, रिना देवी, गीता देवी, आशिष कुमार ने बताया कि खाता खुलवाएं एक वर्ष हो गया है, लेकिन आईएफएससी कोड काम करने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करने में दिक्कत और समूह लोन भी नहीं मिल रहा है। खाता धारकों द्वारा बैंक के ईमेल आईडी पर कई बार शिकायत की गई लेकिन इसका समाधान नहीं किया गया। जिस कारण उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बैक द्वारा पांच सीएसपी केंद्र भी जुड़े हैं वहां भी ग्राहक शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। खाताधारक अपना बैंक खाता बंद करवाने के लिए बैंक पहुंच रहे हैं। इधर यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक अमित गौतम ने कहा कि वरीय पदाधिकारी को इसकी जानकारी कई अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया।

## टेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**रंका।** एनएच-343 खुथवा मोड़ के पास टेलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गयी। अंबिकापुर पोटरू पारा के 25 वर्ष एक युवक नाम राजन सोनी पिता बबलू सोनी अपने मामा के घर डाल्टनगंज गया हुआ था। मामा के घर से अपने घर अंबिकापुर पोटरूपारा पर जा रहा था। छत्तीसगढ़ से रंका की और आ रहे मालवाहक टेलर रंका खुद मोड एनएच-343 के चपेट में आ गया। कटरा पंचायत के समाज सेवी नसीम अंसारी घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक की शव को निकलवाने में मदद किया।

## पीएलवी ने चलाया जनसंपर्क व जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रंका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा, गढ़वा से जुड़े पीएलवी के द्वारा जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान चनाया गया। अभियान में विधवा महिलाओं एवं उनके बच्चों को न्याय और लाभ दिलाने हेतु कर रहे हैं। रंका कला पंचायत के स्थानीय बर मोहल्ला निवासी एवं अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखने वाली विधवा महिला शीला देवी, (पति स्वर्गीय प्रमोद प्रसाद) के यहां दो सदस्यीय पी एल वी टीम जिनमें रंका प्रखंड पी एल वी कैमुद्दीन अंसारी एवं मानपुर ग्राम पंचायत के पी एल वी अमरेन्द्र कुमार शामिल हैं। ज्ञात हो की शिला देवी अपने दो छोटे बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने हेतु कागजी प्रक्रिया को लेकर बेहद परेशान थी। उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि स्पॉन्सरशिप योजना के लिए कौन-कौन सी कागजात कहां से बनाया जाता है। ऐसे में इसकी सूचना प्रखंड पीएलवी कैमुदीन अंसारी एवं मानपुर ग्राम पंचायत पीएलवी अमरेन्द्र कुमार के पास पहुंची तत्पश्चात दोनों पीएलवी उनके घर जाकर के विस्तार पूर्वक से शीला देवी को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ लेने हेतु कागजी प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक से बताया और साथ ही इसमें अपनी सहभागिता निभाते हुए कागजात तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के झगड़ाखांड गांव में घरेलू विवाद के चलते एक नाबालिग युवक ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झगड़ाखांड निवासी जयकुमार राम का 15 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार किसी आवश्यक कार्य के लिए पैसे की मांग कर रहा था। अभिभावक द्वारा मना करने पर आक्रोशित होकर राकेश ने कीटनाशक दवा पी ली। स्थिति बिगड़ने पर स्वजनों ने तुरंत उसे भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अति अल्पकालीननिविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.- 24/2025-26

पत्रांकः–926 दिनांक :–08.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 15.10.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 16.10.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16.10.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, का कार्यालय हजारीबाग । 3. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01, चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Registration Counter, Painting Work and Herbal Garden Work for the Year 2025-26 | 11,58,540.00 | 23500.00 | 2500.00 | 02 Months |

नोटः– 1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
1. बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 363638 Building(25-26).D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 03/2025–26

(2nd Call) गैर–योजना मद

{पूर्व का PR 357086 Lohardaga(25-26).D}

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 15.10.2025 (कार्यालय अवधि में)। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 16.10.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16.10.2025 को अपराह्न 3:30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं॰–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची–834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची–834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा–835302. |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | क्रमांक 6 के अनुसार। |

8. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र॰ सं॰ | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोहरदगा–गंगूपाड़ा–पेशरार पथ के 2रे कि॰मी॰ में पथ के किनारे पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य (लम्बाई–850 मीटर)। | 2498377.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. | द्वितीय |
| 2. | Repairing and Maintenance of Divisional Office, Sub-Divisional Office and J.E. Quarter. | 1999998.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. | द्वितीय |

1. निविदा की शर्त्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जो कि परिमाण–विपत्र की बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. बिना कारण बताये विभाग को किसी या सभी निविदा को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 363612 Lohardaga(25-26).D


## परेशानी
### नल-जल योजना बनी शो-पीस, दो वर्षों से अधूरा पड़ा है काम

# संवेदक की लापरवाही से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वच्छ जल

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के परसोडीह पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल-जल योजना की स्थिति बेहद खराब है। पंचायत क्षेत्र में लगभग सात करोड़ की लागत से बांसडीह कला, बांसडीह खूर्द, चौरा और कधवन गांव में 46 सोलर जलमीनार लगाए जाने हैं, लेकिन बीते दो वर्षों से संवेदक द्वारा केवल जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा कर काम अधूरा छोड़ दिया गया है। स्ट्रक्चर में सोलर पैनल और पानी की टंकी नहीं लगाए जाने से अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, पर यहां पूरी प्रणाली विफल साबित हो रही है। इसका खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बांसडीह गांव के ग्रामीण गणपत साह, बिलैती साह, पिंटू पासवान, भोला साह, लक्ष्मण साह, राजकिशोर साह और प्रमोद प्रजापति ने आरोप लगाया कि संवेदक की मनमानी और लापरवाही के कारण आज तक नल-जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका है। बरसात के दिनों में ग्रामीण दूषित जल पीने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि संवेदक द्वारा घर-घर पाइप कनेक्शन तक नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जहां 200 फीट बोरिंग की जानी चाहिए थी, वहां सिर्फ 40-50 फीट की बोरिंग की गई है, जो इस क्षेत्र की जल जरूरतों के लिए बिल्कुल अपर्याप्त है। गर्मी के दिनों में यह बोरिंग सूख जाएगी और योजना निष्प्रभावी साबित होगी। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या की शिकायत कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन से नल-जल योजना को शीघ्र चालू कराने की मांग की है। इस संबंध में संवेदक का कहना है कि फंड की कमी के कारण कार्य अधूरा रह गया है।

# न्यूज बॉक्स

## चंदवा से गायब छात्र बरकाकाना से सकुशल बरामद

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक से सोमवार की सुबह कक्षा आठ के एक नाबालिग छात्र के अपहरण का मामला सामने आया है। हालांकि, पुलिस और आरपीएफ की तत्परता से छात्र को बरकाकाना से सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्चे के पिता सुनील उरांव, गेरेंजा (बालूमाथ) ने बताया कि मेरा पुत्र सीएम एसओई विद्यालय, लातेहार में कक्षा आठ में पढ़ता है। सोमवार को वह लातेहार जाने के लिए बस से चंदवा पहुंचा था और इंदिरा गांधी चौक पर दूसरी बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक ओमनी वैन आकर रुकी, जिसमें बैठे लोगों ने उसे लातेहार चलने का झांसा देकर गाड़ी में बैठा लिया। उक्त ओमनी वैन में पहले से दो बच्चे बैठे थे। कुछ देर बाद छात्र बेहोश हो गया। शाम के समय वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जब बच्चे को होश आया। उसने देखा कि ड्राइवर स्टेयरिंग में फंसा है। वह किसी तरह बाहर निकलकर भागा और पास से गुजर रही ट्रेन में सवार होकर बरकाकाना पहुंच गया। वहां आरपीएफ ने बच्चे से पूछताछ की तथा सुरक्षित बाल कल्याण केंद्र को सौप दिया। बाद में सूचना मिलने पर परिजन बरकाकाना पहुंचे और छात्र को सकुशल घर ले आए।

## लातेहार के हरेंद्र ने जीता रजत पदक

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार धर्मपुर के कक्षा नवम के छात्र हरेंद्र कुमार ने विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के तत्वावधान में सरस्वती बालिका मंदिर, पूर्णिया (उत्तर बिहार) में आयोजित 36वें क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किशोर वर्ग की भाला फेंक स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। हरेंद्र को सभी ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के पलामू विभाग के निरीक्षक अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र कुमार पांडे और समिति के सभी सदस्यों ने भैया हरेंद्र को इस सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा भैया हरेंद्र की यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी अपने परिश्रम और लगन से विद्यालय, जिला एवं प्रदेश का नाम इसी प्रकार उज्ज्वल करते रहेंगे। भैया हरेंद्र की यह उपलब्धि उनके अनुशासन, कठोर परिश्रम और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

## बीडीओ की अध्यक्षता में पीडीएस दुकानदारों की बैठक संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीडीएस दुकानदारों को पेंशन योजना के लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (एनएसएपी) से जुड़े पेंडिंग डाटा को शीघ्र पूरा करने को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने सभी दुकानदारों से कहा कि पेंशनधारियों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट समय पर बनवाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि पेंशन वितरण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही एनएसएपी (राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम) के अंतर्गत लंबित डाटा की प्रतियां भी दुकानदारों को सौंपी गईं, ताकि निर्धारित समय सीमा में सभी अद्यतन कार्य पूरे किए जा सकें। बैठक के अंत में अधिकारियों ने दुकानदारों से सहयोग और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, अमित कुमार गुप्ता, रमेश प्रसाद, प्रसाद गुप्ता, विनय कुमार, शाहिद खान, रामपाल उरांव, गोविंद भोगता, बालदेव गंझू, मुंशी प्रसाद, कलावती देवी, कुमुदिनी हांसदा, संतोष प्रसाद समेत सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मौजूद थे।

## ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर नगर मोड़ के समीप बुधवार की दोपहर बाद एक ट्रेलर और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ट्रेलर की चपेट में आने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में बाइक सवार संतोष उरांव, पिता राजेश उरांव,(नवाटोली चकला, चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। सड़क पर खुन बिखरा था। घटना के बाद सामाजिक कार्यकर्ता नौशाद खान, संजीव कुमार, राजीव कुमार उरांव व संजय उरांव ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत मदद के लिए आगे आए और एंबुलेंस बुलाया। हालांकि, उपचार के लिए ले जाने से पहले ही घायल संतोष उरांव ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं। एक बच्चे का जन्म 15 दिन पूर्व हुआ है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताते चले कि इन दिनों चंदवा में रफ़्तार का कहर देखने को मिल रहा है जिसमें अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 12 अक्टूबर को

**नेतरहाट (लातेहार)।** राज्य के प्रतिष्ठित सरकारी विद्यालय नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इस बार परीक्षा का पैटर्न बदला गया है और यह दो पालियों में ली जाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य के पांच प्रमंडल मुख्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। आवेदन की जांच के बाद 140 अभ्यर्थियों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए हैं। इनमें अधिकतर अभ्यर्थियों ने या तो पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी या प्रमाणपत्र अपलोड नहीं किया था। रद्द अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है।

### उपायुक्त ने किया लातेहार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण

# जन कल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता : उत्कर्ष गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा लातेहार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं ग्रामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की स्थिति तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने धनकारा पंचायत के मननचोटाग ग्राम स्थित जनजातीय कल्याण अस्पताल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। इसके पश्चात पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत संचालित केला पकाने की इकाई का निरीक्षण किया और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अलावा उपायुक्त ने +2 हाई स्कूल, नावागढ़ निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं स्वच्छता की स्थिति की जांच की और छात्रों की शैक्षणिक प्रगति के संबंध में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता में और सुधार लाने के निर्देश दिए। पंचायत सचिवालय, नावागढ़ के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सरकारी योजनाओं से संबंधित अभिलेखों की जांच की और आमजन को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य केन्द्र नावागढ़ के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दवा भंडारण, प्रसव कक्ष, ओपीडी एवं टीकाकरण की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को स्वच्छता एवं मरीजों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम नावागढ़ में लाखो देवी के अबुआ आवास का गृह प्रवेश संपन्न कराया गया।

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा चयनित शिल्पकारों द्वारा बनाये गए इलेक्ट्रिक चाक एवं मिट्टी से बने अन्य वस्तुओं को देखा एवं स्थानीय ग्रामीणों (शिल्पकारों) से संवाद स्थापित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। उपायुक्त के द्वारा कुल सात लाभुकों के बीच इलेक्ट्रॉनिक चाक का वितरण किया गया।

धनकारा पंचायत के नावाडीह ग्राम में उपायुक्त ने बांस आधारित उत्पादों का अवलोकन किया तथा स्थानीय बांस हस्तशिल्पकारों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उपायुक्त ने हस्तशिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की और उन्हें उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केन्द्र, नावाडीह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, वजन मापन एवं साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने आंगनवाड़ी सेविकाओं को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पोषाहार की गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अन्नप्राशन एवं गोदभराई किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित कार्यपालक अभियंता, अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक ने किया पारंपरिक काली जतरा मेला का उद्घाटन

**चंदवा।** पारंपरिक काली जतरा मेला समिति द्वारा आयोजित ऐतिहासिक जतरा मेला का उद्घाटन विधायक प्रकाश राम के द्वारा किया गया। उन्होंने इस मौके कर कहा कि काली जतरा मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और यह हमें अपनी परंपराओं से जोड़ता है। मुझे खुशी है कि इतने सुदूरवर्ती ग्रामीणों ने इस मेले में भाग लिया। यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज में भाईचारा और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। सभी ग्रामीण अपनी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं। इससे पूर्व अतिथियों का बैच, शॉल और बुके देकर स्वागत किया गया। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, आदर्श रवि राज, राजू उरांव,इरशाद मुन्ना व श्रवण गुप्ता और डुमारो मुखिया सुनीता खलखो उपस्थित रहे। वर्षों पुरानी परंपरा वाले इस मेले में सुदूरवर्ती ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मौके पर आयोजन समिति में सुशील उरांव, रवि तुरी, अलोक यादव, पुरुषोत्तम कुमार साहू, अजय उरांव, पूनम देवी और मानती देवी के अलावे विनय कुमार रिक्की, राजन भगत, शिवकेश्वर यादव,अवधेश यादव और जयराम साहू समेत कई लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने मेले का आनंद लिया और अपने बच्चों के साथ परंपरागत उत्सव में शामिल हुए।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला

**महुआडांड़।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर बुधवार को महुआडांड प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला डाक बंगला परिसर में महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में उपस्थित लोंगो को संबोधित करते हुए हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्वदेशी ताकत ही सबसे बड़ी शक्ति है। यदि हर घर में स्वदेशी अपनाया जाएगा तो आत्मनिर्भर भारत का सपना जल्द ही साकार हो जाएगा। यह केवल आर्थिक सशक्तिकरण का मंत्र नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और स्वाभिमान से जुड़ा अभियान है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी संकल्प अभियान भारत को आर्थिक मजबूती में सहायक बनेगा। साथ ही, स्थानीय कारीगर, किसान और छोटे उद्योग से भारत सशक्त होगा। इस अवसर पर भाजपा के मंडल महामंत्री सुनील जायसवाल, प्रशांत सिंह, आनंद किशोर नाथ शाह, दिलीप प्रसाद, केश्वर जायसवाल आदि की भाजपाई मौजूद थे।


### शपथ पत्र



मैं, तरूण राम उम्र करीब 38 वर्ष, पिता- जगदीश राम, ग्राम- मकरा, पो०- बेसरा, थाना- बारियातु, जिला- लातेहार, राज्य- झारखण्ड का स्थायी निवासी हूं। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड सं0- 2465 0406 8778 में रौनक राज (Rounak Raj), जन्म तिथि- 28.10.2015 ई० पता- सन राईज स्कूल के पास, कमडे आश्रम, द्वारिकापुरी, रांची दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे उक्त पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं०- B-20252002714000002१ जारी दिनांक 06.03.2025 ई० में अभी राज (Abhi Raj), जन्म तिथि- 28.10.2018 ई० पता ग्राम- मकरा, पो०- बेसरा, थाना- बारियातु, जिला- लातेहार दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे उक्त पुत्र का आधार कार्ड सं0- 2465 0406 8778 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम- रौनक राज (Rounak Raj), जन्म तिथि- 28.10.2015 ई0 पता- सन राईज स्कूल के पास, कमड़े आश्रम, द्वारिकापुरी, रांची दर्ज है। आज के बाद से मेरे पुत्र अभी राज (Abhi Raj). जन्म तिथि- 28.10.2018 ई० पता ग्राम- मकरा, पो०- बेसरा, थाना-बारियातु, जिला- लातेहार है अब मेरा पुत्र इसी नाम, जन्म तिथि एवं पता से जाना एवं पहचाना जायेगा। आज के बाद मेरा पुत्र समस्त तरह की सभी कार्य इसी नाम, जन्म तिथि एवं पता से करेगा।

**शपथ पत्र संख्या : 30026, दिनांक : 08/10/2025**

### शपथ पत्र



मैं, तरूण राम उम्र करीब 38 वर्ष, पिता- जगदीश राम, ग्राम- मकरा, पो०- बेसरा, थाना- बारियातु, जिला- लातेहार, राज्य-झारखण्ड का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड सं०- 9786 4602 7248 में रिशु राज (Rishu Raj). जन्म तिथि - 24.01.2014 ई० पता- सन राईज स्कूल के पास, कमड़े आश्रम, द्वारिकापुरी, रांची दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे उक्त पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं०-B-20252002714000010८ जारी दिनांक- 27.09.2025 ई0 में अयांश राज (Ayansh Raj). जन्म तिथि- 24.01.2016 ई० पता ग्राम- मकरा, पो०- बेसरा, थाना- बारियातु, जिला- लातेहार दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे उक्त पुत्र का आधार कार्ड सं0- 9786 4602 7248 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम- रिशु राज (Rishu Raj), जन्म तिथि- 24.01.2014 ई० पता- सन राईज स्कूल के पास, कमड़े आश्रम, द्वारिकापुरी, रांची दर्ज है। आज के बाद से मेरे पुत्र अयांश राज (Ayansh Raj), जन्म तिथि- 24.01.2016 ई० पता ग्राम- मकरा, पो०- बेसरा, थाना-बारियातु, जिला- लातेहार है अब मेरा पुत्र इसी नाम, जन्म तिथि एवं पता से जाना एवं पहचाना जायेगा। आज के बाद मेरा पुत्र समस्त तरह की सभी कार्य इसी नाम, जन्म तिथि एवं पता से करेगा।

**शपथ पत्र संख्या : 30027, दिनांक : 08/10/2025**


## शहीद एसडीपीओ विनय भारती को दी गयी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शहीद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनय भारती के शहादत दिवस पर बुधवार को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित शहीद विनय भारती पार्क में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कीर्तिश्री और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल सहित कई वरीय प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस के जवान उपस्थित रहे। सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय, एसडीपीओ, अंचलाधिकारी तथा सदर थाना प्रभारी भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि 8 अक्टूबर 2005 को कुंदा थाना क्षेत्र के बनियाडीह पहाड़ी पर नक्सलियों द्वारा बिछाए गए जाल में ड्यूटी के दौरान तत्कालीन एसडीपीओ विनय भारती वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस घटना में कई अन्य सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुए थे। राज्य पुलिस बल द्वारा उस दिन दिखाए गए साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान को आज भी पूरे झारखंड में श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। उपायुक्त ने शहीद एसडीपीओ विनय भारती को नमन करते हुए कहा कि शहीद विनय भारती ने उग्रवाद के विरुद्ध अभियान में सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राज्य को नक्सल आतंक से मुक्त कराने में पुलिस बल के अनेक अधिकारियों और जवानों ने अमूल्य योगदान दिया है। शहीद विनय भारती का बलिदान इसी श्रृंखला की एक ऐतिहासिक मिसाल है। झारखंड पुलिस उनके अदम्य साहस को नमन करती है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में नक्सलवाद लगभग समाप्ति की ओर है और शेष सक्रिय उग्रवादियों से अपील की गई कि वे सरकार की सरेंडर नीति का लाभ उठाते हुए मुख्यधारा में शामिल हों।

## पूर्व सैनिक व बैंकर्स ने मनाया 93वां भारतीय वायुसेना दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पूर्व सैनिक व बैंकर्स द्वारा बुधवार को 93 वां भारतीय वायुसेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय कारगिल पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल पार्क में स्थापित आदमकद शहीद स्मारक पर क्रमवार माल्यापर्ण कर किया गया। वायुसेना दिवस के मौके पर संयुक्त रूप से केक काटा गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाये। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के मुरारी प्रसाद शर्मा ने कहा कि भारतीय वायुसेना दिवस हर साल 8 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसी दिन 1932 में वायुसेना की स्थापना हुई थी। वायुसेना दिवस भारतीय जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। वायुसेना देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है और विभिन्न आपदाओं में राहत एवं बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मौके पर अंजनी ठाकुर (एसबीआई स्टेशन), राजन प्रसाद (इंडियन बैंक), अभिषेक गौरव (पीएनबी), महा दिल लोहरा (एसबीआई, लातेहार), जितेंद्र सोनी (इंडियन रेलवे), सेवानिवृत शिक्षक बलिराम सिंह, नंद किशोर यादव, उमेश कुमार अग्रवाल (एडीबीआई स्टेशन), दीपक साव (एसबीआई स्टेशन), वैधनाथ प्रसाद सिंह (भारतीय नौ सेना), राजीव कुमार उपाध्याय (व्यवहार न्यायालय), राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद थे।

## कुपोषित बच्चे को एमटीसी में कराया गया भर्ती

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के द्वारी गांव निवासी आरूषी कुमारी कुपोषण से ग्रसित हो गई है। जिसको इलाज हेतु कुपोषण उपचार केंद्र चतरा में भर्ती किया गया है। आरूषी दुवारी आंगनवबाड़ी मध्य पोषण क्षेत्र से है। उक्त जानकारी पोषण सखी सुषमा देवी दी। वहीं ग्रामीणों का इस संबंध में कहना है कि सरकार की ओर से कुपोषण उपचार केंद्र का प्रचार प्रसार करके लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

### लक्ष्मी नर्सिंग होम पर 10 हजार का जुर्माना

## एक सप्ताह के भीतर लाइसेंस रिन्यूअल नहीं करने पर होगा सील




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक नियम के विरूद्ध स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहे निजी क्लिनिकों, नर्सिंग हॉम व अल्ट्रासाउंड संचालकों के खिलाफ एक्शन में नजर आ रहे है। बुधवार को लातेहार एसडीओ अजय कुमार रजक ने जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि हॉस्पिटल का लाईसेंस की अवधि समाप्त हो चुका है और संचालक के द्वारा इसे रिन्यूअल नहीं कराया गया है, जिसके बाद एसडीओ नाराज हो गए और संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया। साथ ही उन्होंने संचालक को सख्त आदेश देते हुए कहा कि अगले एक सप्ताह के अंदर यदि लाईसेंस रिन्यूअल नहीं कराया तो हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। आपको ज्ञात हो कि इसके पूर्व एसडीओ श्री रजक के द्वारा सिटी हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउण्ड विशेषज्ञ नहीं होने के कारण कार्रवाई की थी। लक्ष्मी नर्सिंग होम के औचक निरीक्षण के दौरान एसडीओ अजय कुमार रजक ने कहा कि लोगों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज सिटी हॉस्टिपल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अनुमंडल में संचालित वैसे लोग जो निजी क्लिनिक, नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउण्ड का संचालन कर रहे है और सरकार के बताए गाइडलाईन के विरूद्ध कार्य कर रहे है वैसे संचालकों को सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। लक्ष्मी नर्सिंग होम के औचक निरीक्षक के दौरान एसडीओ अजय कुमार रजक के साथ डीआरडीए निदेशक प्रभार रंजन सहित संबंधित लोग मौजूद रहे।

## केवीके में प्रशिक्षण सह महिला कृषक गोष्ठी

**बालूमाथ।** पोषण पखवाड़ा के तहत कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ में पोषण माह के दौरान, जिसमें लातेहार जिला के विभिन्न गांव से कृषक और कृषक महिला आकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर राजीव कुमार ने महिलाओं को अपने पोषण पर पूरा ध्यान देने को कहा और अपने पोषण वाटिका में मौसम के अनुसार साग सब्जी लगाकर अपने संतुलित आहार में शामिल करें।

### विभिन्न शिक्षक संगठनों ने मिलकर बनाया शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति

# शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न डालें सम्मान करें : समन्वय समिति

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एसओई लातेहार के प्रांगण में शिक्षक नरेंद्र कुमार पांडेय के अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक कर संघर्ष समन्वय समिति का गठन किया। जिसमें सभी संगठन (प्राथमिक,माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक) के नेतृत्वकर्ताओं ने एक स्वर में विभाग को अल्टीमेटम दिया कि शिक्षकों को बेवजह परेशान ना करें विभाग, विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। अगर राज्य स्तर पर जिला किसी भी कार्य में पीछे रह जाता है तो इसके लिए मॉनिटरिंग सिस्टम में सुधार लाकर कार्य को किया जा सकता है। शिक्षकों को बदनाम करके नहीं अगर बेवजह शिक्षकों को परेशान किया गया तो शिक्षक विवश होकर आंदोलन को बाध्य होंगे। शिक्षक संगठनों ने जिला पदाधिकारी से मांग किया है कि जिला कार्यालय में से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले को हटाया जाए जो शिक्षक को दोहन करने में लगे हुए हैं।

ज्ञातव्य है कि जिला कार्यालय अपने मनपसंद कर्मी को लातेहार में प्रतिनियुक्त कर नियुक्ति जैसे गोपनीय कार्य में लगा रखा है। जिसका गलत लाभ उठाकर बिचौलिए का कार्य कर रहे हैं। कई शिक्षकों से ऐसी जानकारी संगठन को प्राप्त हो रही है कि सहायक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। पदस्थापन को लेकर सहायक आचार्य को मनचाहे विद्यालय में पदस्थापन का प्रलोभन देकर बिचौलिए का कार्य कर रहे हैं। जिससे शिक्षकों में डर का माहौल है और लातेहार जिले की बदनामी हो रही है। साथ ही नियुक्ति एवं प्रोन्नति जैसे गोपनीय कार्यों में शिक्षकों से कार्यालय कार्य करवाना कहीं से उचित नहीं है इसका सभी शिक्षक संगठनों ने पुरजोर विरोध किया है। बैठक में झारोटेफ अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, अजाप्ता अध्यक्ष अमुल्य रत्न द्विवेदी, महासचिव अजय कुमार, झारखंड राज्य प्राइमरी टीचर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सुलेमान एक्का, झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ सचिव चन्दन कुमार सिंह, झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ सचिव प्रदीप कुमार सिंह, झारोटेफ जिला मीडिया प्रभारी संदीप पासवान, माध्यमिक प्लस टू शिक्षक संघ जिला सचिव संतोष पासवान, सहायक शिक्षक प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, अध्यापक जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, तृप्ति भारती, संजीव कुमार चंद,्र दिलीप कुमार सिंह, धीरज कुमार, उषा बेक, फ्रांसिस्का तिग्गा, दशरथ सिंह, आनन्द पांडेय,निखिल गुप्ता सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि शामिल थे।


## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

### अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 24/2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर मोरम एवं छरी के डस्ट की आपूर्ति किया जाना है। जो निम्नवत है।

| क.सं. | सामग्रियों का विवरण | मात्रा | सभी कर सहित दर |
|---|---|---|---|
| 01 | मोरम | प्रति ट्रैक्टर | |
| 02 | छरी का डस्ट | प्रति ट्रैक्टर | |

उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/संवेदक उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति हेतु अपना कोटेशन सभी कर सहित दर दिनांक 16.10.2025 को अपराहन् 2:30 बजे तक नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में अध्यतन आयकर प्रमाण पत्र (आयकर एकनॉलेजमेन्ट एवं पैन कार्ड), अध्यतन GST से संबंधित रजिस्ट्रेशन ,3B Return का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ जमा कर सकते है। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में श्रीमति जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से ली जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 363549 Urban Development(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (डी०एम०एफ०टी० मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/29/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के नगर पंचायत अन्तर्गत गुरूकुल बालिका छात्रावास, माको लातेहार के परिसर में मेडिकल/इंजीनियरिंग का कोचिंग क्लास हेतु भवन का निर्माण। | 92,02,200 | 1,84,044 | 10,000 | 6 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 363527 Rural Development (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## नौवीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में लोहरदगा की आठ बालिकाएं चयनित



**कुडू।** दिल्ली के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली नौवीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले की आठ बालिका खिलाड़ियां भाग लेंगी। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रही इन खिलाड़ियों का चयन बीते अगस्त धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में हुआ था। जिसमे 14 वर्ष आयु वर्ग में कैरो प्रखंड की पलक रानी, आकांक्षा, प्रियांशु और सिवनी कुमारी ने स्वर्ण पदक एवं 17 वर्ष आयु वर्ग में कूडू प्रखंड की रेणुका कुमारी, निकिता कुजूर, मीनाक्षी कुमारी और नैन्सी कुमारी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे। बुधवार को सभी खिलाड़ियां दिल्ली रवाना हुईं। रवाना करने के अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उपमन, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, एडीपीओ तथा बाल कल्याण पदाधिकारी ने उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। खेल पदाधिकारी ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारी बेटियां लोहरदगा और झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करेंगी। वहीं लोहरदगा गतका संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतकर लौटेंगी। जिला सचिव अमित कुमार सिंह ने टीम के उत्साह और मेहनत को देखकर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

## वाहन जांच में सत्रह वाहनों से बीस हजार रुपए जुर्माना वसूला गया



**सेन्हा।** सड़क सुरक्षा को लेकर सेन्हा थाना के समीप सोमवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) जया शंखी मुर्मू ने किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। जांच के दौरान वाहनों के रजिस्ट्रेशन, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट सहित अन्य आवश्यक कागजातों की गहन जांच की गई। इस क्रम में बिना हेलमेट वाहन चलाने और कागजात प्रस्तुत नहीं करने वाले 17 दुपहिया चालकों के वाहन जब्त किए गए तथा करीब 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। डीटीओ जया शंखी मुर्मू ने कहा, "यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। लापरवाही से न केवल स्वयं की बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में पड़ती है। जांच अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।" वहीं सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया, "थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय है। लोगों से अपील है कि हेलमेट पहनकर चलें और वाहन के सभी कागजात अद्यतन रखें। सुरक्षा में ही समझदारी है।" इस जांच अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन के अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीनियर एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता, एएसआई प्रदीप कुमार यादव सहित पुलिस बल के जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र व केंद्र के समीप जलजमाव स्थल का निरीक्षण किया

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत भैंसमुंदो गांव में अखड़ा के समीप संचालित आंगनबाड़ी केंद्र व केंद्र के समीप जलजमाव स्थल का निरीक्षण बुधवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी सेविका बिरसमुनि उरांव को केंद्र में पहुंचने वाले बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य और पोषण के अलावा शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रेरित करने, उपस्थित बढ़ाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी स्थल के समीप वर्षों से जल जमाव के कारण उत्पन्न समस्या के निराकरण को लेकर जलजमाव के कारण बने गड्ढा का निरीक्षण किया। साथ ही कनीय अभियंता को जलजमाव से बने गड्ढे की भराई के लिए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया है। बता दे की दो दिन पूर्व उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने उपायुक्त द्वारा आयोजित पंचायत कर गोईठ कार्यक्रम के दौरान पंचायत की समस्याओं को लेकर उपायुक्त अवगत कराया था। इसके बाद बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भैंसमुंदो गांव के आंगनबाड़ी केंद्र व केंद्र के समीप वर्षों से उत्पन्न जल जमाव स्थल का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## पशु कल्याण जागरूकता शिविर का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड के अकाशी गांव में बुधवार को पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 39 पशुपालक किसानो के 472 पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर मुफ्त दवा दी गई। जिसमें बड़े छोटे सभी प्रकार के पशु शामिल थे। मौके पर पशुपालकों को विशेषज्ञों द्वारा पशुओं के संतुलित आहार, रख रखाव, बीमारियों की पहचान, टीकाकरण, पशु क्रूरता एवं मौसमी बीमारियों से बचने के कई टिप्स भी दिए गए। पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने पशुपालन के क्षेत्र में प्रखंड को अग्रणी बनने पर बल दिया। विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशुधन योजना सहित अन्य संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## संगठन के दोबारा जिलाध्यक्ष बने राजीव रंजन, महामंत्री सुनील अग्रवाल मनोनीत





**लोहरदगा।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से संबद्ध झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन ने लोहरदगा जिला इकाई का पुनर्गठन करते हुए नई टीम की घोषणा की है। संगठन ने एक बार फिर से राजीव रंजन अग्रवाल को लोहरदगा जिला इकाई का अध्यक्ष तथा सुनील अग्रवाल को महामंत्री मनोनीत किया है। इस संबंध में प्रदेश महामंत्री विजय खेमा का द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया गया। मनोयन पत्र में कहा गया है कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन अग्रवाल समाज का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है, जिसकी इकाइयाँ देश के लगभग सभी जिलों में सक्रिय हैं। समाज सेवा और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर नवमनोनीत अध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल ने कहा कि "यह मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। समाज की एकता, शिक्षा, रोजगार और सेवा के क्षेत्र में लोहरदगा इकाई को राज्य स्तर पर अग्रणी बनाना मेरा लक्ष्य रहेगा।" वहीं महामंत्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि "हमारी टीम सामाजिक समरसता, युवा वर्ग की भागीदारी और महिला मंडल की सक्रियता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करेगी। संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।" प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि नई टीम समाज के उत्थान, एकता और संगठन के विस्तार में अहम भूमिका निभाएगी।

## खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है : लाल विकास नाथ शाहदेव

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के लावागाई पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार को बड़े उत्साह और आनंद के साथ संपन्न हुआ। इस फुटबाल टूर्नामेंट समापन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ शाहदेव का आदिवासी रीति-रिवाज के तहत स्वागत किया गया और उन्हें मंच तक लाया गया। जहां उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, "खेल से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है, अनुशासन और टीम भावना बढ़ती है। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों में उत्कृष्टता और मेहनत की भावना पैदा करते हैं। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने अपने तन, मन और धन का योगदान देकर ईमानदारीपूर्वक खेल प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 18 हजार द्वितीय पुरस्कार 14 हजार और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रखा गया था। फुटबॉल टूर्नामेंट में राजीव टाना भगत, वीरेंद्र यादव, विनोद भगत, फागु उरांव, रंजीत उरांव, महावीर उरांव सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट ने सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और उत्साह का अनुभव कराया।

### परिवहन विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश, नियमित रूप से करें हेल्मेट चेकिंग

# 'शराब पीकर वाहन चलानेवालों की हो नियमित जांच'

नवीन मेल संवाददता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आज परिवहन विभाग के कार्यों व राजस्व वसूली संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभिन्न निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिये। उपायुक्त ने कहा कि जिला के साथ-साथ प्रखण्डों क्षेत्र में भी नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए। विशेष रूप से जो दोपहिया वाहन चालक बिना हेल्मेट के वाहन चलाते हैं। शराब पीकर वाहन चलानेवालों की भी नियमित जांच की जाए। पथों में गति सीमा संबंधित साइनेज लगवाएं। प्रेशर हॉर्न, मोडिफाईड मोटरसाइकिल, ट्रिपल राइडिंग, स्पीड ड्राइविंग आदि दृष्टिकोण से भी जांच की जाए। शहर में ऑटो चालकों द्वारा वाहन रोकने के लिए एक निश्चित स्थान तय हो। ऑटो स्टैण्ड भी निश्चित करें। ऑटो चालकों को यात्रियों के सुरक्षा संबंधी पूर्व में दिये गये निर्देशों का सख्ती से पालन कराएं। निर्देशों का पालन नहीं करनेवालों पर कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को आपदा के अंतर्गत, वाहन की पहचान नहीं होने की स्थिति में हिट एण्ड रन के अंतर्गत लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन की पहचान होने पर व व्यक्ति का बीमा होने पर मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में निर्धारित समय सीमा के अंदर मामला दायर कराने, मृत व्यक्ति का पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना व पीएम सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित होने की स्थिति में उसे उक्त योजना का लाभ दिलाने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से हेल्मेट चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। यातायात नियमों का पालन नहीं करनेवाले सरकारी कर्मियों से भी आर्थिक दण्ड वसूल किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जया संखी मुर्मू, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

## जिला योजना अनाबद्ध निधि के प्रस्तावित योजनाओं पर बनी सहमति

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विभागों से प्रस्तावित योजनाओं को लेकर आज बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन निर्माण व मरम्मति, पेयजल, सम्पर्कता व अन्य बिंदुओं पर मिले प्रस्ताव व चर्चा हुई और सर्वसम्मति से योजनाओं को स्वीकृत किया गया। योजनाओं में पंचायत ज्ञान केंद्रों में पुस्तकों की आपूर्ति, विद्यालयों का मरम्मति कार्य, आंगनवाड़ी भवनों की मरम्मति, जलमीनार-सह-डीप बोरिंग का कार्य, पेयजलापूर्ति की योजनाएं, सोलर जलापूर्ति की योजनाएं, पीसीसी पथ की योजनाएं, पक्की नाली निर्माण की योजनाएं, छात्रावास जीर्णोद्वार व रंग-रोगन, पेवर ब्लाक अधिष्ठापन आदि योजनाए शामिल हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, एडीपीओ अभिनीत सूरज, जिला शिक्षा अधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वोट चोरी रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू

# लोकतंत्र व जनता के अधिकारों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी : डॉ. रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददता

**लोहरदगा।** शहर के बरवाटोली टोली स्थित विधायक कार्यालय में बुधवार दोपहर को कांग्रेस ने लोकतंत्र की रक्षा और वोट की सुरक्षा के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने अभियान की शुरुआत की और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। विधायक कार्यालय में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, प्रखंड व मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पंचायत अध्यक्षों और प्रखंड अध्यक्षों को अभियान के लिए आवश्यक लक्ष्य और दस्तावेज सौंपे गए। इसके साथ ही पार्टी के मोर्चा संगठन को भी निर्देश दिए गए कि वह पूरे जिले में जोर-शोर से हस्ताक्षर अभियान चलाएं और जनता तक वोट की सुरक्षा और लोकतंत्र की महत्ता पहुंचाएं। डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा जिले की 50 पंचायतों में हर पंचायत अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष को अभियान के लिए दस्तावेज और लक्ष्य सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में कम से कम 400 हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे और पूरे दस्तावेजों को दिल्ली भेजा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे नेता राहुल गांधी ने पूरे तथ्यों और सबूतों के साथ वोट चोरी उजागर की है। अब यह जिम्मेदारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की है कि वे इस जानकारी को जन-जन तक पहुंचाएं और लोकतंत्र की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि पिछले समय में चुनावी अनियमितताओं और वोट की चोरी ने जनता के अधिकार को प्रभावित किया है, इसलिए कार्यकर्ताओं को जागरूकता अभियान चलाकर वोट की रक्षा करनी होगी।

## पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने सुनीं जनता की समस्याएं व दिए समाधान के निर्देश

**लोहरदगा।** बरवाटोली स्थित विधायक कार्यालय में बुधवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव पहुंचे। कार्यालय पहुंचते ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की और आमजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड समेत अन्य विषयों पर आवेदन सौंपे। विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने जनसमस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की और आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। स्थानीय विधायक डॉक्टर रामेश्वर उराँव ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम जनता की आवाज़ सुनने और समाधान का सबसे सशक्त माध्यम है। हमारी प्राथमिकता है कि गठबंधन सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। आम जनता को बुनियादी सुविधाएं, रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा मिले यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं जनता के बीच रहकर उनकी हर समस्या को सुनूंगा और उसका समाधान कराऊंगा। हमारी सरकार वादा नहीं, काम के जरिए भरोसा जीतने में विश्वास रखती है। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक ने सभी से संवाद कर विश्वास दिलाया कि विकास और जनकल्याण की गति किसी भी सूरत में रुकने नहीं दी जाएगी।

## चट्टी में विराजमान शनि देव मंदिर में उमड़ रही है भक्तो की भीड़

**भंडरा।** प्रखंड के चट्टी गांव स्थित छोनी टंगरा में नवनिर्मित शारदा भवानी मंदिर मे विराजमान शनिदेव में लोगों की आस्था बढ़ने लगी है। पांच वर्ष पहले ही इस मंदिर की स्थापना की गई है। आज भक्तों का इस मंदिर में हर शनिवार को जमावड़ा देखने को मिलता है। आस पास के दर्जनों गावों के भक्त चट्टी पहुंचकर कर पुरे विधि विधान से अपने आराध्य शनि देव की पूजा अर्चना कर रहे है चट्टी में शनि देव के चमत्कार को देख लोगों की इस मंदिर के प्रति आस्था बढ़ने लगी है। सूर्यपुत्र शनिदेव का देवताओं में अपना अलग ही स्थान है। शनिदेव का चमत्कार लोग देख चुके हैं। देश के हर कोने में शनि देव के मंदिर की स्थापना की गई है। शनिदेव को मानने वाले लोग इनकी उपासना दिल से करते हैं। चट्टी स्थित शनि मंदिर में हर शनिवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगती है। सभी अपने-अपने ढंग से शनि देव की उपासना करते हैं। भक्त तेल, तिल और गुड़ का अर्पण कर शनि देव को खुश कर उनकी पूजा करते हैं। शनिदेव का मंदिर निर्माण कराने वाले भक्त जगतपाल साहू ने बताया कि "शनि देव की प्रतिमा की स्थापना हुए अभी माह ही हुए हैं, लेकिन स्थापना के बाद से ही शनिदेव का आशीर्वाद लेने भक्त आ रहे हैं। हर शनिवार को इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

## सुंगारी पहाड़ में ऐतिहासिक पहाड़ जतरा संपन्न



**कैरो /लोहरदगा :** बुधवार को कैरो के सढाबे में सैकड़ों फीट ऊंचा सुंगारी पहाड़ में ऐतिहासिक पहाड़ जतरा संपन्न हुआ।उक्त जतरा कार्तिक महीने के पहले ही दिन सैकड़ों फीट ऊंची पहाड़ पर लगने की परंपरा वर्षो से चले आ रही। पहाड़ जतरा के बहाने सैकड़ों फीट ऊंची पहाड़ पर चढ़ने की इच्छा दूर दूर से लोग इसकी तैयारी एक महीने पूर्व से ही करते हैं।पहाड़ जतरा में आसपास के गांव के खोड़हा दल जैसे सढाबे, बक्सी, कोलसिमरी, गोपालगंज, कैरो, डूमरटोली, बारीडीह, टाटी, चालहो, महूवरी इत्यादि गांव के खोडहा दल पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष भी पारंपरिक वेश भूषा, वाद्य यन्त्र ढोल,मांदर,नगाड़े, घंट के साथ जतरा में उत्साह के साथ महिला, पुरुष, युवक, किशोर शामिल हुए।अनेकों गांवो से आए खोड़हा दल के साथ नृत्य करते हुए पंचायत की मुखिया सुमित्रा उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति, रितिरीवाज पारंपरिक वेश भूषा, वाद्ययंत्र से समाज का सरंक्षण और संवर्धन हेतु जतरा आयोजन आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकजुटता बरकरार रहती है। और एक दूसरे के बीच आपसी संबंध और मजबूत होते हैं। पहाड़ जतरा में खिलौने और तरह तरह मिठाइयों, गन्ना की दुकानें सज धज कर मेला की शोभा बढ़ा रही थी।उक्त मेले में उपरोक्त स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा ग्राम प्रधान राजकुमार भगत, लखन उरांव, किशोर उरांव, मंगरा उरांव, चिखु उरांव, राजेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

## एचआईवी व यौन रोग पर जागरूकता अभियान

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज परिसर में बुधवार को झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में एचआईवी एवं यौन संचारी रोगों (एसटीडी/एसटीआई) के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आईसीटीसी काउंसलर डॉ. अर्चना प्रसाद और एसटीआई काउंसलर बिंदेश्वर भगत ने किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय और समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए 'एचआईवी एवं एड्स (निरोध और नियंत्रण) अधिनियम, 2017' की मुख्य बातों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


**कार्यालय :—नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।**
email-npsbnagar@gmail.com

**आम सूचना**

**प्रधानमंत्री आवास योजना—शहरी के तहत प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति—महत्वपूर्ण सूचना :—**

निदेशक नगरीय प्रशासन निदेशालय नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 1708 दिनांक 23/12/2024 से प्राप्त निदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना—शहरी के पुराने स्वीकृत लम्बित पड़े आवास को दिनांक 31/12/2025 के भीतर पूर्ण कराने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों की सूची कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया हैं प्रकाशित सूची में वर्णित लाभुकों को सूचित करना है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय—सीमा दिनांक 31/12/2025 के अन्दर अपने आवासो को पूर्ण कर ले तथा संबंधित प्रति नियुक्त कार्यालय कर्मियों अथवा कार्यालय को सूचना देकर ससमय किस्त की राशि प्राप्त कर एक सजग एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय दें। उक्त निर्धारित समय—सीमा दिनांक 31/12/2025 के अन्दर आवास पूर्णकरने की सम्पूर्ण जवाब देही लाभुको की होगी अन्यथा उक्त अवधि के बाद लाभुको को अपने संसाधनो से आवास को पूरा करना पड़ सकता है तथा विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना न ही लाभुको के किसी आवेदन/दावापर विचार करना संभव होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR 363531 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,चतरा**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

चतरा जिला **हंटरगंज थाना कांड सं0—243/23, दिनांक—21.11.2023, धारा—500/501/504/506 भा0द0वि0 एवं 67/67(ए) आई0टी0 एक्ट** के **फिरार प्राथमिकी अभियुक्त सुमित कुमार यादव पे0—छठन यादव, सा0—डुमरी खुर्द, थाना—हंटरगंज, जिला—चतरा** के विरूद्ध निर्गत इस्तेहार का तामिला कराने के उपरान्त भी ये माननीय न्यायालय के आदेश का अवहेलना करते हुए फिरार है। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी हंटरगंज/पुलिस निरीक्षक, हंटरगंज अंचल/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर/पुलिस अधीक्षक, चतरा के कार्यालय के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक चतरा—9431706359
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर—9798621325
पुलिस निरीक्षक, हंटरगंज अंचल—7209246607
थाना प्रभारी हंटरगंज—9955481001

पुलिस अधीक्षक,
चतरा

PR 363526 (Police)25-26*D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ............... दिनांक .....................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 22/2025—26**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सरकारी दीवारों पर पेन्टिंग, रंग—रोगन, ऑयलबेस वॉल पेटिंग किये जाने की आवश्यकता है। सरकारी दीवारों पर पेन्टिंग, रंग—रोगन, ऑयलबेस वॉल पेटिंग करने हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक, मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 16.10.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। सरकारी दीवारों पर पेन्टिंग, रंग—रोगन, ऑयलबेस वॉल, पेन्टिंग की विवरणी निम्नवत् है:—

| Sl. No. | Item | Rate | Fee Amount (None Refundable |
|---|---|---|---|
| 1. | दीवार पर पेन्टिंग (Normal) | Per Sq. feet @ Rate | 1,000/- |
| 2. | दीवार पर ऑयलबेस पेन्टिंग | Per Sq. feet @ Rate | 1,000/- |

नोट:— पेन्टिंग से संबंधित नियम एवं शर्ते निगम कार्यालय सूचना पट्ट पर उपलब्ध है एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर अपलोड है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/—
नगर आयुक्त —सह— प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 363563 District (25-26)_D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या—WRD/MID/ Latehar/ F2 - 27/2025-26
पत्रांक—722 लातेहार/दिनांक—07.10.2025

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 15 वें वित्त आयोग मद अन्तर्गत प्रखण्ड—मनिका अन्तर्गत विशुनबाँध में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण, जिला— लातेहार। | 55.50 | 09 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 11.10.2025 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.10.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651— 2214784 | | |

नोट:— केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट—jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 363558 (Water Resource) 25-26 (D)



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या—WRD/MID/ Latehar/ F2 - 26/2025-26
पत्रांक— 721 लातेहार/दिनांक—07.10.2025

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 15 वें वित्त आयोग मद अन्तर्गत प्रखण्ड—मनिका अन्तर्गत सिंजो में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण, जिला— लातेहार। | 55.50 | 09 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 11.10.2025 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 21.10.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651— 2214784 | | |

नोट:— केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट—jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 363557 Water Resource(25-26)#D

# पुसो प्लस टू हाई स्कूल की स्थिति जर्जर, कभी भी गिर सकता है भवन

**नवीन मेल संवाददता**



क्लास के छत का प्लास्टर टूटा हुआ



बारिश से छत के ऊपर जमा पानी

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के पुसो थाना अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल में क्रमशः सभी कमरों का छत जर्जर हो चुका है। बारिश से छत के ऊपर पानी जमा हो जाने पर तालाब का रूप ले लेता है। और पानी जमा होने के कारण छत का वजन अधिक हो जाता है जिससे कभी भी छत के गिर जाने से कोई बड़ी दुर्घटना घटने की आशंका बनी हुई है। कई बार क्लास के दौरान ही छत का प्लास्टर टूटकर गिर चुका है। और स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं बाल-बाल बचे हैं जिसके कारण वे काफी डरे सहमे से रहते हैं। फिलहाल विद्यालय में कक्षा एक से लेकर बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित हो रही है, और कमरों की कुल संख्या पंद्रह है जिसमें से बारह क्लासरूम में किसी तरह पठन - पाठन कराया जाता है। विद्यालय में नामांकित बच्चों की कुल संख्या 935 है। जिसमें से छः सौ से सात सौ तक बच्चों की उपस्थिति रहती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल का सभी कमरा लगभग जर्जर हो चुका है कभी भी भवन गिर सकता है जिससे किसी अनहोनी होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रधानाचार्य ने मीडिया को बताया कि भवन की जर्जर स्थिति के बारे में दो वर्ष पूर्व उपायुक्त महोदय गुमला को लिखित रूप से जानकारी दिया गया था। बावजूद अभी तक विभाग से कोई अधिकारी निरीक्षण करने नहीं आए हैं और न ही विभाग द्वारा भवन निर्माण की कोई अनुशंसा की गई है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार महतो ने बताया कि स्कूल का भवन काफी जर्जर हो गया है जिससे हमेशा डर बना रहता है कि स्कूली बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना न घट जाए। क्लासरूम की संख्या कम होने के कारण साइंस के छात्र-छात्राएं प्रयोगशाला में ही पढ़ने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि भवन बन जाने से सभी बच्चे सुरक्षित रूप से पढ़ाई लिखाई कर पाएंगे।

### छात्र-छात्राओं ने सुनाई अपनी पीड़ा

11वीं कक्षा के सुभाष उरांव एवं सुजीता कुमारी ने बताया कि बारिश के समय क्लासरूम में छत से पानी टपकते रहता है जिससे बैग,कॉपी किताब सहित पढ़ने की सामग्री भीग जाते हैं जिससे पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती है साथ ही भवन की जर्जर स्थिति के कारण हम सभी विद्यार्थी डर के साए में पढ़ने को विवश हैं। सभी छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन से नए भवन की मांग की है।

# हिंडाल्को सीएसआर योजना फेल, प्याऊ व स्ट्रीट लाइट बने शोपीस

**नवीन मेल संवाददता**




**घाघरा।** सीएसआर के नाम पर लूट घाघरा में हिंडाल्को की परियोजनाएं रखरखाव की अभाव में बेकार ग्रामीण बोले कंपनी कर रही है ठगी घाघरा प्रखंड में हिंडाल्को कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद के तहत जनता की सुविधा के लिए कई जनोपयोगी कार्य किए गए थे। इनमें प्रमुख रूप से श्रद्धालुओं और राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम, आदर, इटकीरी व अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ का निर्माण कराया गया था। शुरूआती दिनों में इन प्याऊओं से लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन अब रखरखाव के अभाव में ये पूरी तरह से बेकार हो चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पहले जहां गर्मी के दिनों में इन प्याऊओं से गुजरने वाले राहगीर ठंडा और स्वच्छ पानी प्राप्त करते थे, वहीं अब सभी स्थानों पर हैंडपंप सूख गए हैं या पानी गंदा हो गया है। कहीं पाइप टूटे हुए हैं तो कहीं मोटर खराब पड़ी है। इससे न केवल श्रद्धालु बल्कि स्थानीय निवासी भी पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। पिछले कई महीनों से ग्रामीण प्रशासन और कंपनी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक मरम्मत का कोई कदम नहीं उठाया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि हिंडालको द्वारा सीएसआर के तहत शुरू में की गई पहल सराहनीय थी, जिसने लोगों की मूलभूत जरूरत को पूरा किया। लेकिन रखरखाव की जिम्मेदारी किसी को नहीं दिए जाने से स्थिति बिगड़ गई। अब यह आवश्यक है कि कंपनी और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से इन प्याऊओं की मरम्मत करवाकर पेयजल की सुविधा पुनः चालू करें। इसी तरह, हिंडालको सीएसआर मद से आदर दुर्गा मंदिर चौक, प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मन्दिर गम्हरिया चौक सहित विभिन्न गांवों और चौक-चौराहों पर सोलर स्ट्रीट लाइटें भी लगाई गई थीं ताकि रात के समय लोगों को रोशनी मिले और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। परंतु वर्तमान में स्थिति उलट है-अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब अवस्था में हैं। कई जगहों पर बल्ब फूटे हुए हैं, तो कहीं बैटरी या सोलर पैनल पूरी तरह निष्क्रिय हो गए हैं।रात के समय इन जगहों पर बहुत अंधकार रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को सुरक्षा संबंधी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन लाइटों की समय-समय पर जांच और मेंटेनेंस की व्यवस्था होती, तो आज यह सुविधा सुचारू रूप से चालू रहती।ग्रामीणों ने हिंडालको प्रबंधन और घाघरा प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द प्याऊ और स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराकर इन्हें पुनः कार्यशील बनाया जाए, ताकि जनसुविधा के ये संसाधन अपने उद्देश्य को पूरा कर सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य आरंभ नहीं किया गया, तो वे विरोध स्वरूप जन आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी केवल फोटो खिंचवाकर कागजों में काम पूरा दिखा देते हैं। जबकि जमीनी हकीकत सुनने हैं पूरे जगह-जगह टूटी पड़ी है स्ट्रीट लाइटे महनो से बंद है और अंधेरे में ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। योजनाएं शुरू तो की गई लेकिन न तो रखरखाव की व्यवस्था की गई और ना ही जिम्मेदारी तय की गई।

## शंख नदी के किनारे मिला अज्ञात शव डुमरी पुलिस शिनाख्त में जुटी

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के डिपटोली के पास शंख नदी से एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। शव की स्थिति को देखकर यह प्रतीत होता है कि वह नवगई डैम से बहकर डिपटोली के पास झाड़ियों में फँस गया होगा। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। शव के गले में गमछा और कमर के निचले हिस्से में तौलिया लिपटा हुआ पाया गया है।सूचना मिलते ही डुमरी थाना के जवान तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे और बारीकी से जानकारी ली। डुमरी पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। इसके लिए आस-पास के अन्य थानों की भी सहायता ली जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिनाख्त होने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

## नशेड़ी पिता की हरकतों से तंग आकर बेटे ने की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत कमलपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपने ही पिता की बसिला से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय सहलू उरांव, पिता स्वर्गीय रामनाथ उरांव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मृतक की पत्नी जगमैत उरांव ने जारी थाने को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार और एसआई रमेश महतो पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, सहलू उरांव को नशे की लत थी और वह अक्सर घर का धान बेचकर शराब पी जाता था। इसी बात को लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। घटना वाले दिन भी इसी विषय पर पिता-पुत्र में कहासुनी हुई, जिसके बाद बेटे सचिन भगत ने गुस्से में आकर अपने पिता के सिर पर बसिला से जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे सहलू उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र सचिन भगत को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है।

**प्रशासन की बड़ी पहल : 3 माह में 4164 श्रमिकों का निबंधन, श्रमिकों को मिलेगा सामाजिक सुरक्षा कवच का लाभ**

# उपायुक्त के निर्देश पर श्रम विभाग ने चलाया सघन निबंधन व जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददता**



### श्रम निबंधन के लाभ

- निबंधित असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों को राज्य सरकार की कई जीवनोपयोगी योजनाओं का लाभ प्राप्त होता है।
- झारखंड असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दुर्घटना सहायता योजना
- मातृत्व सहायता योजना
- अंत्येष्टि सहायता योजना
- कौशल उन्नयन योजना
- मुख्यमंत्री औजार सहायता योजना
- साइकिल सहायता योजना, सिलाई मशीन योजना तथा विवाह सहायता योजना
- वहीं, प्रवासी श्रमिकों को दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में ₹50,000 से ₹2 लाख तक की सहायता राशि दी जाती है।

**गुमला।** श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवच से आच्छादित करने और उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से गुमला जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष श्रम निबंधन एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार श्रम विभाग, गुमला ने विगत तीन माह (जुलाई से सितंबर 2025) के दौरान जिले के सभी प्रखंडों, विशेषकर सुदूरवर्ती और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया।

जिला श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत कुल 2929 नागरिकों को श्रम निबंधन से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई, वहीं 4164 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इनमें 1989 निर्माण श्रमिक, 1781 असंगठित श्रमिक और 394 प्रवासी श्रमिक शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल श्रमिकों का निबंधन करना था, बल्कि उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से जोड़ना भी था। गुमला एक आदिवासी बहुल जिला है, जहाँ बड़ी संख्या में लोग निर्माण कार्य, असंगठित क्षेत्रों या प्रवासी श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। कई श्रमिक सुरक्षा उपकरणों के अभाव में जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। इसी पृष्ठभूमि में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने श्रम विभाग को निर्देश दिया कि जिले के प्रत्येक श्रमिक को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए।

निर्माण श्रमिकों को पंजीकरण के बाद 13 प्रमुख योजनाओं का लाभ मिलता है, जिनमें सेफ्टी कीट योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, मेधावी छात्रवृत्ति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, मातृत्व प्रसूविधा, विवाह सहायता, पेंशन, निशक्तता व अनाथ पेंशन योजना जैसी योजनाएँ प्रमुख हैं। श्रम विभाग गुमला ने सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना श्रम निबंधन कराएं ताकि उन्हें समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

इच्छुक श्रमिक अपने निकटतम प्रखंड कार्यालय, प्रज्ञा केंद्र, जिला श्रम कार्यालय या ऑनलाइन पोर्टल www.shramdhaan.gov.in के माध्यम से भी निबंधन करा सकते हैं। निबंधन के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर और नामांकित व्यक्ति का विवरण आवश्यक है।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कह की श्रमिक समाज के सर्वांगीण विकास में मूल भूमिका निभाते हैं। उनका सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से आच्छादन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हर श्रमिक को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना हमारा संकल्प है।" इस विशेष अभियान ने न केवल हजारों श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया, बल्कि जिले में श्रमिक अधिकारों और जागरूकता की नई दिशा भी स्थापित की है।

# अबुआ आवास योजना की हुई समीक्षा, 15 तक पुरा करने लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददता**

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशन में बिशुनपुर प्रखंड सभागार में बुधवार को डीडीसी दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आवास, मनरेगा और अन्य विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव और संबंधित विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। डीडीसी ने अबुआ आवास योजना (वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) की समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त किया और सभी पंचायत सचिवों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्धारित समयसीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिन पंचायतों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया, उन्हें चेतावनी देते हुए कहा गया कि 15 अक्टूबर 2025 तक जिला स्तर से निर्धारित लक्ष्य पूरा करना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की धीमी प्रगति पर भी डीडीसी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गुमला जिले में बिशुनपुर प्रखंड को इस योजना के तहत सर्वाधिक लक्ष्य दिया गया है, इसलिए अधिकारियों को योजना के निष्पादन में तेजी लाने की आवश्यकता है। जिन लाभुकों को तीसरी किस्त मिल चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मनरेगा योजना के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने कहा कि समय पर पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए, मानव दिवस सृजन बढ़ाया जाए, एबीपीएस को 100% लागू किया जाए और महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी और अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। डीडीसी का यह संदेश स्पष्ट था कि विकास योजनाओं की गति तेज होनी चाहिए ताकि सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीण विकास का लक्ष्य समय पर पूरा हो सके।

**चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी**

# झोलाछाप डॉक्टरों से जनता बेहाल

**सुंदरम केशरी**




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड की लगभग 60,000 की आबादी की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले चार महीनों से एक भी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई है, जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति का सीधा फायदा झोलाछाप डॉक्टर और निजी अस्पताल उठा रहे हैं, जो मनमाने ढंग से मरीजों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले तक चैनपुर सीएचसी में एक डॉक्टर कार्यरत थे, लेकिन उनके तबादले के बाद से यह पद खाली पड़ा है। 10 पंचायतों वाले इस प्रखंड का एकमात्र सरकारी अस्पताल अब केवल सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और नर्सों के भरोसे चल रहा है। आलम यह है कि किसी भी गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में मरीजों को रेफर करने के सिवा यहां कोई दूसरा विकल्प नहीं है।इस बदहाली ने क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों और निजी क्लीनिकों के लिए एक खुला मैदान तैयार कर दिया है। उचित योग्यता और पंजीकरण के बिना ये तथाकथित डॉक्टर धड़ल्ले से मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे उनकी जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। वहीं, निजी अस्पताल इस अवसर को अपनी कमाई का जरिया बना चुके हैं। मरीजों से जांच और दवा के नाम पर मनमानी फीस वसूली जा रही है।उप प्रमुख प्रमोद खलखो अपना दर्द बयान करते हुए कहते हैं, "हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। अपनी जान बचाने के लिए हमें अपने घर का सामान बेचकर निजी अस्पतालों में इलाज कराना पड़ रहा है। छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी हमें हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं।"चिंताजनक बात यह भी है कि क्षेत्र में होने वाली कई गंभीर घटनाओं और चिकित्सकीय मामलों की जानकारी भी प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती है। आरोप है कि चंद पैसों के लालच में निजी अस्पताल संचालक इन मामलों को दबा देते हैं, जिससे न तो उचित कानूनी कार्रवाई हो पाती है और न ही स्वास्थ्य विभाग की निगरानी सुनिश्चित हो पाती है।स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई गई, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासन की इस उदासीनता के कारण चैनपुर की आम जनता स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है और अपनी जान जोखिम में डालकर जीने को मजबूर है। ग्रामीणों ने अविलंब एक स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की है, ताकि उन्हें इस संकट से निजात मिल सके। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया, "हमने बार-बार सिविल सर्जन, गुमला एवं उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर से दूरभाष पर संपर्क कर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी डॉक्टर की मांग की है।" उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे इस विषय में सांसद महोदय से बात कर ज्ञापन सौंपेंगी और बहुत जल्द क्षेत्रवासियों को झोलाछाप एवं निजी अस्पताल के डॉक्टरों से राहत दिलाएंगी।

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी पर डीएसई ने किया निरीक्षण**

# विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों

**नवीन मेल संवाददता**




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला द्वारा बुधवार को जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षा तैयारी एवं शिक्षण व्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने मॉडल विद्यालय गुमला, उच्च विद्यालय करंजटोली, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भ्रमण कर कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की तैयारी की समीक्षा करते हुए विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समयावधि में सभी विषयों का सिलेबस पूर्ण कराया जाए। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने के लिए कोर्स रिवीजन, मॉडल प्रश्नों का अभ्यास, मॉक टेस्ट का आयोजन तथा नियमित गृहकार्य को अनिवार्य बनाया जाए। उन्होंने विद्यालयों को यह भी निर्देशित किया कि प्री-बोर्ड या रेल टेस्ट के परिणामों के आधार पर कमजोर विद्यार्थियों की पहचान की जाए और उन्हें विशेष कक्षाओं के माध्यम से अतिरिक्त मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, ताकि कोई भी छात्र बोर्ड परीक्षा में पीछे न रह जाए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, मध्याह्न भोजन योजना और अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, अनुशासित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधीक्षक ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा का भी निरीक्षण किया और परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो, साथ ही विद्यार्थियों को मूल्यांकन के बाद उनके प्रदर्शन पर व्यक्तिगत प्रतिक्रिया दी जाए ताकि सुधार की दिशा तय हो सके। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण मिले और वे आत्मविश्वास के साथ बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हों। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से यह भी कहा कि विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष निगरानी रखें और नियमित कक्षा संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस निरीक्षण अभियान से जिले के शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक अनुशासन और परीक्षा तैयारी के प्रति नई ऊर्जा और जवाबदेही का संचार हुआ है।

**पहल** वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

# किसानों में बढ़ी आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद

**नवीन मेल संवाददता**



**गुमला (बिशुनपुर)।** कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला (विकास भारती बिशुनपुर) के सभागार में "वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण" का सफल समापन 8 अक्टूबर 2025 को हुआ। यह प्रशिक्षण जिला उद्यान विभाग, गुमला (झारखंड सरकार) के वित्तीय सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 25 किसानों एवं ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डीएचओ तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख बिशुनपुर रहे। जिला उद्यान पदाधिकारी ने कहा कि "झारखंड की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियां मधुमक्खी पालन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं।" उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन करने पर न केवल किसानों की आय बढ़ती है बल्कि परागण की प्रक्रिया से फसलों के उत्पादन में 25–30% तक वृद्धि संभव है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि प्रशिक्षण में सीखी गई तकनीकों को व्यवहार में लाकर अन्य किसानों को भी प्रेरित करें। बीडीओ, बिशुनपुर ने कहा कि कृषि के साथ सहायक व्यवसाय अपनाना समय की मांग है। मधुमक्खी पालन एक ऐसा उद्यम है जो कम लागत और न्यूनतम भूमि में आरंभ किया जा सकता है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विकास भारती के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. बृजेश पांडे ने बताया कि वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन के माध्यम से किसान अतिरिक्त आय के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता बनाए रखने में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहद उत्पादन केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पोषण और स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि गुमला जिले में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएँ हैं। यह एक ऐसा उद्यम है जो न केवल किसानों की आमदनी में वृद्धि करता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और कुपोषण की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभाता है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मधुमक्खियों की प्रजातियों की पहचान, छत्ते की संरचना, कॉलोनी प्रबंधन, शहद निकासी, रोग एवं परजीवी नियंत्रण, और विपणन संबंधी व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ और इससे उन्हें मधुमक्खी पालन को आजीविका के रूप में अपनाने की प्रेरणा मिली।

# संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भरनो खंड ने निकाला पथ संचलन

**नवीन मेल संवाददता**



**भरनो।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरनो खंड की ओर से शस्त्र पूजन एवं संघ के 100 साल पूर्ण होने यानी शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक शम्मी, गुमला विभाग संघ चालक साहू प्रकाश, जिला प्रचारक अजीत और खंड करवा अनिल गुप्ता मंच पर विराजमान रहे।राष्ट्रीय गीत के साथ पूर्ण गणवेश में सभी स्वयंसेवकों ने सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,भरनो परिसर से बस्ती बाजार टांड़ होते हुए ब्लॉक चौक से होकर पुनः विद्यालय परिसर आकर पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात विद्या मंदिर के सभागार में शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक का कार्यक्रम हुआ।जहां विभाग प्रचारक ने संघ के उद्देश्य एवं इसके कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और लोगो को संघ से जुड़ने का आह्वाहन किया गया।इस भव्य कार्यक्रम में भरनो वासियों के साथ विद्यालय के भैया बहनें काफी संख्या में उपस्थित हुए। पथ संचलन में क्रमशः सभी कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे, जिसपर जगह जगह माताएं एवं बहने कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर रहीं थीं। और सभी एक स्वर में भारत माता की जय, वंदे मातरम की नारे लगाये जा रहे थे। इस अवसर पर प्रमुख पारस नाथ उरांव, हरिशंकर शाही, श्रीकांत केशरी, डॉ अनूप कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडा, उदय कुशवाहा, कुलदीप कुमार कुश, संजय गुप्ता, सुदामा केशरी, सुरेश कुमार राय, पीके सिंह, गोपाल सिंह, विवेक केशरी, बजरंग गुप्ता, संयुक्ता देवी पूनम सारंगी, लिविंग केरकेट्टा, वीरेंद्र कुमार, नीलम गुप्ता, सरोज केशरी सहित काफी संख्या स्वयंसेवक और विद्यालय के आचार्य आचार्या एवं भैया बहनें उपस्थित रहे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अंतरात्मा की वाणी, जो कि ईश्वर की वाणी है, का सदा अनुसरण करके आप एक सच्चे चरित्रवान व्यक्ति, एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक व्यक्ति, शांति के एक मसीहा बन सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

# संपादकीय

## बिहार किस करवट बैठेगा?

बिहार विधानसभा चुनाव की बिगुल बज चुका है, अब मतदाताओं के सामने सवाल ये हैं कि क्या जदयू नेता नीतीश कुमार लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बन पाएंगे? अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चुनाव जीतता है, तो क्या भाजपा नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाएगी? या फिर बिहार में सत्ता पर विपक्ष का कब्जा हो जाएगा और उसका अपना मुख्यमंत्री होगा? या फिर नीतीश कुमार का भविष्य बिहार की राजनीति का भी भविष्य होगा? दो दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद नीतीश अब भी सभी दलों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। हालांकि, उनके शासन में कई क्षेत्रों में प्रगति हुई है, इसके बावजूद शिक्षा, युवाओं में बेरोजगारी, राज्य से श्रमिकों का पलायन और भ्रष्टाचार तथा कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है। नीतीश का स्वास्थ्य भी चर्चा का विषय है। सत्ता विरोधी लहर के मुकाबले के लिए नीतीश सरकार ने एक करोड़ महिलाओं के खातों में 10,000 रुपए हस्तांतरित किए हैं और कई रियायतों व लाभों की घोषणा की है। कुछ नेताओं को लगता है कि यह बड़ा बदलाव लाएगा। नीतीश को हमेशा महिला मतदाताओं का समर्थन मिला है। इससे विपक्ष की गणनाएं गड़बड़ा गई हैं और जद(यू)-भाजपा विरोधियों का मूड भी खराब हो गया है। ज्यादातर सर्वेक्षण कांटे की टक्कर का संकेत दे रहे हैं, पर वे सत्तारूढ़ राजग के लिए अनुकूल नतीजों से इन्कार नहीं करते। उनका दावा है कि शुरुआत में बढ़त का संकेत देने वाला महागठबंधन अब तेजस्वी यादव के सहयोगियों से मतभेद और लालू परिवार में बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के कारण पिछड़ रहा है। बेशक लालू यादव विपक्षी गठबंधन के पितामह बने हुए हैं, जो यादव और मुस्लिम समर्थन से अपनी ताकत पाता है। लेकिन विपक्ष को अब तक नीतीश या प्रधानमंत्री मोदी का मुकाबला करने लायक कोई मजबूत चेहरा नहीं मिला है। हालांकि, तेजस्वी को लोकप्रिय चेहरे के रूप में देखा जाता है, पर कांग्रेस या उसके सहयोगियों की ओर से अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि वह गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा होंगे। विकास पर जोर के बावजूद, बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय से प्रभावित है। राजग का लक्ष्य हमेशा से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और ईबीसी (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) के लिए समर्थन को मजबूत करना रहा है। राजद को भी यह एहसास है कि प्रभावी प्रतिस्पर्धा के लिए उसे अन्य जातियों तक अपनी पहुंच बढ़ानी होगी। छोटी जाति-केंद्रित पार्टियां, विशेषकर अनुसूचित जाति (एससी) निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पार्टियां, करीबी मुकाबलों में 'किंगमेकर' बन सकती हैं। महागठबंधन में इस समय राजद, कांग्रेस, वामपंथी पार्टियां, वीआईपी, झामुमो और चिराग पासवान के चाचा के नेतृत्व में लोजपा का एक धड़ा शामिल है। महागठबंधन बिहार के अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को लुभाने की उम्मीद कर रहा है, जो राज्य की आबादी का 36.01 प्रतिशत है। ईसीबी पूरे राज्य में फैले हैं, और जाति-आधारित सर्वेक्षण में सबसे बड़ा समूह हैं। इनमें लगभग 130 समूह और उप-समूह हैं, जिनमें प्रमुख हैं नाई, मछुआरे, लोहार, तेली और नोनिया।मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश ने नौकरियों, शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं में आरक्षण प्रदान करके अति पिछड़े वर्गों को लाभ पहुंचाया है। उनकी सरकार ने पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में अति पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था।

*विकास पर जोर के बावजूद, बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय से प्रभावित है।*

## 09 अक्टूबर : विश्व डाक दिवस

# डाक केवल सेवा नहीं, विश्वास और आशा का प्रतीक है

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है।

विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। लेकिन इसकी कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उन असंख्य लोगों की कहानी है, जिनके लिए डाकघर केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आशा, अवसर और संवेदनाओं का केंद्र रहा है।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और




द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। विश्व डाक दिवस केवल अतीत की गौरव गाथा नहीं गाता, बल्कि डाक सेवाओं के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित करता है। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है।

डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। भारत ने हाल के वर्षों में पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष अनुसंधान, और स्वतंत्रता सेनानियों जैसे विषयों पर टिकटें जारी की हैं। ये टिकटें न केवल संग्रहकर्ताओं के लिए मूल्यवान हैं, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम भी हैं। विश्व डाक दिवस पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनियां और प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं को डाक सेवाओं के महत्व से परिचित कराती हैं।

दूरदराज के क्षेत्रों में डाक सेवाओं की भूमिका और भी अनोखी है। अंटार्कटिक और आर्कटिक जैसे क्षेत्रों में, जहां मानव जीवन की उपस्थिति सीमित है, डाक सेवाएं वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं तक आवश्यक सामग्री पहुंचाती हैं। उदाहरण के लिए, अंटार्कटिक में भारत के डाकघर, जो दुनिया के सबसे दुर्गम डाकघरों में से एक है, वहां कार्यरत वैज्ञानिकों के लिए संचार का एकमात्र साधन है। यह दिखाता है कि डाक सेवाएं केवल सुविधा नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक आवश्यकता हैं।

विश्व डाक दिवस का सबसे गहरा संदेश भावनाओं और रिश्तों में छिपा है। एक हस्तलिखित पत्र, एक जन्मदिन कार्ड, या एक शादी का निमंत्रण—ये सभी छोटी-छोटी चीजें हमारे जीवन की सबसे कीमती यादें बन जाती हैं। डिजिटल संदेशों की दुनिया में, जहां संदेश सेकंडों में पहुंच जाते हैं, एक पत्र की प्रतीक्षा में जो मिठास और उत्साह है, वह आज भी बेजोड़ है। विश्व डाक दिवस हमें यह सिखाता है कि तकनीक भले ही हमें तेजी दे, लेकिन सच्चा संचार भावनाओं और धैर्य में बसता है।

9 अक्टूबर केवल एक तारीख नहीं है। यह एक ऐसा दिन है, जो हमें याद दिलाता है कि डाक सेवाएं केवल पत्र और पार्सल नहीं पहुंचातीं, बल्कि वे आशा, विश्वास और मानवता का संदेश भी पहुंचाती हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें—जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जहरीली दवा बनी अभिशाप

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके, फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है।

आपकी बात



**प्रमोद भार्गव**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सत्ता हस्तांतरण के नाम पर भारतवर्ष के अस्तित्व को नकारने का खेल जारी

नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे, त्वया हिन्दुभूमे सुखवं वर्धितोऽहम्। महामङ्गले पुण्यभूमे त्वदर्थे पतत्वेष कायो नमस्ते नमस्ते॥ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस प्रार्थना में भारतीय संस्कृति को परिभाषित संस्कृत के श्लोक का संदेश स्पष्ट है कि "जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" को मानने वाले लोग इस भारतभूमि को स्वर्ग से भी ऊपर मानते हैं। यह भारतीय संस्कृति की एक मूल अवधारणा है जिसके पीछे एक समर्पण है क्योंकि सनातन काल से भारत अपने आप में एक संपूर्ण राष्ट्र रहा है। संघ की यह निष्ठा निर्विवाद है फिर भी कुछ आलोचक स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की भूमिका को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। यह सवाल अपने आप में एक अर्द्धसत्य है क्योंकि सवाल उठाने वालों की दृष्टि से भारतवर्ष का उदय 15 अगस्त 1947 को हुआ है। निसंदेह एक ऐतिहासिक तारीख होने के बावजूद इससे भारत के उदय की नहीं बल्कि केवल सत्ता के हस्तांतरण की बातें सामने आती है। इस सत्ता के लिए हमने बड़ा आंदोलन जरूर किया परंतु यह भी सच है कि इस आंदोलन के हमारे हीरो रहे लाला लाजपतराय राय, चन्द्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, रामप्रताप बिस्मिल, भगत सिंह, वीर सावरकर, अशफाकउल्ला खान, उधम सिंह, राजगुरु, हरदयाल, बटुकेश्वर दत्त, जितेंद्र नाथ दास, मदनलाल ढींगरा, सुबास चंद्र बोस, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र पाल, बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, कानु मुर्मू, सिद्धो मूर्मू, तेलंगा खड़िया से लेकर असंख्य रणबांकुरों ने अपनी जागीर कुर्बान कर दी। संदर्भवश इनके बलिदान को नमन करते हुए यहाँ इस तथ्य का उल्लेख करना प्रासांगिक है कि इसी पन्द्रह अगस्त के नाम पर सत्ता के उत्तरोत्तर खेल ने आखिरकार सत्ता हस्तांतरण के इस आंदोलन को स्वतंत्रता दिवस का नाम देकर राष्ट्र निर्माण के रूप में प्रायोजित करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया। इतना ही नहीं सत्ता हस्तांतरण के इस श्रृंखलाबद्ध लड़ाई को एक छोटे से समूह के नाम करते हुए हमारी स्वतंत्रता के साथ जोड़ दिया गया। साथ में भ्रम भी यह फैलाया गया कि अब हम आजाद हो चुके हैं। इस भ्रमजाल को आंशिक सफलता भी मिली और अंग्रेजों के जाने के बाद हम वर्षों तक इस भ्रम का जयकारा लगाते रहे। उल्लेखनीय है कि इस संघ कोई राजनैतिक संगठन नहीं है परन्तु राष्ट्र प्रथम की नीति का अनुसरण करने के कारण वह मुखरता के साथ उन बातों की चर्चा करता है जिसके अंतर्गत एक देश के रूप मे भारतवर्ष की आत्मा से मिलने का अवसर हाथ लग सके। दूसरी ओर सत्ता के साथ गठबंधन बनाए रखने वाले लोगों को यह सबकुछ नागवार लगना लाजिमी है। इसके लिए उदाहरण की निष्ठुरता देखिए कि भारतवर्ष के सनातनी इतिहास में राष्ट्रपिता जैसे किसी अवधारणा का कोई स्थान कभी नहीं रहा है फिर भी महात्मा गांधी की मृत्यु को न केवल एक अवसर बना लिया जाता है बल्कि बड़ी चतुराई से सत्ता के लिए राष्ट्रपिता जैसी किसी अवधारणा को लॉन्च करने का काम कर दिया जाता है।मन तो तब विचलित होता है जब "राष्ट्र पिता" की अवधारणा के सामने आते ही "भारत माता" या "वंदे मातरम" जैसे मूल अवधारणा का विरोध गौरव का विषय बन जाता है। ऐसा इसलिए भी कि "भारत माता" को अस्वीकृत किए बगैर राष्ट्र के लिए "पिता" की अवधारणा कैसे कायम हो पाती? यह एक बड़ा कारण है कि गांधी की हत्या के लिए आरएसएस की विचारधारा पर आरोप मढ़ दिया जाता है जबकि गोडसे की पहचान संघ के मुखर विरोधी के तौर पर रही है। संघ पर इस तरह के मिथ्या आरोप लगाने वाले इस बात पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं कि अंग्रेजों के चंगुल से छुटते ही आखिर क्यों वंदेमातरम की मूल अवधारणा के विपरीत एक राजनैतिक संत के लिए धड़ल्ले से राष्ट्रपिता की अवधारणा सामने आती चली गई? क्या महात्मा गांधी आज जीवित होते तो राष्ट्र प्रथम, वंदे मातरम् और भारतमाता की कीमत पर राष्ट्रपिता के अस्तित्व को लेकर सवाल खड़े नहीं करते?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**केदारनाथ दास**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

राम तुम्हारा लक्ष्य था, रावण का संधान।
फिर भी क्यों बदला नहीं, मानव मन: विधान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हृदय का स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या बचाव के लिए करे योग प्राणायाम

वर्तमान में चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि दुनियां तेजी से बदल रही है जिसके कारण बदलती मानवीय जीवनशैली का सबसे गंभीर प्रभाव मानव हृदय पर पड़ा है। आज हृदय रोग केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह युवाओं में भी बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोग दिल से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं। पचास वर्ष से कम उम्र के 50 फीसदी और 40 वर्ष से कम उम्र के 25 फीसदी लोगों में हार्ट अटैक का जोखिम देखा गया है कुछ वर्षों पूर्व पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक के मामले कम थे। एक नए शोध में यह हृदय रोग अब बराबर देखे गए। हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई। कुछ वर्षों पूर्व वृद्धावस्था में होने वाली इस बीमारी ने युवकों को भी शिकार बना लिया है। वर्तमान में हार्ट अटैक युवाओं में होने के अनेकों अनेक कारणों का समावेश होता रहा है! इसमें आधुनिक खान पान और जीवन शैली महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाँ के कुल हृदय रोगियों में से 60 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में ही होने की संभावना व्यक्ति की गई है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 का विषय है एक धड़कन न चूकें यह संदेश केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सामूहिक चेतावनी है कि यदि अब भी लोग, समाज और सरकारें सक्रिय नहीं हुए तो हृदय रोग एक वैश्विक महामारी का रूप ले लेगा। चूंकि हार्ट अटैक समस्या का संभावित समाधान जीवनशैली में सख्त आचार संहिता अपनाकर ओर अपनी दिनचर्या में योग प्राणायाम को शामिल कर हृदयघात से होने वाली मौतों को रोकने में सहभागी बनें अगर हम हार्ट अटैक क्या है और कैसे होता है? इसको समझने की कोशिश करें तो, हार्ट अटैक, इसे चिकित्सकीय भाषा में मायोकार्डियलइंफाशन कहा जाता है, तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह अचानक बाधित हो जाता है। यह स्थिति प्रायः तब उत्पन्न होती है जब कोरोनरी आर्टरी (हृदय की रक्तवाहिका) में प्लाक (कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य तत्वों का जमाव जमा होकर ब्लॉकेज पैदा कर देता है। इस ब्लॉकेज से हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती और परिणामस्वरूप हृदय की कोशिकाएं मरने लगती हैं। यदि समय पर इलाज न मिले तो यह व्यक्ति की जान भी ले सकता है। इसके लक्षण कई बार अचानक और गंभीर हो सकते हैं जैसे सीने में तेज दर्द या दबाव, पसीना आना, सांस फूलना, जबड़े या बांह में दर्द, मतली या बेहोशी। वहीं, कुछ मामलों में हल्के संकेत भी मिलते हैं जिन्हें लोग सामान्य थकान या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, और यही लापरवाही जीवन के लिए घातक सिद्ध होती है। हार्ट अटैक की समस्या से बचाव के लिए योग प्रणामी काफी उपयोगी है जिसमें योग और प्राणायाम के द्वारा हार्ट अटैक की समस्याओं से बचा जा सकता है योग के अंतर्गत सूर्य नमस्कार, ताड़ासन त्रियक ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, वीरभद्रासन, अनुलोम विलोम प्राणायाम, नाड़ी शोधन प्राणायाम, योगनिद्रा ध्यान आदि के अभ्यास से हार्ट अटैक की समस्या से बचा जा सकता है वहीं अपनी दैनिक दिनचर्या में परिवर्तन कर और अपनी भोजनाचार्य को व्यवस्थित कर, अपनी दिनचर्या में योग को शामिल किया जा सकता है और हार्ट अटैक के साथ-साथ अन्य गंभीर बीमारियों से भी बचा जा सकता है, अगर हम जीवनशैली और हार्ट अटैक का संबंध को समझने की करें तो, आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जीवनशैली हृदय के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अधिकतर मामलों में पाया गया है कि हृदय रोग सीधे-सीधे व्यक्ति की आदतों और दिनचर्या से जुड़े होते हैं। (1) अस्वास्थ्यकर आहार जंक फूड, तैलीय और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, उच्च नमक और चीनी का सेवन हृदय पर भार डालते हैं। (2) शारीरिक निष्क्रियता-लंबे समय तक बैठे रहने और योग अभ्यास न करने से मोटापा, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ते हैं। (3) धूम्रपान व शराब का सेवन तंबाकू और अल्कोहल हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं। (4) तनाव और अनियमित नींद मानसिक दबाव और नींद की कमी हार्मोनल असंतुलन पैदा कर हृदय रोग का खतरा बढ़ाते हैं। यदि व्यक्ति अपने जीवनशैली विकल्पों में बदलाव कर ले तो हृदय रोग से होने वाले 80 फीसदी समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है। हम विश्व हृदय दिवस को एक वैश्विक बहुभाषी अभियान को समझने की कोशिश करें तो, हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।

स्वास्थ्य बात



**योगाचार्य महेश पाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### वायु सेना दिवस पर सैनिकों और उनके परिवारों को राष्ट्रपति ने बधाई दी

# वायु सेना ने हर चुनौती का सामना कर देश को गौरवान्वित किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वायु सेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई दी और कहा कि इस सुरक्षा बल ने हर चुनौती का सामना करने के लिए अपनी ताकत और तत्परता से देश को गौरवान्वित किया है।

मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि देश के वायु योद्धा ''हमारे हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं और आपदाओं व मानवीय मिशनों के दौरान अथक समर्पण के साथ देश की सेवा करते हैं।''

वायु सेना की वर्षगांठ मनाने और वायु योद्धाओं के बलिदान को याद करने के लिए आठ अक्टूबर को वायु सेना दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा, ''वायु सेना दिवस पर सभी वायु योद्धाओं, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय वायु सेना ने हमेशा साहस, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। हमारे वायु योद्धा हमारे आसमान की रक्षा करते हैं और आपदाओं व मानवीय मिशनों के दौरान अथक समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारी वायु सेना ने हर चुनौती का सामना करने की अपनी ताकत और तत्परता से देश को गौरवान्वित किया है। मैं भविष्य के सभी प्रयासों में सफलता के लिए भारतीय वायु सेना को शुभकामनाएं देती हूं।



- वायुसैनिक हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं और आपदाओं व मानवीय मिशनों में सेवा देते हैं
- आठ अक्टूबर को हर वर्ष वायु सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है
- राष्ट्रपति ने भारतीय वायु सेना के भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की

## भारतीय वायुसेना बहादुरी और अनुशासन की प्रतीक है : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वायुसेना दिवस पर वायुसेना कर्मियों को बधाई दी और कहा कि उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारतीय हवाई क्षेत्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा, "वायु सेना दिवस पर सभी साहसी वायु योद्धाओं और उनके परिवारों को बधाई। भारतीय वायु सेना बहादुरी, अनुशासन और सटीकता से कार्यों को अंजाम देने की प्रतीक है। उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों सहित हमारे आसमान की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।"मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रहती है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता, पेशेवर अंदाज और अदम्य साहस हर भारतीय को गौरवान्वित करता है।

### पाकिस्तान को मिलेगी यूएस मिसाइलें

## मोदी सरकार की यह कूटनीतिक विफलता का नतीजा : जयराम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस महासचिव और संचार मामलों के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की विदेश नीति पर कटाक्ष किया, जब अमेरिकी युद्ध विभाग ने घोषणा की कि पाकिस्तान को अमेरिकी निर्माता रेथियॉन की उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें मिलेंगी। एक्स पर एक पोस्ट में, जयराम रमेश ने उल्लेख किया कि 7 मई को अमेरिकी युद्ध विभाग की सार्वजनिक अधिसूचना में पाकिस्तान को मिसाइलें मिलने का उल्लेख नहीं था, लेकिन 30 सितंबर को एक अन्य अधिसूचना में यह बदल गया, जिसमें पाकिस्तान को कतर, ओमान, सऊदी अरब, इज़राइल और तुर्की जैसे देशों के साथ शामिल किया गया था।

जयराम रमेश ने पाकिस्तान को शामिल करने की ओर इशारा करते हुए इसे एक और झटका बताया। जयराम ने पोस्ट किया, "7 मई 2025 को दिए गए सैन्य अनुबंधों पर अमेरिकी युद्ध विभाग की एक सार्वजनिक अधिसूचना के अनुसार, रेथियॉन द्वारा निर्मित उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें कनाडा, ताइवान, बुल्गारिया, हंगरी, पोलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य, दक्षिण कोरिया, कुवैत, जापान, फ़िनलैंड, जर्मनी, यूके, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, तुर्की, स्पेन और लिथुआनिया को आपूर्ति की जानी थीं। उन्होंने कहा कि हालांकि, 30 सितंबर, 2025 को दिए गए सैन्य अनुबंधों पर अमेरिकी युद्ध विभाग की सार्वजनिक अधिसूचना में रेथियॉन हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए कतर, ओमान, सऊदी अरब, इज़राइल, तुर्की और पाकिस्तान जैसे देश शामिल हैं। इसके अलावा, केंद्र पर निशाना साधते हुए, कांग्रेस सांसद ने पोस्ट किया, "कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदल जाता है, और कूटनीतिक असफलताएँ कितनी जल्दी जमा हो जाती हैं! 30 सितंबर को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, अमेरिकी युद्ध विभाग ने घोषणा की कि पाकिस्तान उन देशों की सूची में शामिल है जिन्हें अमेरिकी निर्माता रेथियॉन की उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें प्राप्त होंगी। अमेरिकी युद्ध विभाग ने बताया कि रेथियॉन को अतिरिक्त 41 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए गए हैं, जो पहले दिए गए अनुबंध को मिलाकर

## मैंने अपनाया स्वदेशी जोहो मेल : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बताया कि उन्होंने अपने पत्राचार के लिए एक नए ईमेल सेवा प्रदाता, ज़ोहो मेल, का उपयोग शुरू कर दिया है। X पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने अनुरोध किया कि भविष्य में सभी पत्राचार उनके नए पते, amitshah.bjp@zohomail.in पर किए जाएँ। शाह ने X पर पोस्ट किया कि सभी को नमस्कार। मैंने ज़ोहो मेल का उपयोग शुरू कर दिया है। कृपया मेरे ईमेल पते में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल पता amitshah.bjp@zohomail.in है। भविष्य में मेल के माध्यम से पत्राचार के लिए, कृपया इसी पते का उपयोग करें। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। ज़ोहो मेल, चेन्नई, तमिलनाडु में मुख्यालय वाली एक भारतीय बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी, ज़ोहो कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित एक सुरक्षित और विज्ञापन-मुक्त ईमेल होस्टिंग सेवा है। 2008 में लॉन्च किया गया, ज़ोहो मेल, ज़ोहो वर्कप्लेस सुइट का एक हिस्सा है, जिसमें कार्यालय उत्पादकता, सहयोग और संचार के लिए उपकरण शामिल हैं। अपने मज़बूत गोपनीयता मानकों और डेटा सुरक्षा नीतियों के लिए जाना जाने वाला, ज़ोहो मेल एन्क्रिप्टेड ईमेल ट्रांसमिशन, दो-कारक प्रमाणीकरण और मुख्य रूप से भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में होस्ट किए गए सर्वर प्रदान करता है। इसका व्यापक रूप से व्यवसायों, पेशेवरों और सरकारी संगठनों द्वारा उपयोग किया जाता है जो वैश्विक ईमेल प्रदाताओं के लिए गोपनीयता-केंद्रित विकल्प की तलाश में हैं।

## तंत्र-मंत्र के शक में आदिवासी वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**मध्यप्रदेश।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में तंत्र-मंत्र के शक में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खजुराहो के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) मनमोहन बघेल ने कहा कि बमीठा थानांतर्गत झमटुली गांव में लोगों की भीड़ ने कामता आदिवासी की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि कामता की हत्या के सिलसिले में दो से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। बघेल ने बताया कि कामता झाड़-फूंक का काम करता था और कुछ ग्रामीणों को उस पर तंत्र-मंत्र करने का संदेह था। उन्होंने कहा कि घटना के असली कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## 35 वर्ष में दुनिया को अलविदा कह गए पंजाबी गायक राजवीर जवंदा



**पंजाब।** लोकप्रिय पंजाबी गायक और अभिनेता राजवीर जवंदा का लगभग 12 दिनों तक ज़िंदगी और मौत से जूझने के बाद मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 35 वर्षीय राजवीर को बुधवार मृत घोषित कर दिया गया। फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने कहा कि पंजाबी गायक राजवीर जवंदा का 8 अक्टूबर, को सुबह फोर्टिस अस्पताल, मोहाली में निधन हो गया। उन्हें 27 सितंबर, 2025 को एक सड़क दुर्घटना के बाद अत्यंत गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें और मस्तिष्क क्षति हुई थी। मोहाली के फोर्टिस अस्पताल कि व्यापक चिकित्सा सहायता और क्रिटिकल केयर और न्यूरोसर्जरी टीमों द्वारा निरंतर निगरानी के बावजूद, आज सुबह कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण उनका निधन हो गया। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति हमारी गहरी संवेदना। गायक को 27 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के बद्दी के पास एक सड़क दुर्घटना में सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आईं थीं, जब उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर अचानक आए आवारा मवेशियों से टकरा गई थी।

## सोनम वांगचुक से जेल में मिलीं पत्नी गीतांजलि, कानूनी लड़ाई का लिया संकल्प

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लद्दाखी अन्वेषक और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने बुधवार को बताया कि कानूनी कार्रवाई के बावजूद उनका मनोबल मजबूत बना हुआ है, क्योंकि उनकी कानूनी टीम उनके खिलाफ जारी किए गए नजरबंदी आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। वांगचुक और उनके कानूनी सलाहकार रितम खरे से मुलाकात के बाद गीतांजलि ने बताया कि हालांकि हिरासत आदेश प्राप्त हो गया है, लेकिन वांगचुक की अपने मुद्दे के प्रति प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हमें नज़रबंदी का आदेश मिला है, जिसे हम चुनौती देंगे। उनका हौसला अडिग है। उनकी प्रतिबद्धता दृढ़ है! उनका लचीलापन बरकरार है! वह सभी के समर्थन और एकजुटता के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने गीतांजलि द्वारा दायर एक रिट याचिका पर केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जवाब मांगा था। इस याचिका में गीतांजलि ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अपनी हिरासत को चुनौती दी थी और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने हिरासत के आधार बताने संबंधी उनकी याचिका पर कोई आदेश देने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। वांगचुक को 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह घटना केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद हुई थी। इस हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। सरकार ने उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया था।

## तीन दिन बाद वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू

**श्रीनगर।** प्रतिकूल मौसम के कारण तीन दिनों के लिए स्थगित वैष्णो देवी यात्रा आज फिर से शुरू हो गई है। त्रिकुटा पर्वतीय क्षेत्र में भारी वर्षा, गरज के साथ छींटे और भूस्खलन की आशंका के कारण एहतियात के तौर पर इसे रोक दिया गया था। मौसम में सुधार के साथ, अधिकारियों ने सभी सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हुए और पटरियों को साफ करते हुए, श्रद्धालुओं के लिए मार्ग फिर से खोल दिए हैं। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि यात्रा सुचारू रूप से फिर से शुरू हो गई है और तीर्थयात्रियों को भवन की ओर बढ़ने की अनुमति दी जा रही है। माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद पाने के लिए अपनी आध्यात्मिक यात्रा फिर से शुरू करने पर श्रद्धालुओं ने राहत और आभार व्यक्त किया है। अधिकारी तीर्थयात्रियों से आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रहने और अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी सलाह का पालन करने का आग्रह कर रहे हैं। वैष्णो देवी यात्रा 5 अक्टूबर को स्थगित कर दी गई थी।

### गाजा के समर्थन में चेन्नई में विशाल रैली

## सीपीआईएम का साथ देने स्टालिन पहुंचे प्रो. जवाहरुल्लाह भी लेगें भाग

**एजेंसी। तमिलनाडु**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन आज चेन्नई में सीपीआई(एम) द्वारा आयोजित एक विशाल विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन में आयोजकों द्वारा गाजा में नरसंहार की निंदा की गई। दो साल पहले इज़राइल द्वारा सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से अब तक 67,000 से ज़्यादा फ़िलिस्तीनी जिनमें 20,000 बच्चे भी मारे जा चुके हैं। के वीरमणि, वाइको, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगई, वीसीके प्रमुख थोल. थिरुमावलवन, टीएमएमके नेता प्रो. जवाहरुल्लाह और वामपंथी दलों के नेताओं सहित वरिष्ठ नेताओं के भी इस प्रदर्शन में शामिल होने की उम्मीद है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार, पिछले 24 महीनों में गाज़ा में हर घंटे एक बच्चे की मौत हुई है। यूनिसेफ का अनुमान है कि लगभग 4,000 बच्चों ने कम से कम एक अंग खो दिया है, जबकि 1.69 लाख से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं। गाज़ा का अधिकांश बुनियादी ढाँचा तबाह हो गया है, और अधिकारियों को डर है कि मरने वालों की वास्तविक संख्या कहीं ज़्यादा हो सकती है, और माना जा रहा है कि कई लोग मलबे में दबे हुए हैं। इज़राइल के ये हमले अक्टूबर 2023 में हमास की सशस्त्र शाखा द्वारा किए गए हमले के बाद हुए हैं, जिसमें 1,139 लोग मारे गए थे - जिनमें ज़्यादातर इज़राइली नागरिक थे - और 240 लोगों को बंधक बना लिया गया था, जिनमें से इज़राइल का मानना है कि कम से कम 20 ज़िंदा बचे हैं। इज़राइल ज़ोर देकर कहता है कि उसके अभियान हमास आतंकवा दियों को निशाना बनाकर चलाए गए थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र जाँच आयोग सहित आलोचकों ने इस बमबारी को नरसंहार बताया है।

**एमके स्टालिन का मुखर रुख**

स्टालिन ने हाल के हफ़्तों में इस संकट पर सार्वजनिक रूप से कड़ा रुख अपनाया है। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, उन्होंने एक्स पर लिखा कि युद्धग्रस्त क्षेत्र का हर दृश्य दिल दहला देने वाला था। शिशुओं की चीखें, भूख से मरते बच्चों का नज़ारा, अस्पतालों पर बमबारी और संयुक्त राष्ट्र जाँच आयोग द्वारा नरसंहार की घोषणा उस पीड़ा को दर्शाती है जो किसी भी इंसान को कभी नहीं झेलनी चाहिए।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‍ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## शक के दायरे में हरियाणा के आईपीएस की आत्महत्या

**एजेंसी। हरियाणा**



हरियाणा कैडर के वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) वाई पूरन कुमार की आकस्मिक मृत्यु ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने आत्महत्या क्यों की? क्या वह तनाव में थे, या कुछ और था? जैसे-जैसे जाँच आगे बढ़ रही है, एक नया मोड़ सामने आ रहा है, जिससे संदेह बढ़ रहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने उनके इस फैसले में भूमिका निभाई होगी। मंगलवार को वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। उनका शव घर के बेसमेंट के एक कमरे में गोली लगने के निशान के साथ मिला। अधिकारियों के अधिकारों, वरिष्ठता और अन्य मुद्दों से जुड़े मामलों में अपने हस्तक्षेप के लिए जाने जाने वाले 52 वर्षीय 2001 बैच के अधिकारी कुमार को हाल ही में रोहतक के सुनारिया स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) में महानिरीक्षक के पद पर तैनात किया गया था। कुमार इससे पहले रोहतक रेंज के आईजी के पद पर तैनात थे और हाल ही में उनका तबादला सुनारिया स्थित पीटीसी के आईजी पद पर हुआ था। सूत्रों के अनुसार, पूरन कुमार के गनमैन हेड कांस्टेबल सुशील कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस हिरासत के दौरान, सुशील कुमार ने स्वीकार किया कि उसने आईपीएस अधिकारी के कहने पर मासिक रिश्वत मांगी थी।

### क्या ममता सरकार पर संकट आने वाला है?

## रिपोर्ट कार्ड लेकर राष्ट्रपति से मिले बंगाल के राज्यपाल बोस

**एजेंसी। कोलकाता**

महान स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा था, "बंगाल आज जो सोचता है, भारत कल वही सोचेगा" यानी जो बंगाल आज सोचता है, वो भारत कल सोचेगा। पश्चिम बंगाल में वैसे तो 2026 में चुनाव है लेकिन यहां पर राजनीतिक बिसात हमेशा बिछती आती है। वहीं राजनीतिक हिंसा से भी बंगाल अक्सर दो चार होता रहता है। लेकिन तमाम घटनाक्रमों के बीच पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों भारी बारिश और भूस्खलन ने न केवल उत्तर बंगाल में तबाही लाई है बल्कि इसने राजनीतिक तापमान भी बढ़ा दिया है। अब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में मुलाकात की एक तस्वीर साझा की। इसमें कहा गया पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उत्तर बंगाल से सीधे दिल्ली आए राज्यपाल के दौरे को राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब राज्य सरकार और केंद्र के बीच बाढ़ प्रबंधन, राहत उपायों और क्षेत्र में राजनीतिक हिंसा को लेकर मतभेद चल रहे हैं।




**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–716 / दिनांक–07.10.2025

**निविदा रद्द सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-22/2025-26 यथा सिरसिरिया नाला से पक्का वियर आउटलेट और पक्का सिंचाई नाली का निर्माण , प्रखंड– सरयु, जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-360814 (water resource)25-26*D है को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

PR 363559 Water Resource(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA NETARHAT**

P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com
Website:www.netarhatvidyalaya.com

**NOTICE INVITING RE-TENDER**

Re-Tender No.294 Dated - 08 .10.2025

Sealed Re-Tender's/Quotations are invited from reputed Suppliers/ Publishers / Authorized Distributors / Authorized Dealers for the Supply of different kinds of News Papers, Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of News Papers, Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of News Papers, Magazines, Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Via-Gumla, District-Latehar.(JHARKHAND) PIN -835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 10.10.2025 at 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 25.10.2025 at 10.30 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 25.10.2025 at 11.10 A.M |

Further details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/- Principal Netarhat Aawasiya Vidyalaya Netarhat

PR 363631 Human Resource Developement(25-26)#D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 28/2025-26

पत्रांक–718 लातेहार / दिनांक–07.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सिरसिरिया नाला से पक्का वियर आउटलेट और पक्का सिंचाई नाला का निर्माण, प्रखंड–,सरयू जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 68.069 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 11.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 24.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.10.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 363553 Water Resource(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/LATEHAR / 910 / 2025-26

दिनांक :– 07-10-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लातेहार, जुबली चौक (NH-75) - हेरहंज भाया नवादा (SH-10) पथ के चैनेज 0.00 कि0मी0 से 2.50 कि0मी0 में IRQP कार्य (कुल लम्बाई–2.500 कि0मी0) । |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 1,69,70,298.00 (एक करोड़ उनहत्तर लाख सत्तर हजार दो सौ अनठानबे रुपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 (दो) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 12.10.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 25.10.2025 के 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.10.2025 के 12:00 बजे दिन तक |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता , पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 06565–245081 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2403007 |

- निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को यूकैन से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- कार्य की प्राक्कलित राशि घटने–बढ़ने की स्थिति में, उसी के अनुरूप अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य लिया जायेगा।

E-mail ID : eercdlatehar-jhr@nic.in
Tel. No. – 06565-248418

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

PR 363550 (Road)25-26*D

## 100 लोगों के साथ अचानक मुंबई पहुंचे पीएम स्टार्मर

# ट्रंप टैरिफ की हवा निकालने की कवायद शुरू

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जब कोई देश दूसरे देश से घिर जाता है या उसके देश में आतंरिक कलह मच जाता है तो वो भारत की शरण में आता है। ऐसे में आज आपको एक ऐसी यात्रा के बारे में बताएंगे जो दिखने में भले ही सामान्य लगे लेकिन इसके पीछे एक बड़ा जियो पॉलिटिकल गेम छिपा है। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भारत पहुंच चुके हैं और वो सीधा दिल्ली नहीं बल्कि मुंबई पहुंचे हैं। ये कोई साधारण यात्रा नहीं बल्कि अमेरिका-भारत के बीच टैरिफ वॉर के बीच एक नया आर्थिक समीकरण बनता दिख रहा है। एक ऐसा समीकरण जो आने वाले समय में वाशिंगटन को गुस्सा दिला सकता है। कीर स्टार्मर का भारत का ये दौरा दो दिनों 8 और 9 अक्टूबर का है। मुंबई पहुंचते ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। साथ में राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी वहां मौजूद रहे।



### दोनों नेता विजन 2035 योजना की प्रगति पर चर्चा करेंगे

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह दीर्घकालिक "विज़न 2035" योजना का एक हिस्सा है, जो जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के साथ तैयार किया गया एक रोडमैप है। इस योजना का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को गहरा करना है। स्टारमर इस यात्रा पर 100 से अधिक व्यापारिक नेताओं, विश्वविद्यालय प्रमुखों और सांस्कृतिक हस्तियों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस समूह का ध्यान भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और शैक्षिक संबंधों को बढ़ाने पर है।

### प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में स्टारमर से मिलेंगे

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार सुबह 10:00 बजे मुंबई राजभवन में अपने ब्रिटिश समकक्ष स्टारमर के साथ बैठक करेंगे। इस उच्च-स्तरीय चर्चा में व्यापार, प्रौद्योगिकी और जलवायु कार्रवाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। बैठक के बाद, प्रधानमंत्री स्टारमर राजभवन में प्रेस को संबोधित करेंगे, चर्चाओं की जानकारी देंगे और भविष्य की सहयोगात्मक पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे।

### ब्रिटिश पीएम ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भी भाग लेंगे

फोरम के तुरंत बाद, दोपहर 2:25 बजे, प्रधानमंत्री स्टारमर ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भाग लेंगे, जो जियो वर्ल्ड सेंटर में ही आयोजित होगा और नवाचार और डिजिटल वित्त सहयोग पर ज़ोर देगा। अपनी यात्रा के समापन पर, ब्रिटिश प्रधानमंत्री 9 अक्टूबर को रात 11:30 बजे प्रस्थान करेंगे।

# युद्ध में मौत का डर नहीं, भूखे-प्यासे खबर निकालने का है जज्बा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। बीबीसी ने तीन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों—एजेंसी फ्रांस-प्रेस (एएफपी), एसोसिएटेड प्रेस (एपी), और रॉयटर्स—के साथ मिलकर एक शॉर्ट फिल्म जारी की है, जिसमें इजरायल से गाजा में विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से प्रवेश की अनुमति देने की अपील की गई है। इस फिल्म का नैरेशन वरिष्ठ बीबीसी पत्रकार डेविड डिम्बलबी ने किया है। यह न्यूयॉर्क में कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में लॉन्च होगी, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हो रहा है।फिल्म में डिम्बलबी कहते हैं, "अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को गाजा में प्रवेश की अनुमति मिलनी चाहिए ताकि वे स्थानीय फिलिस्तीनी पत्रकारों के साथ मिलकर सच्चाई दुनिया तक पहुंचा सकें।" 7 अक्टूबर 2023 को हामास के हमले के बाद इजरायल द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान के बाद से विदेशी पत्रकारों को गाजा में स्वतंत्र पहुंच नहीं दी गई है। कुछ पत्रकारों को केवल इजरायली सेना की निगरानी में सीमित दौरे की अनुमति मिली। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) का कहना है कि सुरक्षा कारणों से पत्रकारों को "फील्ड में सैन्य सहायता" के साथ ही प्रवेश दिया जाता है।बीबीसी न्यूज की सीईओ डेबोरा टर्नेस ने जोर देकर कहा, "7 अक्टूबर 2023 से लगभग दो साल बीत चुके हैं, जब हामास के हमले और गाजा में युद्ध शुरू हुआ। अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को अब गाजा में प्रवेश की अनुमति मिलनी चाहिए ताकि हम स्थानीय पत्रकारों के साथ मिलकर दुनिया को यथार्थ दिखा सकें।" फिल्म में विश्व युद्ध-II के डी-डे लैंडिंग, वियतनाम युद्ध, 1984 के इथियोपिया अकाल, तियानमेन स्क्वायर प्रदर्शन, रवांडा नरसंहार, सीरिया शरणार्थी संकट, और यूक्रेन युद्ध जैसे ऐतिहासिक घटनाक्रमों के दृश्य शामिल हैं, जो पत्रकारों की निष्पक्ष रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित करते हैं।

**बीबीसी, एपी, एएफपी व रॉयटर्स ने गाजा में पत्रकारों के प्रवेश की मांग वाली फिल्म की जारी**

डिम्बलबी ने फिल्म में बताया, "यूक्रेन में पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर पीड़ा की कहानियां दुनिया तक पहुंचाते हैं, लेकिन गाजा में यह जिम्मेदारी केवल फिलिस्तीनी पत्रकारों पर है, जो भारी कीमत चुका रहे हैं।" संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, इजरायली हमलों में कम से कम 248 फिलीस्तीनी पत्रकार मारे गए हैं, जबकि इजरायल ने पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोपों से इनकार किया है। यह पहली बार नहीं है जब न्यूज़ संगठनों ने इजरायल से गाजा में पत्रकारों की पहुंच की मांग की हो। जुलाई 2024 में, बीबीसी, एएफपी, एपी, और रॉयटर्स ने संयुक्त बयान में गांजा के पत्रकारों की भूख और विस्थापन जैसी कठिन परिस्थितियों पर चिंता जताई थी। अगस्त 2024 में, यूके समेत 27 देशों ने इजरायल से विदेशी मीडिया को तत्काल प्रवेश देने और पत्रकारों पर हमलों की निंदा करने वाला बयान समर्थन किया। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया, के जवाब में इजरायल ने गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया। हामास-प्रशासित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से गाजा में कम से कम 65,419 लोग मारे गए हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र विश्वसनीय मानता है। यह फिल्म पत्रकारिता की स्वतंत्रता और युद्ध क्षेत्रों में सच्चाई उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देती है।

## एक्स का मामला सुप्रीम कोर्ट में

# भाजपा असम में सत्ता में नहीं रही तो मुसलमान राज्य पर कब्जा कर लेंगे ?

### सुप्रीम कोर्ट ने असम भाजपा व एक्स को भेजा नोटिस

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। सर्वोच्च न्यायालय ने असम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इकाई द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक विवादास्पद वीडियो के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ पत्रकार कुर्बान अली व वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए भाजपा असम और एक्स को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है। याचिका में वीडियो को हटाने और इसके कथित नफरत भरे कंटेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।याचिका के अनुसार, 15 सितंबर 2025 को भाजपा असम प्रदेश के आधिकारिक एक्स हैंडल (@BJP4Assam) पर एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें दावा किया गया कि यदि भाजपा असम में सत्ता में नहीं रही, तो मुसलमान राज्य पर कब्जा कर लेंगे।

वीडियो में कथित तौर पर टोपी व दाढ़ी वाले व्यक्तियों तथा बुर्का पहने लोगों को चाय बागानों, गुवाहाटी हवाई अड्डे, असम रंग घर, और अन्य स्थानों पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त, वीडियो में अवैध प्रवासियों को मुस्लिम के रूप में चित्रित किया गया और यह दावा किया गया कि असम की 90% आबादी मुस्लिम हो जाएगी। याचिका में इसे 'घोर झूठा और भड़काऊ आख्यान' करार दिया गया, जो सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाता है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील निज़ाम पाशा ने तर्क दिया कि यह वीडियो आगामी असम विधानसभा चुनावों के संदर्भ में पोस्ट किया गया और यह मुसलमानों को खुले तौर पर निशाना बनाता है।



वीडियो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा निर्मित माना जा रहा है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने और उनका दानवीकरण करने का प्रयास किया गया है। याचिका में कहा गया कि यह वीडियो संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और सुप्रीम कोर्ट के नफरत भरे भाषणों (हेट स्पीच) के खिलाफ पूर्व के निर्देशों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, नफरत भरे भाषणों के मामलों में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। याचिका में जोर दिया गया कि सत्तारूढ़ दल के रूप में, भाजपा संविधान के तहत धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए बाध्य है। वीडियो को संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करने वाला बताया गया, जो सामाजिक एकता को कमजोर करता है और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(3) और 123(3A) के तहत भ्रष्ट आचरण को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, याचिका में सुप्रीम कोर्ट के 2014 और 2017 के निर्देशों का हवाला दिया गया, जो नफरत भरे भाषणों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग करते हैं। इस बारे में कांग्रेस पार्टी ने असम के दिसपुर थाने में इस वीडियो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 351(2), 351(3), 352, और 353(2) के तहत सांप्रदायिक दुश्मनी, आपराधिक साजिश, और सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाए गए हैं। यह भी आरोप है कि वीडियो ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो को 46 लाख से अधिक बार देखा गया और इसे व्यापक रूप से साझा किया गया। याचिकाकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यह सामाजिक तनाव को बढ़ा सकता है और असम में सांप्रदायिक सौहार्द को खतरे में डाल सकता है। याचिका में मांग की गई कि वीडियो को तत्काल हटाया जाए और इसके प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाए जाएँ। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया और इसे नफरत भरे भाषणों से संबंधित पहले की याचिकाओं (हेट स्पीच पीआईएल) के साथ जोड़ा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह के कंटेंट की जाँच आवश्यक है, विशेष रूप से जब यह चुनावी संदर्भ में सामाजिक एकता को प्रभावित करता हो। अगली सुनवाई में कोर्ट इस मामले में भाजपा और एक्स के जवाबों की समीक्षा करेगा। यह याचिका संवैधानिक मूल्यों, विशेष रूप से धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक एकता, की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट का नोटिस इस बात का संकेत है कि नफरत भरे कंटेंट के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है, विशेष रूप से तब जब यह राजनीतिक दलों द्वारा प्रायोजित हो। 28 अक्टूबर 2025 की सुनवाई इस मामले में आगे के निर्देशों व संभावित कानूनी परिणामों को निर्धारित करेगी।हालांकि इससे पावरफुल नेता व उनकी पार्टी वाले बाज नहीं आने वाले।

## कैलिफोर्निया में मिलेगी दिवाली की सरकारी छुट्टी



**नई दिल्ली** । भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, ''कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है।

# सुलझ गया रूपर्ट मर्डोक फैमिली ट्रस्ट विवाद फॉक्स न्यूज रूढ़िवादी दिशा बनाए रखेगा

### रूपर्ट के चहेते बेटे लैकलन वैश्विक मीडिया साम्राज्य की संभालते रहेंगे बागडोर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। वैश्विक मीडिया दिग्गज रूपर्ट मर्डोक और उनके बच्चों के बीच पारिवारिक ट्रस्ट को लेकर चला आ रहा विवाद सुलझ गया है। इस समझौते से यह तय हो गया है कि फॉक्स न्यूज अपनी रूढ़िवादी दिशा बनाए रखेगा, और मर्डोक के पसंदीदा बेटे लैकलन मर्डोक फॉक्स कॉर्प और न्यूज कॉर्प के नेतृत्व में बने रहेंगे। यह ट्रस्ट इन दो प्रभावशाली कंपनियों को नियंत्रित करता है, जिनमें वॉल स्ट्रीट जर्नल, हार्पर कॉलिन्स, और फॉक्स ब्रॉडकास्ट नेटवर्क शामिल हैं। बीते सोमवार को घोषित इस समझौते के तहत, मर्डोक के तीन बच्चे—प्रूडेंस, एलिजाबेथ, और जेम्स—अब ट्रस्ट के लाभार्थी नहीं रहेंगे। इसके बदले, प्रत्येक को 1.1 बिलियन डॉलर मिलेंगे। यह समझौता 94 वर्षीय रूपर्ट और 54 वर्षीय लैकलन के लिए बड़ी जीत है, जिससे लैकलन का इन कंपनियों पर दशकों तक नियंत्रण सुनिश्चित हो गया है। लैकलन के नेतृत्व वाली एक नई पारिवारिक कंपनी फॉक्स में 36% और न्यूज कॉर्प में 33% मतदान हिस्सेदारी रखेगी। तीनों भाई-बहन 3.3 बिलियन डॉलर मूल्य के शेयर बेचकर कंपनियों से बाहर होंगे, और एक नया ट्रस्ट उनकी नकद आय का प्रबंधन करेगा।

यह विवाद 2023 में शुरू हुआ, जब रूपर्ट ने ट्रस्ट में बदलाव कर लैकलन को एकमात्र उत्तराधिकारी बनाने की कोशिश की। पहले की योजना में मर्डोक की मृत्यु के बाद चार बड़े बच्चों को समान वोटिंग अधिकार मिलने थे, जिससे प्रूडेंस, एलिजाबेथ, और जेम्स मिलकर लैकलन को हटा सकते थे। इससे नाराज इन तीनों ने नेवादा की प्रॉबेट कोर्ट में चुनौती दी। शुरुआती फैसले ने रूपर्ट का समर्थन किया, लेकिन बाद में यह उलट गया, और मामला अपील तक पहुंचा। अंततः, इस समझौते ने विवाद को समाप्त कर दिया। फॉक्स न्यूज, अमेरिका का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला केबल चैनल, 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी कवरेज के कारण रेटिंग्स में शीर्ष पर रहा। इस साल इसके शेयर 24% बढ़कर 57.01 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचे। न्यूज कॉर्प भी डिजिटल युग में सफल रही, जिसमें वॉल स्ट्रीट जर्नल के डिजिटल सब्सक्राइबर 9% बढ़कर 41 लाख हो गए। लैकलन, जिन्हें उनके पिता की तरह रूढ़िवादी माना जाता है, ने 2020 में 440 मिलियन डॉलर में टूबी स्ट्रीमिंग सेवा खरीदने जैसे रणनीतिक फैसले लिए। हालांकि, फॉक्स को 2020 के चुनाव कवरेज से जुड़े डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स के मुकदमे में 787.5 मिलियन डॉलर का समझौता करना पड़ा, और स्मार्टमैटिक से 2.7 बिलियन डॉलर का मुकदमा अभी लंबित है। मर्डोक परिवार की यह जंग, जिसने एचबीओ के ड्रामा उत्तराधिकार को प्रेरित किया, लैकलन के नेतृत्व में एक नए युग की शुरुआत करती है।

## टीटीपी के प्रमुख आतंकवादी को मारा पाकिस्तान ने

**नई दिल्ली** । पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के अफगानिस्तान मूल के एक प्रमुख आतंकवादी को मार गिराया है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले के गबीर इलाके में चलाए गए एक अभियान में पीर आगा कंधारी मारा गया। वह सुरक्षा बलों पर हमले और निर्दोष नागरिकों की हत्या सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। टीटीपी के बाजौर कमांडर मलंग बादशाह ने एक ऑडियो संदेश में बाजौर जिले में एक अभियान में कंधारी की मौत की पुष्टि की। इस बीच, मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में बन्नू जिले से उच्च विद्यालय के दो शिक्षकों सहित चार सरकारी अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



# एयरबेस के लिए सीधे भिड़ने वाले हैं चीन, रूस, पाकिस्तान और भारत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इतिहास में ऐसे मौके बहुत कम ही देखने को मिले होंगे जब किसी मुद्दे को लेकर भारत और पाकिस्तान एक साथ आ खड़े हो। वहीं अगर इसमें रूस और चीन जैसे देशों का साथ भी मिल जाए तो साफ हो जाता है कि मामला थोड़ा बड़ा है। अब ऐसा ही कुछ अफगानिस्तान को लेकर देखने को मिल रहा है। भारत अब तालिबान, पाकिस्तान, चीन और रूस के साथ मिलकर अफ़ग़ानिस्तान में बगराम एयरबेस पर फिर से नियंत्रण पाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोशिश का विरोध कर रहा है। यह घोषणा तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की नई दिल्ली की निर्धारित यात्रा से कुछ दिन पहले हुई है, जो किसी वरिष्ठ तालिबान राजनयिक के लिए पहली ऐतिहासिक यात्रा होगी। अफगानिस्तान पर मास्को प्रारूप परामर्श की सातवीं बैठक मास्को में हुई, जिसमें अफगानिस्तान, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, तथा बेलारूस भी अतिथि के रूप में उपस्थित था। ज्वाइंट स्टेटमेंट में कहा गया है कि उन्होंने अफगानिस्तान और पड़ोसी राज्यों में देशों द्वारा अपने सैन्य बुनियादी ढांचे को तैनात करने के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया, क्योंकि यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के हितों की पूर्ति नहीं करता है। हालांकि बगराम का स्पष्ट रूप से नाम नहीं लिया गया, लेकिन संदेश को व्यापक रूप से ट्रम्प की मांग के रूप में देखा गया।







## चहल ने धनश्री के धोखाधड़ी के आरोपों पर तोड़ी चुप्पी, 'उनका घर **मेरे नाम** से **चल रहा** है...'

*क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने आखिरकार अपनी पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा को लेकर चल रही चर्चाओं और उनके अलग होने के बाद बेवफाई की अफवाहों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि धनश्री, जो इस समय 'राइज़ एंड फ़ॉल' शो की प्रतियोगी हैं।*

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने आखिरकार अपनी पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा को लेकर चल रही चर्चाओं और उनके अलग होने के बाद बेवफाई की अफवाहों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि धनश्री, जो इस समय 'राइज़ एंड फ़ॉल' शो की प्रतियोगी हैं, ने कुब्रा सैत से बातचीत के दौरान कहा था कि चहल ने शादी के दो महीने बाद ही उन्हें धोखा दिया था। अब क्रिकेटर ने आखिरकार इस दावे पर प्रतिक्रिया दी है। इन अटकलों को खारिज करते हुए, चहल ने इन दावों को "निराधार और थकाऊ" बताया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह अपने जीवन के इस दौर से आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा, "मैं एक खिलाड़ी हूँ और मैं धोखा नहीं देता।



# सीताराम मारू पर 11 अक्टूबर को जारी होगा डाक टिकट

**नवीन मेल संवाददाता**



● राज्यपाल एवं रक्षा राज्य मंत्री जारी करेंगे डाक टिकट
● जन्म शताब्दी पर कई कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन

**रांची।** दक्षिण बिहार के लोकप्रिय साप्ताहिक/दैनिक रांची एक्सप्रेस के संस्थापक एवं इस क्षेत्र के लोकप्रिय/जनप्रिय समाजसेवी सीताराम मारू का आगामी 11 अक्टूबर 2025 को उनके परिवार द्वारा जन्म शताब्दी दिवस, दो दिवसीय समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। आगामी 11 अक्टूबर 2025 को दिन में 11:00 बजे, भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा सीताराम मारू पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया जाएगा। इसे झारखंड के राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार, रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा झारखंड के डाक विभाग के उच्च अधिकारी एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जारी किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम संध्या 5:30 बजे रांची क्लब के सेलिब्रेशन हॉल में आमंत्रित अतिथियों के साथ होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिन्मया मिशन के पूर्व ग्लोबल प्रमुख स्वामी तेजोमयनंद जी होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे। कार्यक्रम में सीताराम मारू के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उनके साथ सहयोगी रहे चार व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। वे हैं पत्रकारिता के क्षेत्र में बलबीर दत्त, साहित्य सेवा के क्षेत्र में डॉ रीता शुक्ला, समाज सेवा के क्षेत्र में श्याम गुप्त एवं राजनीति के क्षेत्र मे वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा। उसी दिन हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सीताराम मारू की स्मृति में कोलकाता निवासी राम अवतार भल्ला और उनके परिवार द्वारा भंडारे का भी आयोजन संध्या 5:00 बजे से किया गया है। अगले दिन 12 अक्टूबर 2025 को प्रधान नगर, बुंडू स्थित सूर्य उपासना भवन में संस्कृति विहार के द्वारा प्रातः 10:30 बजे से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे। इसमें बड़ी संख्या में संस्कृति विहार द्वारा संचालित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, आचार्य एवं बुंडू, तमाड़ एवं पंच परगना के गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी पूर्व सांसद, संस्कृति बिहार के अध्यक्ष एवं सीताराम मारू के पुत्र अजय मारू ने दी।

## हेमंत सरकार पार्ट 2 में भी भ्रष्टाचार और टेंडर घोटाला का आरोप

# झारखंड स्वास्थ्य विभाग के टेंडर में 50 करोड़ का घोटाला : प्रतुल

● झारखंडियत और स्थानीयता की बात करने वाली सरकार ने झारखंडी कंपनियों को ही टेंडर में हिस्सा लेने से बाहर किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर लगातार विपक्ष के निशाने पर है। इसी कड़ी में बुधवार को भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पार्ट-2 में भी लगातार टेंडर घोटाले और भ्रष्टाचार के जारी रहने का आरोप लगाया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से निकाले गए टेंडर पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाते हुए इसे 50 करोड़ का घोटाला करार दिया। रांची के हरमू स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), रांची के कार्यालय की ओर से नर्सिंग, पैरामेडिकल और अन्य तकनीकी स्टाफ के लिए ई-टेंडर संख्या 4374, 20 सितंबर, 2025 को निकाला गया। इस टेंडर में ऐसी शर्तों को डाला गया, जिससे झारखंड की कोई स्थानीय कंपनी हिस्सा ही नहीं ले पाएगी।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री आदिवासी मूलवासी और झारखंडियत की बात करते हैं। लेकिन इस टेंडर के जरिए बिहार की ब्लैकलिस्टेड कंपनी को काम देने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इससे पूर्व जब इसी सिविल सर्जन के कार्यालय ने 2022 में टेंडर निकला था, तब की अर्हता और अभी की अर्हता में लगभग पांच गुणा का इजाफा कर दिया गया है। यह सिर्फ बिहार की एक विशेष ब्लैकलिस्टेड कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इसी टेंडर में 2022 में सिक्योरिटी मनी (ईएमडी) चार लाख रुपए रखा गया था। इस वर्ष बढ़ाकर उसे 15 लाख कर दिया गया। 2022 में टेंडर की अर्हता में सिंगल वर्क आर्डर का वैल्यू तीन करोड़ था। तीन वर्षों में इस बार इसे 15 करोड़ कर दिया गया है। ईसीआर की कॉपी 300 लोगों की आवश्यकता थी। इस वर्ष इसे 1500 कर दिया गया है। 2022 में निकाले गए टेंडर में पिछले तीन वित्तीय वर्ष का कंपनी का एवरेज टर्नओवर पांच करोड़ होने की आवश्यकता थी। इस बार इसे पांच गुना बढ़ाकर 25 करोड़ कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जिस कंपनी को ये टेंडर देने की कोशिश की जा रही है,उसे झारखंड के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ने डिबार (किसी व्यक्ति या संस्था को किसी काम करने, किसी जगह जाने, या किसी सुविधा का उपयोग करने से आधिकारिक तौर पर रोकना, प्रतिबंधित करना या बहिष्कृत करना) किया है, लेकिन टेंडर में ब्लैकलिस्टेड कॉलम में सिर्फ यह लिखकर डाल दिया गया है कि जिस कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया है, वह एक अंडरटेकिंग देगी।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इन सारी बातों से स्पष्ट है कि टेंडर को इस रूप में बनाया गया है कि झारखंड की कंपनी को कोई लाभ न हो। लाभ होना तो दूर की बात है, झारखंड की कोई कंपनी इसमें हिस्सा भी नहीं ले पाएगी। बिहार की एक विवादास्पद ब्लैकलिस्टेड कंपनी को टेंडर देने के लिए अर्हता को बदल गया है। क्योंकि यही इन सारी अहर्ताओं को पूरा करती है। अब वह कंपनी मनमाने रेट पर टेंडर डालेगी और कमीशन ऊपर से नीचे तक सब जगह बंटेगा। भाजपा इस पूरे मुद्दे को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के सामने भी ले जाएगी।

# स्पीकर और नवीन जायसवाल पहुंचे बारबाडोस, देंगे व्याख्यान

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) झारखंड शाखा, रबीन्द्रनाथ महतो और झारखंड विधानसभा के सदस्य नवीन जायसवाल बुधवार को सीपीए के 68वां कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने के लिये बारबाडोस पहुंचे। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेन्स आगामी पांच अक्टूबर से शुरू है, जो 12 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें दोंनों नेता अपनी बात रखेंगे। सम्मेलन का मुख्य थीम द कॉमनवेल्थघ अ गुड ग्लॉअबल पार्टनर है। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित इस कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेन्स में सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में कई मुददों पर चर्चा होगी। इनमें प्रमुख रूप से वैश्विक लोकतंत्र संकट, तकनीकी परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असमानताएं सहित अन्य बड़ी चुनौतियों के साथ-साथ संसदीय विषय शामिल है। झारखंड विधानसभा की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन समारोह से कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हो चुकी है। कॉन्फ्रेन्स के दौरान विभिन्न कार्यशालाएं होंगी। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो भी कॉन्फ्रेन्स में अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

# आरईसी सीएसआर व विकास भारती के बीच हुआ अनुबंध



**रांची।** बुधवार को गुड़गांव में आरईसी, भारत सरकार के चेयरमैन सह सीएमडी जितेंद्र श्रीवास्तव (आईएएस) की उपस्थिति में आरईसी, सीएसआर के साथ विकास भारती का एक अनुबंध साइन हुआ। इस दौरान आरईसी, सीएसआर के ईडी प्रदीप उपस्थित थे। इस परियोजना में झारखंड के 3 जिलों (गुमला, लोहरदगा व लातेहार) के लिए चलंत चिकित्सा इकाई का अनुबंध हुआ है। इसमें प्रत्येक जिले में डॉक्टर सहित अनेक आधुनिक उपकरणों से लैश एक बस होगी, जो उपर्युक्त सभी जिलों के प्रत्येक सुदूर गांवों में जाकर सुविधा प्रदान करेगी। ज्ञात हो कि इससे पहले भी विकास भारती बिशुनपुर ने झारखंड सरकार के साथ मिलकर झारखंड के प्रत्येक जिलों में चलंत चिकित्सा इकाई परियोजना को सफलतापूर्वक संचालित किया है।

## पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत राज्य स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित, बोले

# अल्ट्रासाउंड मशीन का प्रखंड स्तर तक निरीक्षण हो : डॉ सान्याल

● रांची में नामकुम के आईपीएच सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
● एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, सिविल सर्जन एवं अन्य पदाधिकारी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**




### कन्या भ्रूण हत्या पर रोक के लिए है पीसीपीएनडीटी एक्ट

पीसीपीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम) कन्या भ्रूण हत्या एवं घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए बनाया गया है। यह अधिनियम गर्भधारण से पहले या बाद में बच्चे के लिंग का निर्धारण (लिंग चयन) करने पर प्रतिबंध लगाता है। प्रसवपूर्व निदान तकनीकों के दुरुपयोग को नियंत्रित करता है।

**रांची।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के तहत एकदिवसीय राज्य स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन आईपीएच सभागार नामकुम में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सभी जिलों से एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, सिविल सर्जन एवं असिस्टेंट नोडल ऑफिसर (पीसीपीएनडीटी) एवं अन्य पदाधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत में निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी-पीएनडीटी एक्ट) के प्रति प्रतिभागियों को जागरूक किया। साथ ही, कहा कि हर जिले में डीएसी (जिला परामर्शदातृ समिति) की मीटिंग हर 2 महीने पर किया जाना है। इसके लिए सभी जिलों के उपायुक्त के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हर दो महीने के अंतर्गत बैठक आयोजित करें। वहीं, प्रखंड स्तर पर भी एक टीम होनी चाहिए, जो प्रखंड स्तर पर अल्ट्रासाउंड मशीन का समय-समय पर निरीक्षण करे। डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने कहा, आज हमारे राज्य में रेडियोलॉजिस्ट की कमी है। कुछ लोग दूसरे राज्य का रजिस्ट्रेशन करके यहां प्रैक्टिस कर रहे हैं, जो सही नहीं है। ऐसे अल्ट्रासाउंड केंद्र एवं टेक्नीशियन का पता करके उन पर समुचित करवाई की जानी चाहिए। सभी जिला अल्ट्रासोनोग्राफी क्लिनिक को इंपैनेल्ड करने के पहले सही तरीके से जांच कर लें कि उन पर पहले से पीसीपीएनडीटी के तहत कोई कोर्ट केस तो नहीं है। साथ ही, यदि कोई व्यक्ति क्लिनिक खोलने के लिए आवेदन करता है, तो उसे 70 दिनों के अंदर अनुमति (परमिशन) दे देना है और यदि किसी कारणवश रिजेक्ट किया जाता है, तो उसका उचित कारण देना होगा। कार्यशाला में डॉ वैभव पाठक (लीड कंसल्टेंट पीएनडीटी सेक्शन, एमओएचएफडब्ल्यू) वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रतिभागियों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। साथ ही, कहा कि यदि किसी गर्भवती महिला का अल्ट्रासोनोग्राफी किया जाता है, तो उसका पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए। डॉ सत्यजीत कुमार ( स्टेट नोडल अफसर, नई दिल्ली) ने वर्चुअल मोड से कार्यशाला में जुड़ कर इस अधिनियम के तहत केस स्टडीज पर चर्चा किया एवं अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में स्टेट कोऑर्डिनेटर - पीसीपीएनडीटी रफत फरजाना ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ बनाने, उभरती चुनौतियों का समाधान करने, अनुपालन सुनिश्चित करने एवं अधिनियम के उद्देश्य की पूर्ति करने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। यह अधिनियम केवल एक कानूनी साधन नहीं, बल्कि भेद भावपूर्ण लिंग चयन के विरुद्ध एक नैतिक एवं सामाजिक सुरक्षा उपाय भी है। समाज या व्यक्ति विशेष का ध्यान लड़का और लड़की की बजाय एक स्वस्थ बच्चे पर होना चाहिए। इस कार्यशाला में डॉ लाल मांझी, राज्य नोडल पदाधिकारी आईईसी, डॉ पुष्पा, राज्य नोडल पदाधिकारी, मैटरनल हेल्थ एवं ट्रेनिंग कोषांग, डॉ एलआर पाठक, राज्य नोडल पदाधिकारी - चाइल्ड हेल्थ कोषाग ने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के सुदृढ़ीकरण के संबंध में अपने विचार साझा किए।

# बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद के मुद्दे पर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद से जुडी समस्या के समाधान में विलंब होने से हो रही कठिनाई पर आज चैंबर भवन में रांची नगर निगम किरायेदार संघ के पदाधिकारियों ने झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मिलकर, मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। यह बताया कि वर्षों पूर्व जब निगम का अस्तित्व भी नहीं था, तब व्यापारियों को बाजार टांड में बसाया गया था। तत्कालीन समय में निगम द्वारा आय में वृद्धि के उद्देश्य से दुकानदारों को केवल भूमि का आवंटन किया गया था जिसमें व्यापारियों ने स्वयं के खर्च से संरचना निर्माण किया। निगम द्वारा इस संबंध में निर्गत आदेश के आलोक में दुकानदार निर्माण के अनुरूप निगम को टैक्स का भुगतान भी करते हैं। बावजूद इसके लाइसेंसधारी के निधनोपरांत या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकानों के नाम ट्रांसफर नहीं किया जा रहा। जबरदस्ती पीनल और पीनल पर अतिरिक्त ब्याज लगाकर, इसका भुगतान नहीं करने पर दुकान सील करने की धमकी दी जा रही है जिससे व्यापारी मानसिक रूप से परेशान हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने जल्द ही नगर प्रशासक से मिलकर, इस समस्या का स्थाई समाधान कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि चैंबर द्वारा लगातार इस मामले में निगम से वार्ता के बावजूद इस मुद्दे का समाधान नहीं किया जाना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। अनावश्यक परेशानी से त्रस्त होकर व्यापारी आक्रोशित हैं। उन्होंने निगम से अपील की कि किराया समाधान जैसी लोकप्रिय योजना लाकर, वर्षों से चली आ रही समस्या के समाधान की पहल करनी चाहिए। साथ ही दुकानदारों को मालिकाना हक देने का निर्णय भी लिया जाना चाहिए, इससे निगम को करोडों रूपये राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

चर्चाओं के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि यदि 15 दिनों में निगम द्वारा इस मामले में तत्परता नहीं दिखाई गई तब व्यापारी निगम की कार्यप्रणाली के विरूद्ध आंदोलन को विवश होंगे। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, नगर निगम किरायेदार संघ के सचिव शंकर झा समेत अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर राम विलास पासवान को लोजपा ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड प्रदेश की ओर से बुधवार को पार्टी के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम पार्टी के डोरंडा स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण और गरीब, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के बाद क्षितिज मूक बधिर विद्यालय (तपोवन मंदिर के समीप, निवारनपुर) पहुंचे, जहां विशेष बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों को राम विलास पासवान के जीवन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को बिहार-एक, बिहारी फर्स्ट के जन-आंदोलनात्मक नैरेटिव के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में मजबूती के साथ लड़ेगी।

# धरना दे रहे आजसू नेताओं को पुलिस ने जबरन लिया हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू छात्र संघ के द्वारा स्कॉलरशिप के मुद्दे को लेकर मोराबादी स्थित कल्याण विभाग भवन का अनिश्चितकालीन घेराव किया गया। मैट्रिक के बाद मिलने वाली छात्रवृत्ति पिछले दो वर्षों से जारी नहीं की गई है, जिसे जारी करने की मांग की जा रही है। पुलिस ने धरना खत्म न करने पर आजसू नेताओं को देर रात हिरासत में ले लिया और बरियातू थाना ले गई। आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो एवं उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। आजसू नेताओं ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। प्रदेश के कई जिलों के छात्र-छात्राएं सुबह से ही कल्याण भवन के पास धरना प्रदर्शन में शामिल हुए, लेकिन पूरे दिन बीत जाने के बावजूद विभाग का कोई कर्मचारी उनके साथ वार्ता करने नहीं आया। जिसके कारण देर रात धरना जारी रखा गया था। इस अवसर पर आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने कहा, राज्य सरकार लगभग सभी मोर्चों पर विफल साबित हो चुकी है। गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का हक का पैसा चोरी कर उनके भविष्य को अंधकार में भेजा जा रहा है, और वही पैसा मैया सम्मान योजना में खर्च किया जा रहा है। जब छात्र अपने हक के लिए एकत्र हुए तो सरकार के इशारों पर पुलिस ने उन्हें जबरन गिरफ्तार कर लिया। यह अत्यंत घृणित कृत्य है। क्या हमारे प्रदेश में छात्र-छात्राएं अपने हक के लिए आवाज़ भी नहीं उठा सकते? धरना प्रदर्शन में आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो केंद्रीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, अमन साहू, रवि रौशन, योगेश कुमार, प्रियांशु तिवारी, राज दुबे, बिट्टू वर्मा, कमलेश महतो सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को लिखा पत्र

# प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री, नशीले कफ सिरप का कारोबार एवं इससे संबंधित विभागीय लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। अपने पत्र में बाबूलाल ने लिखा है, "मैं राज्य के स्वास्थ्य तंत्र और औषधि नियंत्रण से जुड़ी एक अत्यंत गंभीर स्थिति आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ, जो जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है और शासन-प्रशासन की जवाबदेही पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है। गत वर्ष गुजरात पुलिस की सूचना पर धनबाद के बरवाअड्डा क्षेत्र से प्रतिबंधित कफ सिरप 'फेन्सिडिल' का एक बड़ा भंडारण झारखंड पुलिस द्वारा जब्त किया गया था। यह सर्वविदित है कि इस सिरप का प्रयोग नशे के रूप में किया जाता है, फिर भी राज्य में इसका खुलेआम बिक्री जारी रहा। मामले को बाद में सीआईडी ने अपने हाथ में लिया, परंतु चौदह महीने बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। यह प्रशासनिक शिथिलता चिंताजनक है और नशे के फैलते जाल को मौन स्वीकृति देती प्रतीत होती है। इसके साथ ही, झारखंड उच्च न्यायालय में अरुण कुमार दुबे बनाम राज्य सरकार मामले में लंबित जनहित याचिका में भी यह गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि राज्य में नकली, नशीली और हानिकारक दवाओं की सप्लाई सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से हुई है। याचिका में दिनांक 11 फरवरी 2022 की तीन-सदस्यीय जाँच समिति की रिपोर्ट संलग्न है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से दर्ज है कि बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं खुले बाजार में बेची गईं, और संबंधित अधिकारियों ने इसमें जानबूझकर मामला दबाया। इस रिपोर्ट में तत्कालीन संयुक्त निदेशक सुरेंद्र प्रसाद, ड्रग कंट्रोलर ऋतु सहाय, और विशेष सचिव चंद्र किशोर उरांव के नाम भी उल्लिखित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि M/s Vishwanath Pharmaceuticals पर छापे के दौरान अवरोध पैदा किया गया, और कार्रवाई में विलंब के कारण लगभग 1.5 करोड़ रूपये के नकली कोडीन आधारित सिरप में से 1 करोड़ रूपये की दवा लखनऊ और वाराणसी के बाजारों में बेची जा चुकी थी। यह भी उल्लेखनीय है कि यह रिपोर्ट पिछले तीन वर्षों से विभागीय अभिलेखों में दबाई हुई है एवं उस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इस बीच, यह जानकारी सामने आई है कि जिन अधिकारियों पर मिलीभगत का संदेह है, उनमें से एक को हाल ही में प्रोन्नति दी गई है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिन पर जांच लंबित है या जिनका नाम संभावित दोषियों की सूची में है, उन्हें प्रोन्नति कैसे दी जा सकती है? यह बिल्कुल ही प्रशासनिक शुचिता के विपरीत है और आम जनता के विश्वास को भी चोट पहुंचाता है। उपरोक्त घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि राज्य के औषधि नियंत्रण तंत्र में गहरी अनियमितताएँ हैं। प्रतिबंधित सिरप और मनरूप्रभावी औषधियां हमारे युवाओं को नशे की गिरफ्त में ले रही हैं और इन दवाओं का अवैध व्यापार बांग्लादेश सीमा तक पहुंच चुका है। यह मामला अब राज्य की सीमाओं से परे एक अन्तर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का स्वरूप ले चुका है। अतः मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि दिनांक 11.02.2022 की तीन-सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर, उसकी अनुशंसाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए। पूरे प्रकरण की जांच प्रवर्तन निदेशालय तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जैसी केंद्रीय एजेंसियों से करवाई जाए, ताकि इसमें वित्तीय लेन-देन और नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला दोनों की सघन जांच हो सके। ड्रग कंट्रोलर कार्यालय की कार्यप्रणाली का स्वतंत्र ऑडिट किया जाए, और जिन अधिकारियों के विरुद्ध संदेह या जांच लंबित है, उन्हें जांच पूरी होने तक प्रशासनिक जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए। पिछले वर्ष बरवाअड्डा में जब्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। यह जनस्वास्थ्य, युवाओं के भविष्य और शासन की पारदर्शिता का प्रश्न है। जनता यह उम्मीद करती है कि सरकार इस प्रकरण को ईमानदारी और पारदर्शिता से देखेगी, ताकि झारखंड का स्वास्थ्य तंत्र फिर से लोगों के विश्वास के योग्य बन सके। आपसे निवेदन है कि इन तथ्यों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएं और इस मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।"

## पृष्ठ एक के शेष

**गिरिडीह में नक्सली दंपति शिवलाल...**

आत्मसमर्पण के बाद दोनों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत लाभ मिलेगा, जिसमें आर्थिक सहायता, रोजगार और सामाजिक पुनर्जनन के अवसर शामिल हैं। एसपी ने कहा कि शिवलाल के खिलाफ गिरिडीह, डुमरी, खुखरा, मधुबन, चतरोचट्टी और जगेश्वर विहार थानों में हत्या, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत 11 मामले दर्ज हैं। सरिता के खिलाफ भी कई नक्सली गतिविधियों से संबंधित प्राथमिकी दर्ज हैं।डॉ बिमल कुमार के अनुसार, यह आत्मसमर्पण नक्सली संगठन के लिए बड़ा झटका है। यह अन्य नक्सलियों एवं उग्रवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेगा। मेरा मानना है कि यह नक्सल और उग्रवादी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह कदम न केवल क्षेत्र में शांति स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण होगा, बल्कि सरकार की पुनर्वास नीति नक्सलियों एवं उग्रवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में प्रभावी साबित होगी। आत्मसमर्पण समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सुरजीत सिंह, सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट अमित सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डूमरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

गिरिडीह पुलिस के अनुसार, शिवलाल वर्ष 2017 में नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) से जुड़ा था। शुरू में उसने संतरी और रसोइए की भूमिका निभाई, फिर माओवादी कमांडर करम दा उर्फ विवेक का अंगरक्षक बना। वर्ष 2022 में उसे एरिया कमेटी सदस्य बनाया गया। इस दौरान उसने विस्फोटक और हथियार छिपाने, ग्रामीणों से लेवी वसूली और पुलिस पर हमले जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। दूसरी ओर, सरिता को वर्ष 2020 में जया द्वारा संगठन में भर्ती किया गया था। दोनों ने वर्ष 2024 में विवाह किया।

**पांच घंटे तक नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस...**

पांच घंटे तक इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसी दौरान कलावती देवी दर्द से कराहते हुए दिन में करीब 10:00 बजे दम तोड़ दिया। पीड़ित के परिजनों— कशिश कुमारी और कल्याण कुमारी ने भावुक होकर बताया, अगर समय पर एंबुलेंस आ जाती, तो हमारी भाभी की जान बच सकती थी। पांच घंटे तक फोन करते रहे, लेकिन सिर्फ भरोसा दिया गया। घटना के बाद जब मीडिया ने इस मामले में सिविल सर्जन शंभूनाथ चौधरी से बात की, तो उन्होंने बताया कि वे रांची में मीटिंग में हैं और घटना की जानकारी उन्हें मीडिया के माध्यम से मिली है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। महिला की मौत के बाद जब एंबुलेंस आखिरकार सदर अस्पताल पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। विनय रौतिया ने रिम्स जाने से इनकार करते हुए कहा, अब जाने का क्या मतलब... मेरी पत्नी नहीं रही, मैं यहीं इलाज कराऊंगा।

**भंडरा में सड़क हादसा तीन की...**

मृतकों की पहचान लोहरदगा निवासी कलाम अंसारी के पुत्र मिजान अंसारी, भंडरा थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी लालू उरांव के पुत्र मुकेश उरांव, और फगुआ उरांव के पुत्र प्रकाश उरांव के रूप में की गई है। वहीं, जोरी निवासी अबुल अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी और पंडरिया ग्राम निवासी फतलू उरांव के पुत्र गोविंदा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया की टेंशन बढ़ी, पूरी एशेज सीरीज से बाहर रह सकते हैं कमिंस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एशेज सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम की चिंता बढ़ गई है। 21 नवंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज से पहले कप्तान पैट कमिंस के फिट होने की संभावनाएं अब कम होती जा रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड उनकी जगह लेने के सबसे प्रबल दावेदार नजर आ रहे हैं।

इस सीरीज में मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन की अनुभवी तिकड़ी का खेलना लगभग तय है। कमिंस जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियाई दौरे पर खेलने के बाद से पीठ दर्द से जूझ रहे थे। हाल ही में हुए स्कैन से पता चला है कि कमिंस की पीठ की समस्या अभी तक ठीक नहीं हुई है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार, पैट कमिंस 5 मुकाबलों की एशेज सीरीज से बाहर हो सकते हैं, जिसकी शुरुआत 21 नवंबर को पर्थ में खेले जाने वाले मुकाबले के साथ होगी। ऐसे में स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ संभावित कार्यवाहक कप्तान बन सकते हैं। 32 वर्षीय तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पिछले हफ्ते स्कैन कराया ताकि टेस्ट सीजन से पहले अपनी प्रोग्रेस का पता लगा सकें। रिपोर्ट के अनुसार, उनका बैक स्ट्रेस 'हॉट स्पॉट' तो ठीक हो रहा है, लेकिन अभी तक स्थिति इतनी बेहतर नहीं है कि वह गेंदबाजी कर सकें। हालांकि, पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान ने गेंदबाजी के लिए जल्द वापसी की उम्मीद जताई थी।


कमिंस ने टेस्ट सीजन से पहले अपनी पीठ की स्थिति जानने के लिए स्कैन कराया

## वुहान ओपन: हैली बैप्टिस्ट को शिकस्त देकर तीसरे दौर में जेसिका पेगुला

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने लगातार दूसरी बार 'वुहान ओपन' के तीसरे दौर में प्रवेश किया है। उन्होंने हमवतन हैली बैप्टिस्ट को तीन सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 4-6, 7-6 (6) से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2 घंटे 55 मिनट तक चला। पेगुला का लक्ष्य 23 वर्षीय बैप्टिस्ट के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल करना था। जीत के बाद उन्होंने कहा, "यह मुकाबला बहुत मुश्किल रहा। आप जानते हैं कि मेरे पास मैच प्वाइंट थे, और फिर बैप्टिस्ट ने अच्छा खेलना शुरू कर दिया। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने कैसे खुद को संभाला, क्योंकि मुझे लगता है कि मैं मैच गंवा सकती थी, लेकिन मैंने डटकर मुकाबला किया। यह एक रोमांचक मैच था। उल्लेखनीय है कि पेगुला और बैप्टिस्ट तीन साल से भी ज्यादा समय बाद पहली बार कोर्ट पर आमने-सामने आई थीं। यह मैच पेगुला का लगातार पांचवां तीन सेटों का मुकाबला था। अब जेसिका पेगुला का सामना नौवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी एन ली को हराया था। दूसरी ओर, कोको गॉफ ने मोयुका उचिजिमा को 6-1, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला सिर्फ 51 मिनट तक चला। वर्ल्ड नंबर-3 कोको गॉफ का प्रदर्शन शानदार रहा, जिन्होंने 13 में से 12 गेम जीते और 77 में से 55 अंक हासिल किए। अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया।


पेगुला अब नौवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से भिड़ेंगी

## विव रिचर्ड्स ने 'गोल्फ डे' पर वेस्टइंडीज क्रिकेट के दिग्गजों का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रहे विव रिचर्ड्स ने बुधवार को नई दिल्ली में क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) द्वारा आयोजित अपने पहले गोल्फ डे में क्रिकेट के दिग्गजों और खेल जगत की हस्तियों के एक विशिष्ट समूह का नेतृत्व किया। विव रिचर्ड्स के साथ ब्रायन लारा और रिची रिचर्डसन के साथ ही मौजूदा टीम के कप्तान रोस्टन चेज और शाई होप मौजूद थे। इस आयोजन ने विभिन्न खेल विधाओं के दिग्गजों और नेताओं को सीमाओं से परे जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

यह पहल अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से जुड़ने और विभिन्न खेलों में सहयोग को बढ़ावा देने के क्रिकेट वेस्टइंडीज के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जो दर्शाता है कि कैसे क्रिकेट के मूल टीम वर्क, लचीलापन और सम्मान स्वाभाविक रूप से खेल के अन्य क्षेत्रों में भी फैल सकते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ क्रिस डेहरिंग ने कहा, "क्रिकेट वेस्टइंडीज हमेशा से खेल के महान संस्थानों में से एक रहा है, जो हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों के गौरव, विरासत और बेजोड़ भावना पर आधारित है। आगे बढ़ते हुए, हमारा ध्यान खेल के लिए गहरे वैश्विक संबंध और नए अवसर बनाकर उस विरासत को और मजबूत करने पर है। दिल्ली में आयोजित यह गोल्फ दिवस कार्यक्रम इसी दिशा में एक रोमांचक कदम है। हम अपने दीर्घकालिक साझेदारों, टीसीएम स्पोर्ट्स के आभारी हैं। जिन्होंने हमारे विजन में निरंतर विश्वास बनाए रखा और इस तरह की पहल को संभव बनाने में हमारी मदद की।


टीसीएम स्पोर्ट्स ने इस पहल को सफल बनाने में सहयोग किया

### संजू सैमसन ने अब बयां किया अपना दर्द, कहा -

## 10 साल में खेले अब तक सिर्फ 40 इंटरनेशनल मैच


संजू ने कहा कि टीम इंडिया की जर्सी में किसी भी भूमिका को स्वीकार करना गर्व की बात है।

**एजेंसी । दुबई**

भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जब कुछ दिन पहले वनडे और टी20 सीरीज स्क्वाड का ऐलान किया गया तो उसमें वनडे टीम में ध्रुव जुरेल को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिली, जिसमें संजू सैमसन को नजरअंदाज किए जाने का चयनकर्ताओं का ये फैसला बिल्कुल ही सभी की समझ से परे था। संजू सैमसन ने साल 2015 में पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना मुकाबला खेला था, जिसके बाद से अब तक वह वनडे और टी20 दोनों में मिलाकर सिर्फ 50 से अधिक मुकाबले ही खेलने में कामयाब हो सके हैं। संजू सैमसन ने सीएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स 2025 में कुछ दिन पहले गए थे, जहां पर उनसे लगातार बैटिंग ऑर्डर बदले जाने को लेकर जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब आप भारतीय टीम की जर्सी में होते हैं तो फिर किसी भी चीज के लिए आप मना नहीं कर सकते हैं। इस जर्सी को पहनने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है।



### सिराज के रेटिंग पॉइंट्स

**सिराज के 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं**

**भारतीय गेंदबाजों को फायदा**

मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वें स्थान पर, कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा



1. **बुमराह ने टॉप पोजिशन कायम रखी:** जसप्रीत बुमराह रैंकिंग में अपनी स्थिति बनाए रखे हैं
2. **कुलदीप यादव की रैंकिंग:** कुलदीप यादव 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर

# आईसीसी रैंकिंग जारी- जसप्रित बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज

### सिराज 12वें स्थान पर, कुलदीप ने 7 वें पर, बैटर्स में जायसवाल को नुकसान

**एजेंसी । दुबई**

आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे भारतीय गेंदबाजों को फायदा हुआ है, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपनी टॉप पोजिशन कायम रखी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वीं रैंक पर आ गए हैं। उनके 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं। स्पिनर कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर हैं।

**जायसवाल को नुकसान, राहुल को 4 स्थान का फायदा :** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को बैटर्स की रैंकिंग में 2 पायदान का नुकसान हुआ है। वे 779 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 7वें स्थान पर आ गए हैं। जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेली गई इकलौती पारी में 36 रन ही बना सके थे। एक अन्य भारतीय ओपनर केएल राहुल को 4 स्थानों का फायदा हुआ है। वे 606 अंक के साथ 35वें स्थन पर आ गए हैं। राहुल ने कैरेबियाई टीम के खिलाफ 100 रन की शतकीय पारी खेली थी। नाबाद 104 रन की पारी खेलने वाले रवींद्र जडेजा 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 25वें स्थान पर आ गए हैं। उन्हें 6 पायदान का फायदा हुआ है। यह जडेजा की करियर बेस्ट रैंकिंग है। इस सूची में भारतीय कप्तान शुभमन गिल 13वें स्थान पर यथावत हैं।

### जडेजा टॉप ऑलराउंडर, सुंदर को **चार स्थान** का फायदा...



ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रवींद्र जडेजा में 187 हफ्ते से टॉप पर कायम हैं। उनके 430 रेटिंग पॉइंट्स हैं। रवींद्र जड़ेजा पहली बार 9 मार्च 2022 को दुनिया के नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर बने थे, जिसमें उन्होंने जेसन होल्डर को पछाड़ा था। जडेजा के अलावा, वॉशिंगटन सुंदर को 4 स्थान का फायदा हुआ है। वे 11वें स्थान पर आ गए हैं। सुंदर के पास 205 रेटिंग पॉइंट्स हैं। सुंदर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 विकेट झटके थे।

### राशिद खान टी-20 के नंबर-2 गेंदबाज, वरुण टॉप पर



अफगानिस्तानी स्पिनर राशिद खान को टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। वे 6 स्थानों की छलांग के साथ नंबर-2 पर आ गए हैं। राशिद के 710 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वे वरुण चक्रवर्ती से पीछे हैं। भारतीय स्पिनर वरुण चकवर्ती 803 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर कायम हैं। इस सूची में भी कुलदीप यादव को फायदा हुआ है और वे 11वें स्थान पर आ गए हैं। कुलदीप के 648 रेटिंग पॉइंट्स हैं।



## नोएल टाटा के विरुद्ध मेहली गुट के साजिश से हिलने लगा 16 लाख करोड़ का टाटा साम्राज्य

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** 86 वर्ष की उम्र में रतन टाटा के दिवंगत होने के बाद खींचतान में किसी तरह से एक वर्ष बीतते -बीतते 16 लाख करोड़ रुपये की टाटा कंपनी समूह साम्राज्य के ट्रस्टियों के बीच चल रही कलह इतनी बढ़ गयी है कि सुलह कराने के लिए केन्द्र सरकार की शरण लेनी पड़ी और दूसरे नंबर के पावरफुल अमित शाह के कार्यालय में जाकर उनके सामने सब कुछ बताना पड़ा। जहां सुनने को मिला - '16 लाख करोड़ रुपये की कंपनी पर असर नहीं पड़े, इसके लिए घरेलू झगड़े जल्दी सुलझावें'। इससे जाहिर होता है कि भारत के सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक, टाटा समूह , इन दिनों किस तरह से आंतरिक कलह की चपेट में है। 7 अक्टूबर 2025 को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर एक 45 मिनट की गुप्त बैठक हुई, जहां टाटा ग्रुप के शीर्ष लोग उपस्थित थे । दिग्गज उद्योगपति के निधन के बाद टाटा ट्रस्ट्स ने एक नया नियम लागू किया- टाटा संस बोर्ड पर नामित डायरेक्टर्स को 75 साल की उम्र के बाद हर साल दोबारा नियुक्त किया जाएगा। यह फैसला टाटा ग्रुप की संरचना को ध्यान में रखते हुए लिया गया था, क्योंकि टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस की 66% हिस्सेदारी है, जो पूरे ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है। ट्रस्ट्स में कुल 7 ट्रस्टी हैं, और विवाद की जड़ यहीं है। ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा, जो रतन टाटा के सौतेले भाई हैं, और वाइस-चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने इस नियम को सख्ती से लागू करने की कोशिश की। लेकिन चार अन्य ट्रस्टी—मेहली मिस्त्री, प्रामित झावेरी, जहांगीर एचसी जहांगीर और डेरियस खंबाटा—इसके खिलाफ खड़े हो गए।11 सितंबर को हुई ट्रस्ट्स की बैठक में चिंगारी भड़की। एजेंडे में पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह को टाटा संस बोर्ड पर नामित डायरेक्टर के रूप में दोबारा नियुक्त करने का प्रस्ताव था। सिंह, जो 77 साल के हैं, 2012 से इस पद पर थे। नोएल टाटा और श्रीनिवासन ने रेजोल्यूशन पेश किया, लेकिन बाकी चार ट्रस्टीज ने इसे ठुकरा दिया। बहुमत उनके पास था, इसलिए प्रस्ताव गिर गया। सिंह बैठक में आए ही नहीं, और बाद में उन्होंने खुद इस्तीफा दे दिया। यह घटना सिर्फ एक नियुक्ति का मसला नहीं थी; यह सत्ता के संतुलन की लड़ाई थी। समूह के कुछ लोगों का मानना है कि मेहली मिस्त्री के नेतृत्व वाले ये चार ट्रस्टी नोएल टाटा के नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। वे खुद को "सुपर बोर्ड" की तरह देखते हैं, जो महत्वपूर्ण फैसलों में ज्यादा दखल चाहते हैं, जैसे बोर्ड मीटिंग के मिनट्स तक पहुंच और डायरेक्टर चयन।

मेहली मिस्त्री का कनेक्शन शापूरजी पलोनजी (एसपी) फैमिली से है, जो टाटा संस में 18.37% हिस्सेदारी रखती है। यह फैमिली लंबे समय से टाटा ग्रुप से जुड़ी रही है, लेकिन रिश्तों में खटास आई है। मेहली ने आरोप लगाया कि उन्हें महत्वपूर्ण फैसलों से बाहर रखा जा रहा है। विवाद का केंद्र टाटा संस बोर्ड की खाली सीटें हैं—वर्तमान में चार सीटें खाली हैं। बोर्ड में फिलहाल एन चंद्रशेखरन (चेयरमैन), नोएल टाटा, वेणु श्रीनिवासन, हरीश मैनवानी और सौरभ अग्रवाल शामिल हैं। मार्च 2024 तक टाटा संस की मार्केट वैल्यू 27.85 लाख करोड़ थी, जबकि पूरे ग्रुप की वैल्यू करीब 15.9 लाख करोड़ है। इतनी बड़ी कंपनी में अस्थिरता का मतलब है लाखों कर्मचारियों, निवेशकों और अर्थव्यवस्था पर असर।इस कलह ने सरकार को चिंतित कर दिया। 7 अक्टूबर की बैठक में अमित शाह और निर्मला सीतारमण ने टाटा नेतृत्व से कहा कि "जो भी करना पड़े, स्थिरता बहाल करो।

10 अक्टूबर की ट्रस्ट्स बोर्ड मीटिंग निर्णायक साबित हो सकती है। अगर विवाद नहीं सुलझा, तो ग्रुप की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। लेकिन उम्मीद की किरण भी है। सूत्रों के मुताबिक, टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस एसपी ग्रुप को अपनी 4-6% हिस्सेदारी बेचने का ऑफर दे सकते हैं। एसपी ग्रुप फिलहाल 30,000 करोड़ के कर्ज में डूबा है, और यह डील उन्हें राहत दे सकती है। अगर यह सुलह हो गई, तो वर्षों पुराना विवाद खत्म हो सकता है। फिलहाल, यह याद दिलाता है कि बड़े साम्राज्यों में छोटे झगड़े भी कितने बड़े परिणाम ला सकते हैं।


टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा व वाइस-चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन चाहते हैं नामित डायरेक्टर्स को 75 साल की उम्र के बाद हर साल दोबारा नियुक्त किया जाए

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, ऑटो और रियल्टी स्टॉक्स में हुई मुनाफावसूली



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 153.09 अंक या 0.19 प्रतिशत की बिकवाली के साथ 81,773.66 और निफ्टी 62.15 अंक या 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,046.15 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 422.65 अंक या 0.73 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 57,866.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 92.80 अंक या 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,890.60 पर था। बाजार को नीचे खींचने का काम ऑटो और रियल्टी इंडेक्स ने किया। निफ्टी ऑटो (1.53 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (1.83 प्रतिशत), निफ्टी इन्फ्रा (0.63 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (1.72 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (1.08 प्रतिशत) और निफ्टी एफएमसीजी (0.50 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी (1.51 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल (0.71 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ।

## भारत का हाइड्रोजन युग हो गया शुरू : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत का हाइड्रोजन युग शुरू हो गया है। देश का लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का है, जो ग्लोबल मार्केट में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करेगा। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान 3.5 डॉलर प्रति किलोग्राम से घटकर 3 डॉलर प्रति किलोग्राम से नीचे आने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "अगर कीमतें कम होती हैं, तो भारत बड़े पैमाने पर हरित हाइड्रोजन को अपना सकता है, जिससे अंततः हमारी आयात निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत एक विश्वसनीय हाइड्रोजन हब का निर्माण कर रहा है, जो विकास, निर्यात और एक स्वच्छ भविष्य को बढ़ावा देगा।

## दुनिया भर में भारत के फिनटेक का बढ़ रहा महत्व

**मुंबई (आईएएनएस)।** ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 को लेकर विमेंस वर्ल्ड बैंकिंग, साउथ एशिया रिजनल हेड कल्पना अजायन ने बुधवार को कहा कि जब हम फाइनेंशियल इंक्लूजन की बात करते हैं तो ग्लोबल फिनटेक जैसे मंच को विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग करने के एक महान अवसर के रूप में देखा जाता है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा, "पीएम मोदी का दृष्टिकोण है कि वित्तीय समावेशन केवल महिलाओं का समावेशन नहीं होना चाहिए।

## 2,000 छात्रों के साथ संवाद: गौतम अदाणी ने छात्रों से साझा किया 'डेवलपिंग इंडिया'

**एजेंसी । मुंबई**

गौतम अदाणी ने व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के हमारे निमंत्रण को ससम्मान स्वीकार किया है। वे 'सेलिब्रेट सिनेमा वीक' के अवसर पर शुक्रवार, 10 अक्टूबर को हमारे छात्रों से संवाद करेंगे," व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल की अध्यक्ष मेघना घोष पुरी ने कहा, "हम सभी उनके विचार सुनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी भी अदाणी के साथ इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी। इस दौरान कैंपस में मीडिया और एंटरटेनमेंट क्षेत्र में नवीनतम एआई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।



संस्थापक और चेयरमैन सुभाष घई ने कहा, "हमारे लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि हम गौतम अदाणी का स्वागत कर रहे हैं, जिनकी सफलता की कहानी आज भारत की प्रगति का प्रतीक है। हम गौतम अदाणी और प्रीति अदाणी के आभारी हैं जिन्होंने हमारा निमंत्रण स्वीकार किया।

हमारे छात्रों के साथ उनका संवाद और राष्ट्र निर्माण में 'सॉफ्ट पावर' की भूमिका पर उनके विचार हम हमेशा याद रखेंगे। व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल 8 से 10 अक्टूबर तक 'सेलिब्रेट सिनेमा वीक 2025' मना रहा है, जिसमें 40 से अधिक वर्कशॉप्स आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष का विशेष आकर्षण राज कपूर और गुरु दत्त की जन्मशती को समर्पित है, जिसमें "भारतीय सिनेमा में कविता और संगीत का महत्व" विषय पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।